राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



03 भाजपा के लिए कानून व्यवस्था कोई मुद्दा नहीं ...

ट्रंप के वकीलों ने न्यायाधीश से घूस के आरोपों में उनकी दोषसिद्धि को ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 129 | नई दिल्ली, गुरुवार, 05 दिसंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 36°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	71,105
चांदी	81,500
सेंसेक्स	78,886
निफ्टी	24,117

पत्रकारों से बातचीत में राहुल गांधी ने कहा मुझे अकेले भी संभल नहीं जाने दिया जा रहा है

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के काफिले को बुधवार को गाजीपुर बार्डर पर रोक लिया गया। इस पर उन्होंने कहा कि वह पुलिस के साथ अकेले संभल जाने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें इसकी भी अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्हें संभल जाने से रोका जाना लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनके विशेषाधिकारों का हनन है। हम संभल जाने की कोशिश कर रहे हैं, मगर पुलिस मना कर रही है। लोकसभा में नेता विपक्ष के नाते मेरा अधिकार बनता है कि मैं वहां जा सकता हूं। मगर तब भी वह मुझे रोक रहे हैं। गाजीपुर बॉर्डर पर पत्रकारों से बातचीत में राहुल गांधी ने कहा- 'मैंने कहा है कि मैं अकेला जाने को तैयार हूं... पुलिस के साथ जाने को तैयार हूं मगर उन्होंने वह भी बात नहीं मानी और अब कह रहे हैं कि कुछ दिन बाद वह हमें जाने देंगे।' राहुल ने संविधान की प्रति दिखाते हुए कहा, 'यह (संभल जाने से रोका जाना) लोकतंत्र के खिलाफ है। हम संभल जाकर देखना चाहते हैं कि वहां क्या हुआ। हम लोगों से मिलना चाहते हैं लेकिन मेरा जो संवैधानिक अधिकार है, मुझे उससे वंचित किया जा रहा है। यह संविधान को खत्म करने वाला हिंदुस्तान है। अंबेडकर जी के संविधान को खत्म करने वाला हिंदुस्तान है।

मगर हम लड़ते रहेंगे।'

प्रियंका गांधी ने जताई नाराजगी

राहुल के साथ मौके पर मौजूद उनकी बहन और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी नाराजगी जाहिर की। प्रियंका ने कहा कि संभल में जो हुआ, वह गलत है। राहुल जी नेता प्रतिपक्ष हैं। उनके संवैधानिक विशेषाधिकार हैं जो बाकी लोगों से अलग हैं। उनको रोका नहीं जा सकता। राहुल जी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में संवैधानिक अधिकार मिला है।

गाजीपुर बॉर्डर पर लगी बेरिकेडिंग

गौरतलब है कि हिंसा प्रभावित संभल में पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने जा रहे राहुल गांधी को रास्ते में दिल्ली-गाजीपुर सीमा पर रोक दिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि राहुल गांधी, प्रियंका और अन्य वरिष्ठ नेता गाजीपुर सीमा पर पहुंचे। उनके काफिले को बेरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

संभल में 10 दिसंबर तक बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक

गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि संभल में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (निषेधाज्ञा) संभल में 31 दिसंबर तक लागू रहेगी। इसके साथ ही, संभल में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक शनिवार को खत्म हो रही थी जिसे जिलाधिकारी ने बढ़ाकर 10 दिसंबर कर दिया है। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल हिंसा प्रभावित संभल का दौरा करने के लिये रवाना हुआ था।

संभल हिंसा में गई थी 4 लोगों की जान

आपको बता दें कि संभल की एक अदालत ने 19 नवंबर को शहर के कोट पूर्वी मोहल्ले में स्थित मुगलकालीन जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश दिया था। उसी दिन एक टीम ने वहां का सर्वेक्षण किया था। तभी से विवाद पैदा हो गया था। उसके बाद 24 नवंबर को दोबारा सर्वेक्षण के दौरान भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी। अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश उस याचिका पर दिया है जिसमें दावा किया गया है कि जिस जगह पर जामा मस्जिद स्थित है वहां पहले कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था।

विस में सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के विधायक दल के नेता चुने गये

फडणवीस बनेंगे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, आज लेंगे शपथ

भाजपा के पर्यवेक्षक के रूप में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की मौजूदगी में भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल और सुधीर मुनगंटीवार ने पार्टी के 132 विधायकों के सामने श्री फड़नवीस के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका पंकजा मुंडे एवं कई अन्य विधायकों ने पूरे उत्साह से अनुमोदन किया। श्री रूपाणी ने विधायकों से पूछा कि यदि उनके मन में किसी और के नाम का प्रस्ताव है तो वे रखें लेकिन सभी विधायकों ने एकस्वर से फड़नवीस के नाम पर सहमति जतायी। इसके बाद फड़नवीस को नेता चुने जाने की घोषणा की गयी।

प्रात : किरण/एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महायुति के नेता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेन्द्र फड़नवीस राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। श्री फड़नवीस को आज यहां विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के विधायक दल का नेता चुना गया। महायुति में शामिल शिवसेना के नेता एवं निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजीत पवार ने पहले ही भाजपा के मुख्यमंत्री के साथ एकजुटता से काम करने की घोषणा की है।

भाजपा के पर्यवेक्षक के रूप में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की मौजूदगी में भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल और सुधीर मुनगंटीवार ने पार्टी के 132 विधायकों के सामने श्री फड़नवीस के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका पंकजा मुंडे एवं कई अन्य विधायकों ने पूरे उत्साह से अनुमोदन किया। श्री रूपाणी ने विधायकों से पूछा कि यदि उनके मन में किसी और के नाम का प्रस्ताव है तो वे रखें लेकिन सभी विधायकों ने एकस्वर से फड़नवीस के नाम पर सहमति जतायी। इसके बाद फड़नवीस को नेता चुने जाने की घोषणा की गयी। नेता चुने जाने के बाद सीतारमण, रूपाणी, चंद्रकांत पाटिल, मुनगंटीवार, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े आदि नेताओं ने फड़नवीस का अभिनंदन किया और उन्हें राज्य के मुख्यमंत्री होने की बधाई दी। श्री फड़नवीस ने भी विनम्रता पूर्वक सबका आभार ज्ञापन किया। सूत्रों के अनुसार महायुति सरकार का शपथग्रहण समारोह गुरुवार को आजाद मैदान में होने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री के साथ शिवसेना एवं राकांपा से दो उप मुख्यमंत्री भी शपथ ले सकते हैं।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 288 सीटों में से महायुति को 230 सीटें प्राप्त हुई हैं जिनमें से भाजपा ने 132 सीटें जीती है, तो श्री एकनाथ की अगुवाई वाली शिवसेना को 57 और अजीत पवार की राकांपा को 41 सीटें मिली हैं। इस तरह भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और इस बार मुख्यमंत्री पद भाजपा को स्वाभाविक रूप से मिलना तय हुआ है।

महायुति में कोई छोटा और बड़ा नहीं : शिंदे

शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने कहा कि आज हमने राज्यपाल को मिलकर सरकार बनाने की अनुमति मांगी है। राज्यपाल महोदय ने अनुमति दे दी है। बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह होगा। देवेंद्र मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। हमने उनको समर्थन दिया है। उनको शुभकामनाएं। पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह को मैंने फैसला बता दिया था। मैंने पूर्ण समर्थन की घोषणा पहले ही कर दी थी। इतिहास में इतना भारी बहुमत किसी को नहीं मिला है। महाराष्ट्र की बहनों ने हमारा साथ दिया। हमने ढाई साल जनता के लिए काम किया। एमवीए ने जो काम रोके उसे हम आगे ले गए। हमने कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया। डबल इंजन की सरकार से जनता को फायदा हुआ। महायुति में कोई छोटा और बड़ा नहीं है। हम एक टीम के तौर पर काम करेंगे। नई सरकार को अधिक काम करना होगा। एनसीपी नेता अजित पवार ने कहा कि हम सर्वोत्तम राज्य बनाने का प्रयास करेंगे। दिल्ली मैं किसी निजी काम से गया था। हम अच्छी सरकार देंगे। मैं तो शपथ लेने वाला हूं।

मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री लेंगे शपथ

मुंबई। शिवसेना नेता उदय सामंत ने बुधवार को कहा कि पांच दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में केवल मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री ही शपथ लेंगे। सामंत ने कहा कि मंत्रिमंडल और विभागों के संबंध में निर्णय बाद में लिया जाएगा। सामंत ने कहा कि शिवसेना कार्यकताओं, विधायकों और सांसदों की इच्छा है कि महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को उपमुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए। उन्होंने संकेत दिए कि शिंदे शायद इस पद के लिए उत्सुक नहीं हैं। शपथ ग्रहण समारोह बृहस्पतिवार को दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में होगा और इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कई मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे। सामंत ने संवाददाताओं से कहा, मेरे पास अब जो जानकारी है उसके अनुसार मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री शपथ लेंगे।

लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरना चुनौतीपूर्ण होगा: फडणवीस

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी नेता देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। फडणवीस ने बुधवार को नई सरकार के समक्ष चुनौतियों को रेखांकित किया और कहा कि लोगों की उम्मीदों को पूरा करना असली चुनौती होगी। बृहस्पतिवार को शपथ ग्रहण समारोह से पहले राज्य भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उन पर भरोसा जताने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। हमें और कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। लोगों ने हमसे जो उम्मीदें की हैं उसे पूरा करना चुनौतीपूर्ण होगा। लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए हमें अपने सहयोगियों के साथ मिलकर काम करना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए फडणवीस ने कहा कि उन्होंने मुझ जैसे व्यक्ति को जिसने पार्टी कार्यकर्ता के रूप में काम किया है, उसे तीसरी बार इस भूमिका में सेवा करने के लिए चुना। एक हैं तो सेफ हैं और मोदी हैं तो मुमकिन है।

घबराइए मत, हर शिकायत पर कराएंगे प्रभावी कार्रवाई : योगी

प्रात : किरण/एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद किया। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा, घबराइए मत, हर शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराया जाएगा। सरकार सबकी समस्या दूर करने को लेकर संकल्पित है ह्व जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है।

प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। इस दौरान उन्होंने अफसरों से कहा कि हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए जिससे उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

केजरीवाल का सनसनीखेज खुलासा, सीएम रहते मेरे ऊपर दिल्ली की बिजली कंपनियों को अडानी को सौंपने का बनाया गया दबाव

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को विधानसभा में भाजपा और अडानी के बीच बिजली गठजोड़ पर बड़ा खुलासा किया। उन्होंने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि जब मैं दिल्ली का मुख्यमंत्री था, तब मेरे ऊपर दबाव डाला गया कि दिल्ली की बिजली कंपनियों को अडानी को सौंप दूं। अगर मैंने ऐसा कर दिया होता तो आज न तो दिल्ली सरकार सब्सिडी दे पाती और ना ही लोग बिजली का बिल भर पाते। इसलिए अगर गलती से भी दिल्ली में भाजपा जीत गई तो ये कैबिनेट की पहली बैठक में ही दिल्ली की बिजली कंपनियों को अडानी को सौंप देंगे और बिजली बहुत महंगी हो जाएगी। मेरी भाजपा को चुनौती है कि वह दिल्ली चुनाव से पहले एलान करे कि अगर उसकी सरकार बनती है तो अडानी को बिजली कंपनियां नहीं सौंपेगी।

संक्षिप्त खबरें

राष्ट्रपति मुर्मू ने श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की

पुरी, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को भगवान जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति ने ग्रांड रोड में एक किलोमीटर की दूरी पैदल तय की। जब राष्ट्रपति आम श्रद्धालु की तरह सड़क से जा रही थीं तो सैकड़ों लोग सड़क के दोनों ओर खड़े हो गए और उनका अभिवादन किया। मंदिर को कुछ समय के लिए आम लोगों के वास्ते बंद कर दिया गया ताकि राष्ट्रपति मंदिर के गर्भगृह में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के दर्शन सुलभता से कर सकें। राष्ट्रपति के साथ उनकी बेटी इतिश्री मुर्मू, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उपमुख्यमंत्री प्रवती परिदा, पुरी के सांसद संबित पात्रा और अन्य लोग मौजूद थे। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मुर्मू ने कहा, मैंने भगवान से कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की साथ ही देश के लोगों के लिए भी प्रार्थना की तथा उनकी खुशहाली की कामना की। वह मंदिर में करीब 30 मिनट रहीं। मंदिर पहुंचने पर श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति को दर्शन कराने वाले सेवादार राजरतन महापात्रा ने बताया कि उन्होंने गर्भगृह में मत्था टेका और आरती की।

महत्वपूर्ण खबर

नौसेना की प्रतिबद्धता राष्ट्र की सुरक्षा, समृद्धि सुनिश्चित करती है: मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नौसेना दिवस पर भारतीय नौसेना की सराहना की और कहा कि उसकी प्रतिबद्धता राष्ट्र की सुरक्षा, संरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती है। वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ऑपरेशन ट्राइडेंट में नौसेना की उपलब्धियों की याद में नौसेना दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य भारतीय नौसेना के अद्वितीय साहस, कार्यकुशलता और देश की रक्षा में उसके योगदान को याद करना है।

इसरो यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा-3 यान का प्रक्षेपण करेगा

श्रीहरिकोटा (आंध्रप्रदेश)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के समर्पित वाणिज्यिक मिशन, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के प्रोबा-3 अंतरिक्ष यान के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती शुरू हो गई है, जो भारत की अंतरिक्ष यात्रा में मील का एक गौरवशाली पत्थर है। इसका प्रक्षेपण बुधवार को होना है। अंतरिक्ष एजेंसी ने यह जानकारी दी। इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) क्लाइंट वाहनों का प्रक्षेपण करेगी। एनएसआईएल ने अपने नवीनतम प्रक्षेपण के लिए ईएसए से ऑर्डर हासिल किया है, जो एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मिशन होगा।

रेल संशोधन विधेयक, 2024 लोकसभा में पेश

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 1989 के रेलवे अधिनियम के साथ 1905 के भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम को एकीकृत करने के प्रावधान वाला एक विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किया और कहा कि इसके पारित होने से रेलवे की क्षमता में इजाफा होगा। वैष्णव ने रेल संशोधन विधेयक, 2024 को सदन में चर्चा और पारित करने के लिए पेश किया। उन्होंने कहा कि रेलवे शुरूआत में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) का एक अंग होता था और 1905 में इसे पीडब्ल्यूडी से अलग कर नया रेलवे बोर्ड बनाया गया। वैष्णव ने कहा कि 1989 में नया रेलवे अधिनियम कानून लाया गया, लेकिन उसमें 1905 के रेलवे बोर्ड कानून को एकीकृत नहीं किया गया जो कि उसी समय किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा, रेलवे

अधिनियम 1989 में भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम 1905 को एकीकृत करने के लिए ही यह विधेयक लाया गया है। इस विधेयक के पारित होने से रेलवे की क्षमता और विकास में इजाफा होगा। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल में रेलवे ने बहुत विकास किया है। वैष्णव ने बताया कि गरीब यात्रियों के लिए इस महीने के अंत तक रेलगाड़ियों में एक हजार सामान्य कोच जोड़े जाएंगे और कुल मिलाकर 10 हजार नए डिब्बे जोड़ने का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में रेलवे का बजट बढ़ा है, रेलवे का विद्युतीकरण बढ़ा है तथा इसका नेटवर्क भी तेजी से बढ़ रहा है।

कूटनीतिक | जयशंकर का बयान पूरा होने के बाद, कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी सदस्यों ने स्पष्टीकरण पूछने की अनुमति मांगी

सतत कूटनीतिक साझेदारी वाले हालिया घटनाक्रम से भारत-चीन संबंधों में सुधार हुआ : जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने सीमा मुद्दे के निष्पक्ष और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए चीन से संपर्क बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताते हुए बुधवार को कहा कि सतत कूटनीतिक साझेदारी को दशार्ने वाले हालिया घटनाक्रम ने दोनों देशों के संबंधों में कुछ सुधार किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह भी कहा कि दोनों देशों के संबंध वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की मयार्दा का सख्ती से सम्मान करने और समझौतों का पालन करने पर निर्भर होंगे।

भारत-चीन संबंधों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और गलवान घाटी की झड़प के बारे में विदेश मंत्री ने राज्यसभा में एक बयान में कहा कि 2020 के घटनाक्रम का भारत और चीन के संबंधों पर असर पड़ा जो असामान्य रहे, जब चीन की कार्रवाइयों की वजह से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बाधित हुई। जयशंकर का बयान पूरा होने के बाद, कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी सदस्यों ने

स्पष्टीकरण पूछने की अनुमति मांगी जिसे सभापति जगदीप धनखड़ ने अस्वीकार कर दिया। इस पर आपत्ति जताते हुए विपक्षी सदस्यों ने राज्यसभा से बहिर्गमन किया। जयशंकर ने अपने बयान में कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद, हमारे सैन्य बलों ने कोविड काल में गलवान मामले में समुचित प्रतिक्रिया दी थी। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद भारत और चीन के संबंध निचले स्तर पर पहुंच गए थे। यह झड़प पिछले कुछ दशकों में दोनों पक्षों के बीच हुई सबसे भीषण सैन्य झड़प थी। जयशंकर ने कहा, सतत कूटनीतिक साझेदारी को दशार्ने वाले हालिया घटनाक्रम ने भारत-चीन संबंधों को कुछ सुधार की दिशा में बढ़ाया है।

विदेश मंत्री ने कहा, हम चीन के साथ इस दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि सीमा मुद्दे पर समाधान के लिए निष्पक्ष और परस्पर स्वीकार्य रूपरेखा पर पहुंचें। उन्होंने कहा, आने वाले दिनों में हम सीमा क्षेत्रों में तनाव कम करने के साथ-साथ अपनी गतिविधियों के प्रभावी प्रबंधन पर भी चर्चा करेंगे। भारत और चीन इस साल अक्टूबर में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त के लिए एक समझौते पर सहमत हुए थे। जयशंकर ने कहा कि चरणबद्ध प्रक्रिया के तहत पूर्वी लद्दाख में सैनिकों की वापसी का काम संपन्न हो गया है, जो अभी देपसांग और डेमचोक में पूरी तरह संपन्न होना है। उनके अनुसार, भारत इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट था कि सभी परिस्थितियों में तीन प्रमुख सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने तीनों सिद्धांतों के बारे में कहा, दोनों पक्षों को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का सख्ती से सम्मान और पालन करना चाहिए, किसी भी पक्ष को यथास्थिति बदलने का एकतरफा प्रयास नहीं करना चाहिए और अतीत में हुए समझौतों का और समझ का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा कि चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर कुछ हिस्से को लेकर असहमति है जिसे दूर करने के लिए भारत और चीन समय-समय पर बातचीत करते हैं। उन्होंने कहा कि रूस के कजान में संपन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात के दौरान दोनों देशों के संबंध सामान्य करने पर बातचीत हुई थी। उन्होंने कहा कि सीमा मुद्दे के समाधान के लिए समय समय पर दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों से लेकर मंत्री स्तर तक बातचीत का सिलसिला आगे बढ़ा है।

संक्षिप्त समाचार

उत्तराखंड से हाथियों के झुंड अब नहीं जा रहे नेपाल, राजाजी-कॉर्बेट पार्क के हाथियों का बदला व्यवहार

रामनगर (नैनीताल), एजेंसी। राजाजी-कॉर्बेट पार्क के हाथियों का व्यवहार बदला है। उत्तराखंड से हाथियों के झुंड अब नेपाल नहीं जा रहे हैं। बाधित होते कॉरिडोर से उत्तराखंड के राजाजी पार्क और कॉर्बेट पार्क के हाथियों के व्यवहार में बदलाव आया है। अब यहां से हाथियों के झुंड नेपाल जाते हुए नहीं देखे जा रहे हैं। ये झुंड दोनों पार्कों के बीच ही विचरण कर रहे हैं। इसकी बड़ी वजह अपने बच्चों की सुरक्षा की वजह से बड़े रूट से बचना है। हालांकि मखना हाथी जरूर नेपाल तक विचरण करते हुए देखे गए हैं। इधर खटीमा की सुरई रेंज और पीलीभीत से हाथियों के सरहद पार करके आने और जाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। झुंड में मौजूद बच्चों की सुरक्षा देखते हुए और हॉथी कॉरिडोर बाधित होने से हाथियों के झुंड मानव-वन्यजीव संघर्ष से बचने के लिए लंबी दूरी से परहेज कर रहे हैं। राजाजी-कॉर्बेट पार्क के हाथियों के व्यवहार में यह बदलाव आया है। क्योंकि सबसे ज्यादा कॉरिडोर यही प्रभावित हुए हैं।

पेड़ नहीं कटने से सड़क निर्माण का काम अटका

हल्द्वानी, एजेंसी। वार्ड-52 जज फार्म की रौतेला कॉलोनी में पेड़ नहीं कटने से सड़क निर्माण का कार्य अटक गया है। इससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं हादसे का खतरा भी बना हुआ है। रौतेला कॉलोनी में सड़क किनारे मौजूद बकैन का विशालकाय पेड़ रोड चौड़ीकरण में बाधा बना हुआ है। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि जहां यह पेड़ है, उसके पास के कुछ लोग पेड़ नहीं कटवाने पर अड़े हैं। मोहल्लेवासियों में सहमति नहीं बनने के कारण पेड़ नहीं कट पा रहा है।

रैन बसेरा सुचारु कर अलाव जलाने की मांग

नैनीताल, एजेंसी। भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद बिष्ट के नेतृत्व कार्यकर्ताओं ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर रैन बसेरे को दुरुस्त करने और शहर में जगहें चिह्नित कर अलाव जलाने की मांग की है। कहा है कि इन दिनों रात में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में छत से महरूम व्यक्ति के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। कहा कि रजा क्लब में स्थित रैन बसेरे को शीघ्र शुरू किया जाए। ज्ञापन में संतोष कुमार, दया पोखरिया, शैलेश बिष्ट, अरविंद पडियार, भगवत रावत, मनोज साह जगाती, रोहित भाटिया आदि के हस्ताक्षर हैं।

तेंदुए की दस्तक बढ़ने से वन विभाग चौकन्ना

नैनीताल, एजेंसी। नगर के रिहायशी इलाकों में बीते दिनों लगातार तेंदुए की दस्तक व सीसीटीवी कैमरों में तेंदुए के कैद होने के बाद वन विभाग चौकन्ना हो गया है। वन विभाग ने दो टीम बनाकर नैनीताल में शाम के समय गश्त शुरू कर दी है। साथ ही वन्यजीव मानव संघर्ष को रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बीते दिनों तल्लीताल क्षेत्र में लगातार तेंदुए रिहायशी इलाकों में नजर आए। सीसीटीवी कैमरों में तेंदुए कुत्तों पर झपटते भी नजर आए। तेंदुओं के डर से लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त की मांग की। इसके बाद विभाग की ओर से रोजाना शाम को गश्त की जा रही है। वन क्षेत्राधिकारी त्रिलोक बोरा ने बताया कि उन्होंने नगर क्षेत्र के लिए दो टीमें बनाई हैं जो तल्लीताल, हरिनगर, कॉलेज रोड, बिड़ला रोड, जू रोड, पॉलिटेक्निक व अन्य क्षेत्र में गश्त कर रही है। साथ ही जगह-जगह बैनर लगाकर लोगों को वन्यजीव व मानव संघर्ष से बचाव प्रति जागरूक किया जा रहा है।

आधार केंद्र में खराबी से लोग परेशान

टनकपुर (चंपावत), एजेंसी। क्षेत्र में नगर पालिका कार्यालय परिसर में खुले आधार केंद्र में सुबह खराबी आने से घंटों लोग परेशान रहे। इस दौरान लंबी लाइन लगी रही।
केंद्र के संचालक उत्कर्ष सिंह ने बताया कि सुबह केबल टूटने से आधार कार्ड अपडेट आदि कार्य बंद हो गए। दोपहर करीब 12 बजे मरम्मत कार्य पूरा हुआ, इस बीच अधिक भीड़ होने से हंगामा भी होता रहा।

रुड़की में 11 से 21 दिसंबर तक होगी परीक्षा, युवाओं के लिए लगाई जाएंगी रोडवेज की 35 बसें

रुड़की, एजेंसी।
पिछले दिनों पिथौरागढ़ में अग्निवीर भर्ती परीक्षा में युवाओं का सैलाब उमड़ पड़ा था। युवाओं की भीड़ के आगे सारे इंतजाम धरे रह गए थे। युवाओं के रहने, खाने और आने-जाने के संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ा था।

रुड़की में 11 से 21 दिसंबर तक अग्निवीर भर्ती परीक्षा होनी है। भर्ती को देखते हुए पुलिस-प्रशासन अलर्ट है। भर्ती के दौरान अन्य राज्यों से आने-जाने में युवाओं को कोई परेशानी न हो, इसके लिए हरिद्वार जिले से 35 रोडवेज बसों को लगाया जाएगा। इसके लिए परिवहन निगम ने तैयारी पूरी कर ली है।

पिछले दिनों पिथौरागढ़ में अग्निवीर भर्ती परीक्षा में युवाओं का सैलाब उमड़ पड़ा था। युवाओं की भीड़ के आगे सारे इंतजाम धरे रह गए थे। युवाओं के रहने, खाने और आने-जाने के संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ा था।

पिथौरागढ़ के हालात को देखते हुए हरिद्वार के अधिकारी रुड़की में होने वाली भर्ती परीक्षा को लेकर सतर्क हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी और रुड़की ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट सभी विभागों की बैठक कर चुके हैं। साथ

ही पूरी तैयारियां करने के निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस के ऊपर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाने का सबसे बड़ा जिम्मा है। दूसरे नंबर पर परिवहन निगम पर बड़ी जिम्मेदारी है। परिवहन निगम के ऊपर युवाओं को लाने और ले जाने की जिम्मेदारी है। इसे देखते हुए हरिद्वार डिपो से भर्ती के दौरान 35 बसों को लगाया जाएगा। यह बसें अलग-अलग रूटों पर युवाओं लाने और ले जाने का काम करेंगे। अगर जरूरत पड़ी, तो बसों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

अग्निवीर भर्ती परीक्षा के लिए रोडवेज बसों के अलग-अलग प्वाइंट बनाने की योजना तैयार की जा रही है। इनमें रोडवेज डिपो का अहम रोल होगा। जबकि अभी संभावित अब्दुल कलाम चौक, ढंडेरा फाटक, सोलानी नदी पुल पार, सालियर हो सकते हैं।

परिवहन निगम की ओर से ढाबों और होटलों पर भी अलग-अलग टीम लगाकर निगरानी की जाएगी। दरअसल, भर्ती के दौरान आशंका है कि बस चालक और परिचालक भीड़ का लाभ उठाकर अधिकृत ढाबों और होटलों से हटकर अन्य ढाबों व होटलों पर बसें रास्ते में रोक सकते हैं। इसलिए टीम निगरानी करेगी और गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई होगी।

अग्निवीर भर्ती परीक्षा में युवाओं की भारी भीड़ आने की आशंका है। ऐसे में बसों में भीड़ रहेगी। भीड़ के दौरान परिचालक टिकट बनाने में कोई गड़बड़ी न करे, इसको लेकर अलग-अलग टीमें कई रूटों पर बसों की निरंतर दस दिन चेकिंग करेंगी।

पुलिस की ओर से भर्ती के दौरान भर्ती स्थल के आसपास भारी वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए बैरिकेडिंग लगाई जाएगी। साथ ही भारी वाहनों के शहर के अंदर प्रवेश पर रोक रहेगी। इसके अलावा टेंपो और ई-रिक्शा की एंट्री पर भी पाबंदी रहेगी।

11 से 21 दिसंबर तक चलने वाली भर्ती को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने रुड़की में बाहर से अतिरिक्त पुलिस बल लगाने का निर्णय लिया है। ताकि कोई गड़बड़ी न हो सके। अगर कोई गड़बड़ी होती है, तो उसे समय पर रोका जा सके।

टीआरसी के पास अवैध निर्माण ध्वस्त करने के आदेश

भीमताल, एजेंसी। भीमताल क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने तल्लीताल स्थित टूरिस्ट रेस्ट सेंटर (टीआरसी) के पास अवैध निर्माण मिलने पर 15 दिन में इसे ध्वस्त करने के निर्देश दिए। यह निर्माण एक बिल्डर की ओर से किया जा रहा है।

मंगलवार को यहां आए कमिश्नर केएमवीएन (कुमाऊं मंडल विकास निगम) कार्यालय भी पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों ने निगम की भूमि पर गेट लगाने में एक बिल्डर की ओर से अड़चन डालने की शिकायत की। इस पर कमिश्नर ने एसडीएम से इस भूमि की संयुक्त जांच कराने को कहा। साथ ही निर्देश दिया कि अगर इस भूमि पर कब्जा मिले तो नोटिस दिया जाए। साथ ही प्राधिकरण से जांच में कमियां मिलने पर नक्शा निरस्त करने को कहा।

कमिश्नर ने भीमताल झील किनारे गंदगी मिलने पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने गंदगी साफ कराने को कहा। साथ ही झील किनारे टूटी रेलिंग के निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों की शिकायत पर कमिश्नर ने जल संस्थान के अधिकारियों को 15 दिन के अंदर सीवर की समस्या हल करने को कहा। कमिश्नर ने तल्लीताल में सीएचसी का निरीक्षण किया। उन्होंने सीएचसी के पास खाली भूमि पर पार्किंग निर्माण को लेकर कार्रवाई की बात कही। ईओ से भीमताल की खराब स्ट्रीट लाइटों को भी सही कराने के लिए निर्देश दिए। इससे पूर्व कमिश्नर ने डोब-ल्वेशाल के फेस एक, दो और तीन का स्थलीय निरीक्षण किया। कमिश्नर ने पार्किंग, पार्क और एसटीपी का प्रावधान नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। कमिश्नर ने विभागीय अधिकारियों से समय-समय पर निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को कहा। साथ ही सड़क निर्माण पर पटवारी से जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है। कमिश्नर ने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। व्यापारी नेता सौरभ रौतेला, पंकज जोशी, नितेश बिष्ट, सतीश लाल वर्मा, पूरन बृजवासी ने भीमताल में सीएम की घोषणा के बाद भी पार्किंग स्थल नहीं बनने की भी समस्या रखी। इस पर कमिश्नर ने बताया कि झील किनारे मत्स्य विभाग की जिस भूमि का चयन किया गया था, उसकी मिट्टी पार्किंग स्थल के लिए बेहतर नहीं पाई गई है। इसलिए प्राधिकरण विभाग की दूसरी भूमि और डांठ पर इंटर कॉलेज के मैदान पर पार्किंग स्थल बनाने की कोशिश में जुटा हुआ है।

मुनस्यारी में राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयार होंगे मुक्केबाज

मुनस्यारी/पिथौरागढ़, एजेंसी। हिमनगरी मुनस्यारी में राष्ट्रीय खेलों के लिए मुक्केबाज तैयार होंगे। राष्ट्रीय खेलों को लेकर यहां खिलाड़ियों का मुक्केबाजी का प्रशिक्षण शुरू हुआ है। प्रदेश भर के 60 खिलाड़ी यहां मुक्केबाजी का प्रशिक्षण लेंगे।

मुक्केबाजी के 15 दिनी प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य अतिथि जोहार क्लब के अध्यक्ष केदार सिंह मर्तोलिया ने किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट ने बताया कि प्रदेश भर के खिलाड़ियों को यहां मुक्केबाजी की बारीकियां सिखाई जाएंगी और उन्हें राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयार किया जाएगा। बताया कि 30 महिला और 30 पुरुष खिलाड़ी प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। हैड कोच भाष्कर चंद्र भट्ट, प्रकाश जंग थापा, कंडीशनिंग ट्रेनर जनार्दन सिंह वल्दिया, निखिल महर, असिस्टेंट कोच मुकेश बेलवाल, रिचा शर्मा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकिता चंद, प्रियंका चौधरी, दीपा मेहता, काजल फर्स्वाण, निवेदिता कार्की, आरती धारियाल प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रदर्शन के आधार पर पुरुष और महिला वर्ग में राज्य की टीम का चयन किया जाएगा जो राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हरीश नाथ गोस्वामी, देवेंद्र सिंह, सतीश कुमार, महिमा विश्वकर्मा, रवि जोशी सहित कई लोग शामिल रहे।

राहत भरी खबर! अब बाढ़ और मलबे से दहशत नहीं झेलेगा थराली, पिंडर नदी बनेगी पहरेदार

गोपेश्वर, एजेंसी। बरसात के दिनों में बाढ़ और मलबे से दहशत झेलने वाले थराली कस्बे के लिए राहत भरी खबर है। चमोली जिले के थराली कस्बे को पिंडर नदी के बहाव से बचाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। उप जिलाधिकारी (एसडीएम) थराली कमलेश मेहता ने इस अभियान को अंतिम रूप देते हुए संबंधित विभागों को तत्काल कार्य योजना पर काम शुरू करने के निर्देश दिए हैं। यदि योजनाएं समय पर अमल में लाई गईं तो इस साल बरसात के दौरान थराली के नागरिकों को भारी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। संबंधित विभागों के साथ बैठक की। इस दौरान सिंचाई विभाग ने बताया कि पिंडर नदी के तल को सुधारने के लिए एक कार्य योजना तैयार की गई है। योजना के तहत, केदारबगड़ से रामलीला मैदान और प्राणमती नदी के संगम तक नदी का तल दो से पांच मीटर तक गहरा किया जाएगा।नदी के जल प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए निकाले गए मलबे को दोनों किनारों पर एकत्र किया जाएगा, ताकि बरसात का पानी व्यवस्थित तरीके से बाहर निकल सके। प्राणमती और पिंडर नदी के संगम स्थल पर एकत्र मलबे को खनन विभाग की ओर से रिवर ड्रेसिंग के तहत हटाया जाएगा। पिछले वर्षों में प्राणमती नदी से आए मलबे के कारण पिंडर नदी के तल में दो से पांच मीटर तक की ऊंचाई हो गई थी। इससे बरसात के दिनों में थराली बाजार, वेतालेश्वर महादेव मंदिर, सरस्वती शिशु मंदिर और पिंडर पब्लिक स्कूल जैसे स्थानों पर बाढ़ का खतरा बढ़ गया था।

हाईवे किनारे खड़ी कार का शीशा तोड़कर आठ लाख उड़ाए

रुद्रपुर, एजेंसी। शहर के सबसे व्यस्ततम नैनीताल हाईवे पर सड़क किनारे खड़ी कार का शीशा तोड़कर टप्पेबाजों ने आठ लाख रुपये उड़ा दिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौका मुआयना कर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवार दो संदिग्ध युवक कैद हुए हैं। पुलिस दोनों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बत्रा कॉलोनी निवासी विपिन त्यागी सिडकुल की कंपनियों में सामान सप्लाई करते हैं और श्रीराम मार्केट में उनका दफ्तर है। मंगलवार को उनके परिचित दंपती ने आवास विकास स्थित एक बैंक से आठ लाख रुपये निकाले थे। नैनीताल हाईवे पर उन्होंने रुपये विपिन को दिए थे। विपिन ने रुपयों से भरा बैग ड्राइविंग सीट के नीचे रख दिया था।

विपिन का कहना था कि परशुराम चौक के पास नैनीताल हाईवे के किनारे उन्होंने कार खड़ी की और एयरटेल ऑफिस में किसी काम से गए थे। करीब 15 मिनट बाद वह वापस लौटे तो ड्राइविंग सीट के दरवाजे का शीशा टूटा हुआ था। सीट के नीचे आठ लाख की नकदी रखा बैग गायब था। सूचना पर समाजसेवी संजय ठुकराल सहित कई परिचितों वहां पहुंच गए। एसएसआई नवीन बुधानी सहित पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेने के साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवार दो संदिग्ध युवक कैद हुए हैं। कैमरा काफी दूर होने की वजह से तस्वीर साफ नजर नहीं आ रही है। माना जा रहा कि टप्पेबाज बैंक से ही रुपयों पर नजर रखे थे और मौका मिलते ही घटना को अंजाम दे दिया। वहीं फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्र किए।

स्पोर्ट्स कॉलेज में जीटीसीसी की हरी झंडी मिलने के बाद ही होंगे राष्ट्रीय खेल

पिथौरागढ़, एजेंसी। स्पोर्ट्स कॉलेज में नेशनल गेम्स के तहत बॉक्सिंग प्रस्तावित है। देशभर के मुक्केबाज यहां अपने पंच का दम तभी दिखा सकेंगे जब यह स्टेडियम जीटीसीसी (गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमेटी) के मानकों पर खरा उतरेगा और इसके लिए हरी झंडी मिलेगी। बॉक्सिंग रिंग और इस खेल से जुड़ीं अन्य व्यवस्थाओं को परखने जल्द ही जीटीसीसी की टीम यहां पहुंचेगी। यदि कमेटी के मानकों पर रिंग खरा नहीं उतरा तो साफ है कि यहां नेशनल गेम्स के तहत बॉक्सिंग प्रतियोगिता नहीं होगी।

जिला मुख्यालय के नजदीक लेलू में 34.44 करोड़ रुपये से स्पोर्ट्स कॉलेज का निर्माण किया गया है। यहां राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं कराने के दावे हो रहे हैं। यह तभी संभव होगा जब यह कॉलेज और यहां की व्यवस्थाएं जीटीसीसी की कसौटी पर खरी उतरेंगी। इसी बीच, यहां 38वें राष्ट्रीय खेल के तहत बॉक्सिंग प्रतियोगिता कराने की भी बात सामने आ रही है। हालांकि, खेल विभाग और कॉलेज प्रबंधन को अब तक इसके स्पष्ट निर्देश नहीं मिले हैं।

यहां बन रहे बॉक्सिंग रिंग में देशभर के मुक्केबाज तभी अपना दम दिखा सकेंगे जब यह जीटीसीसी के मानकों के अनुरूप तैयार किया जाएगा। जल्द ही कमेटी यहां रिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं को परखने के लिए पहुंचेगी। ऐसे में तय समय पर तय मानकों के अनुरूप रिंग और अन्य व्यवस्थाएं पूरी करना खेल विभाग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। खेल विभाग के मुताबिक स्पोर्ट्स कॉलेज में राष्ट्रीय स्तर के तीन बॉक्सिंग रिंग तैयार होंगे। 20 फुट लंबे और 20 फुट चौड़े दो इंडोर और एक आउटडोर रिंग अस्तित्व में आएगा। रिंग के पास वार्म अप एरिया, बैठने की उचित व्यवस्था भी होगी। स्पोर्ट्स कॉलेज में राष्ट्रीय स्तर का बॉक्सिंग रिंग तैयार होगा। राष्ट्रीय खेलों के तहत बॉक्सिंग प्रतियोगिता कराने के फिलहाल कोई दिशा-निर्देश नहीं मिले हैं। यदि ऐसे निर्देश मिलेंगे तो इसके लिए पूरी तैयारी है। जीटीसीसी के मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

कार की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

बाजपुर, एजसा। कलाखेड़ा थानांगर्त गांव मडैया हट्ट तिराहे पर कार ने साइकिल सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मंगलवार को गांव शीतपुरी निवासी धनी सिंह (65) साइकिल से आ रहा था कि विपरीत दिशा से आ रही कार ने टक्कर मार दी। इस दौरान कार चालक घायल धनी सिंह को सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचा जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।बताया जा रहा है कि इसके बाद चालक कार लेकर भाग गया।

फॉरच्यूनर कार से हो रही थी ब्रांडेड शराब की तस्करी

रुद्रपुर, एजेंसी। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने लग्जरी कार में हो रही महंगी शराब की तस्करी कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कार से 20 पेटियों में अंग्रेजी शराब की विभिन्न ब्रांडों की 192 बोतल और 96 अद्धे बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार दो दिसंबर की रात एएनटीएफ एसआई कौशल भाकुनी टीम के साथ इंदिरा चौक पहुंचे थे। इसी बीच मुखबिर ने टीम को एक सफेद रंग की फॉरच्यूनर कार में अंग्रेजी शराब की तस्करी की सूचना दी। टीम डीडी चौक पर पहुंची तो कार रोडवेज बस अड्डे के पास से गुजरती हुई दिखी। टीम ने कार रुकवाई। तलाशी लेने पर कार डिक्की में शराब की पेटियां रखी मिलीं। पेटियों में सात महंगे ब्रांड की शराब की 288 बोतलें और अद्धे मिले।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम गिरीश चंद निवासी पंचशील कॉलोनी हल्द्वानी और मोहन सिंह निवासी कैनाल कालोनी तिकोनिया हल्द्वानी बताया। बताया कि वे शराब रोडवेज बस अड्डे के पास स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान से ला रहे थे। मोहन ने बताया कि यह शराब की दुकान उसकी है।

सिलौटी में वन विभाग के लगाए पिंजरे में फंसा तेंदुआ, विशेषज्ञों ने रेस्क्यू कर रानीबाग सेंटर भेजा

भीमताल (नैनीताल), एजेंसी।
वन विभाग की ओर से सिलौटी और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से दस सोलर लाइटें दी गई हैं। साथ ही विभाग की ओर से अन्य जगहों पर ट्रैप कैमरे, पिंजरे लगाए गए हैं।

नौकुचियाताल क्षेत्र के सिलौटी में वन विभाग की ओर से लगाए गए पिंजरे में मंगलवार को एक तेंदुआ फंसा हुआ मिला। तेंदुए के फंसे होने पर वन कर्मियों और विशेषज्ञों ने उसे रेस्क्यू कर रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेजा। हालांकि अभी पुष्टि नहीं हो पाई है कि 25 नवंबर को लीला देवी को मारने वाला यही तेंदुआ था। वन विभाग की ओर से तेंदुए के सैंपल

जांच के लिए देहरादून भेज दिए हैं। वहीं पूर्व में भेजी गई सैंपल रिपोर्ट नहीं आ पाई है।

विभाग की ओर से सिलौटी और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से दस सोलर लाइटें दी गई हैं। साथ ही विभाग की ओर से अन्य जगहों पर ट्रैप कैमरे, पिंजरे लगाए गए हैं और वन कर्मियों की टीम रात भर गश्त कर रही है। साथ ही लोगों के जंगल जाने पर फिलहाल रोक लगाई गई है।

घायल वन्यजीवों के लिए वन्यजीव प्रभाग बनाएगा ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर, मिलेगी जिला अस्पताल जैसी सुविधा

चमोली, एजेंसी।
जनपद से हरिद्वार रेस्क्यू सेंटर तक ले जाने में 200 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करनी पड़ती है। जिसे देखते हुए केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग ने अब जनपद में नंदप्रयाग-देवखाल मोटर मार्ग के समीप कंडेरी रिजर्व वन क्षेत्र में ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर स्थापित करने की योजना बनाई है। चमोली जनपद में भी अब घायल वन्यजीवों का ट्रीटमेंट हो सकेगा। इसके लिए जल्द ही जनपद में ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर स्थापित किया जाएगा। केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग ने इसकी कवायद भी शुरू कर दी है। यहां घायल वन्यजीवों के उपचार के लिए अलग से डॉक्टर तैनात होंगे और एक्सरे मशीन से लेकर अन्य आधुनिक उपकरणों से जिला

अस्पताल जैसी सुविधाएं मिलेंगी। सीमांत चमोली जनपद में केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य 97 हजार हेक्टेयर में फैला हुआ है। यहां भालू, गुलदार, घुरड़, काकड़, सांभर, हिरन, काली बिल्ली जैसे वन्यजीव विचरण करते रहते हैं। कई बार वन्यजीव आबादी क्षेत्र में पहुंच जाते हैं। जिससे वे तार या रस्सी पर फंसकर चोटिल और घायल हो जाते हैं। वन्यजीवों के घायल होने पर उन्हें इलाज के लिए रेस्क्यू सेंटर चिड़ियापुर (हरिद्वार) और रानीबाग (हल्द्वानी) ले जाया जाता है। जनपद से हरिद्वार रेस्क्यू सेंटर तक ले जाने में 200 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करनी पड़ती है। जिसे देखते हुए केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग ने अब जनपद में नंदप्रयाग-देवखाल मोटर मार्ग के समीप कंडेरी रिजर्व वन क्षेत्र में ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर स्थापित करने की योजना बनाई है। वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि भूमि चयन प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही इस प्रस्ताव को वन्यजीव संस्थान को भेजा जाएगा। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद इस पर काम शुरू होगा। केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग जनपद में वन्यजीव सेफ्टी ऑडिट करवाएगा। बीते दिनों गोपेश्वर के समीप नमामि गंगे के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट में लगे ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से भालू और उसके बच्चे की करंट से मौत के बाद वन विभाग ने वन्यजीव सेफ्टी ऑडिट करने का निर्णय लिया है।

संक्षिप्त खबरें

दिल्ली में ट्रिपल मर्डर: सीएम आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली। दिल्ली के नेब सराय में हुए ट्रिपल मर्डर को लेकर मुख्यमंत्री आतिशी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने मयूर विहार फेज टू में बुधवार को कहा, दिल्ली में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। नेब सराय इलाके में एक परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी गई। यह दिल्ली में बढ़ते क्राइम की पहली घटना नहीं है। दिल्ली में आज आप कहीं पर भी जाइए, कहीं गोलियां चल रही है तो कहीं चाकू गोदकर लोगों की हत्या की जा रही है।दिनदहाड़े पुलिस वालों का भी कत्ल हो चुका है। केंद्र सरकार के पास दिल्ली में सिर्फ एक जिम्मेदारी है, वह है दिल्ली के लोगों को सुरक्षा देना। लेकिन, यह बिल्कुल साफ हो गया है कि केंद्र सरकार भारतीय जनता पार्टी शासित केंद्र सरकार दिल्ली वालों को सुरक्षित रखने में फेल साबित हुई है।दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा दिल्ली में कानून व्यवस्था की क्या स्थिति है, इसपर किसी आंकड़े की जरूरत नहीं है। दिल्ली के अंदर हर तबका दहशत में जी रहा है। पिछले तीन दिनों से अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह के साथ वह तीन अलग-अलग जगह पर गए, जहां पर इस तरह के निर्मम हत्याएं हुई है। पंचशील पार्क में 64 साल के बुजुर्ग आदमी को चाकू घोंपकर मार दिया गया। परिवार सब दहशत में है। उनका कहना था कि सबसे सुरक्षित जगह घर होता है, लेकिन अब घर मे भी डर लगता है। पुलिस ने नहीं लिया एप्लीकेशनः उन्होंने आगे कहा, दूसरी जगह नारायण गांव में गया, वहां दो विधवाएं बैठी थी। एक ने बताया, छह महीने पहले मेरे पति को मारा गया था। छह महीने बाद लड़के व देवर को भी मार दिया गया। सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करने वाले ससुर कहते हैं कि पत्नी, दो विधवा बहु और चार बच्चों को कौन पालेगा। उन्होंने बताया कि जब बदमाशों की धमकी के बारे में बताया, तब पुलिस ने एप्लीकेशन नहीं लिया।

द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि इचथियोसिस का कोई स्थायी इलाज नहीं हैं।

हेपेटाइटिस डे पर हुआ निशुल्क शिविर का आयोजन

नई दिल्ली। हेपेटाइटिस डे के अवसर पर कालरा अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आये लोगों की रक्त जांच की गई। इस अवसर पर डॉ. आर एन कालरा ने कहा हेपेटाइटिस को लेकर लोगों को जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरुकता के अभाव में हेपेटाइटिस एक गंभीर बीमारी है। लेकिन इसका इलाज है। समय समय पर रक्त की जांच कराते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मधुमेह और उच्च रक्त चाप से पीड़ित मरीज को हेपाटाइटिस जैसी बीमारी होने पर अगर पैरों में लगातार सूजन हो तो उसे अनदेखा न करें। शिविर में 147 लोगों की जांच की गई।

दिल्ली में बढ़ते अपराध और नशे के लिये आप सरकार जिम्मेदार : विजेंद्र गुप्ता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा सत्र में दिल्ली की कानून व्यवस्था पर चर्चा के दौरान आम आदमी पार्टी की सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि रोहिंग्याओं और नशे का कारोबार करने वालों को दिल्ली सरकार आश्रय दे रही है जिसके चलते दिल्ली में नशे का करोबार और अपराध बढ़ रहा है। आज सदन में गुप्ता ने केजरीवाल के शीशमहल पर खर्च किये गये करोड़ों रुपये के संसाधनों का मुद्दा उठाया तो उनका माईक बंद कर दिया गया और उन्हें नहीं बोलने दिया गया। इस पर अपना विरोध जताते हुए गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ही दिल्ली में बढ़ रहे अपराधों के लिये जिम्मेदार है, क्योंकि यह सरकार अवैध रूप से दिल्ली में रह रहे लाखों रोहिंग्याओं को फर्जी कागजातों के आधार पर वोटर कार्ड जारी कर उन्हें वोटर लिस्ट में शामिल करने का प्रयास कर रही है। ये रोहिंग्या नशे के कारोबार में लिप्त हैं और अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। गुप्ता ने आरोप लगाया कि आप सरकार विपक्ष का गला घोंटकर न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रही है, बल्कि जानबूझकर विधानसभा के पटल पर जनहित के मुद्दों पर चर्चा से बच रही है। गुप्ता ने कहा कि आप सरकार ने बार-बार यह साबित किया है कि उसकी प्राथमिकता जनता का कल्याण नहीं, बल्कि अपने राजनीतिक प्रचार को बढ़ावा देना है। दिल्ली में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है, लेकिन पराली समाधान और परिवहन सुधार के दावों में कुछ भी ठोस कदम नहीं उठाया गया। दिल्ली के कई इलाकों में साफ पानी उपलब्ध नहीं है। लेकिन सरकार जनता की समस्याओं की अनदेखी कर रही है और केवल प्रचार की राजनीति कर रही है। गुप्ता ने कहा कि वे सरकार की तानाशाही और लापरवाही को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। दिल्ली की जनता के साथ विश्वासघात नहीं होने देंगे। चाहे वायु प्रदूषण का मुद्दा हो, स्वास्थ्य सेवाओं की खस्ता हालत हो, या भ्रष्टाचार के मामले, हम हर मुद्दे पर सरकार का जवाब जानना चाहते हैं।

तीनों नए कानून भारतीयों द्वारा, भारतीय संसद में और भारतीयों को न्याय और सुरक्षा देने के लिए बनाए गए हैं

इन कानूनों की आत्मा भारतीय है और इनका उद्देश्य भारत के नागरिकों को न्याय दिलाना है

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। बीते सात दशकों से हमारे देश में अगर सबसे लचर और कमजोर कड़ी किसी को माना गया तो वो थे हमारे पुराने कानून। जिन्हें अंग्रेजों ने लगभग 160 साल पहले बनाकर तैयार किया था। उन कानूनों को अंग्रेजों ने खुद को ध्यान में रखकर तैयार किया था। लेकिन यह भारत देश का दुर्भाग्य कहें या फिर पिछली सरकारों की नाकामी जिसके चलते आजादी के बाद भी भारत देश में वही पुराने कानून सात दशकों से लागू थे।

हालांकि देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने जहाँ देश को गुलामी की मानसिकता से बाहर लाने का वीणा उठाया है। उसी को साकार करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने तीन नए भारतीय कानूनों को लागू किया। इन तीनों नए कानूनों का लक्ष्य है कि भारतीय नागरिकों को तय समय पर न्याय और सुरक्षा दी जाए। जिससे वर्षों तक उनके मामले लंबित न रहे और न ही उन्हें तारीख पर तारीख मिलती रहे। जबकि अंग्रेजों के बनाए उन कानूनों में जहाँ एक तरफ भारतीय नागरिक कोर्ट कचहरी के चक्कर से परेशान रहते थे। दूसरी ओर उनके मामले वर्षों तक लंबित रहते थे। इसलिए तीनों कानूनों को राष्ट्र को समर्पित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इन कानूनों की आत्मा भारतीय है। इनका उद्देश्य भारत के नागरिकों को न्याय दिलाना है। आने वाले तीन सालों में इन कानूनों पर पूरी तरह अमल होने पर हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली दुनिया की सबसे आधुनिक न्याय प्रणाली

बन जाएगी। इन तीन नए आपराधिक कानूनों में दंड की कोई जगह नहीं है बल्कि इनके जरिए त्वरित न्याय मिलेगा। गृह मंत्री अमित शाह जी ने कहा कि, किसी भी FIR में 3 साल के भीतर सुप्रीम कोर्ट तक न्याय मिलेगा। साथ तारीख पर तारीख वाले दौर का अंत होगा। जाहिर है यह अधिकार 77 वर्ष बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश की जनता को दिया है। इन नए कानूनों के जरिए भारतीय नागरिकों की संपत्ति, सम्मान और उनके संविधानप्रदत्त अधिकारों की रक्षा होगी। इन कानूनों के जरिए जहाँ जल्द न्याय मिलेगा। कानून व्यवस्था और सुगम होगी। वहीं इन कानूनों को बनाने के लिए 4 साल में दुनियाभर की आधुनिकतम तकनीक और प्रावधानों के अनेक स्तरों पर अध्ययन किया गया है। जिसके लिए दुनिया के 43 देशों के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम का अध्ययन किया गया है। ताकि, इन कानूनों को दुनिया का सबसे आधुनिक क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम बनाया जा सके। वहीं इन कानूनों के लागू होने के महज चार महीने के भीतर ही अब तक जहाँ 11 लाख से अधिक FIR दर्ज की गई है। वहीं उनमें से 9500 मामलों के जजमेंट भी आ गए हैं। जो यह बताने को काफी है कि, तारीख पर तारीख का दौर अब पीछे छूट गया। आज का नया भारत प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में न सिर्फ गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल रहा है। साथ ही अपने बनाए सिस्टम पर यकीन करता है। सिर्फ यही नहीं इन कानूनों में दोषसिद्धि की दर भी 85% से अधिक है। जो दोषसिद्धि की वर्तमान दर 58% से कहीं अधिक है। यानि इससे जाहिर होता है कि इन कानूनों के पूरी तरह से अमल के बाद जहाँ संपूर्ण देश में कम समय में न्याय मिलेगा, वहीं दोषसिद्धि की दर ज्यादा होगी और इसके जरिए अपराध प्रतिशत में भी गिरावट आएगी और यह सब संभव हो पाएगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के विजन के बादौलत।

दिल्ली में खुलेआम मर्डर, रेप, वसूली और फायरिंग हो रही, लेकिन

भाजपा के लिए कानून व्यवस्था कोई मुद्दा नहीं : केजरीवाल

दिल्ली के देवाली में बुधवार को भी एक युवक के माता-पिता और बहन की हत्या कर दी गई, क्या भाजपा के लिए एक आम आदमी की सुरक्षा मायने नहीं रखती है : केजरीवाल

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन बुधवार को भी दिल्ली में बिगड़ी कानून व्यवस्था का मुद्दा गरमाया रहा। इस दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं नई दिल्ली से विधायक अरविंद केजरीवाल ने कानून व्यवस्था पर भाजपा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि दिल्ली में खुलेआम मर्डर, रेप, वसूली और फायरिंग की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन भाजपा के लिए दिल्ली में कानून व्यवस्था कोई मुद्दा नहीं है। बुधवार को भी दिल्ली के देवाली में एक युवक के माता-पिता और बहन की हत्या कर दी गई। क्या भाजपा के लिए एक आम आदमी की सुरक्षा मायने नहीं रखती है? उन्होंने कहा कि जब से अमित शाह ने दिल्ली की कानून- व्यवस्था को संभाला है, तब से पूरी दिल्ली की कानून-व्यवस्था लगभग खत्म हो चुकी है। भाजपा चाहे जितने भी मेरे विधायक गिरफ्तार करवा ले या मुझ पर लिक्विड फेंकवा

ले, लेकिन मैं बिगड़ी कानून व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाता रहूंगा।दिल्ली विधानसभा में सदन को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल कहा कि कानून व्यवस्था पर जब भाजपा से पूछा जाता है तो ये कहते हैं कि क्राइम तो मुद्दा ही नहीं है। दिल्ली में लॉ एंड ऑर्डर मुद्दा ही नहीं है। दिल्ली में खुलेआम लोगों के मर्डर हो रहे हैं और भाजपा कहती है कि क्राइम मुद्दा ही नहीं है। दिल्ली में महिलाओं के बलात्कार हो रहे हैं, महिलाएं असुरक्षित हैं, भाजपा कहती है कि लॉ एंड ऑर्डर मुद्दा ही नहीं है। दिल्ली में सरेआम व्यापारियों को फिरौती की धमकियां मिल रही है। भाजपा कहती है कि क्राइम मुद्दा ही नहीं है। दिल्ली में सरेआम गैंगस्टर्स व्यापारियों की दुकानों पर गोलियां बरसा रहे हैं और इनके नेता कहते हैं कि क्राइम मुद्दा ही नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह की सीधे-सीधे जिम्मेदारी बनती है कि दिल्ली की कानून-व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया जाए और गृह मंत्री के घर के 20-30 किलोमीटर के दायरे के अंदर सरेआम शूटआउट चल रहे हैं, गैंगस्टर्स पूरी दिल्ली पर कब्जा कर चुके हैं और गृह मंत्री आराम से अपने घर पर सो रहे हैं, उन्हें दिल्ली की कोई चिंता नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि क्या इस देश के अंदर एक वीआईपी की सुरक्षा और एक आम आदमी की सुरक्षा के अलग-अलग पैमाने होने चाहिए? वीआईपी की भी सुरक्षा जरूरी है। आज सुखबीर बादल पर हमला हुआ, पंजाब पुलिस ने मुस्तैदी से उनकी सुरक्षा की। दिल्ली में आज सुबह देवली के अंदर ट्रिपल मर्डर हुआ है। एक आदमी सुबह मॉर्निंग वॉक पर गया, जब घर वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मां, पिताजी और बहन का मर्डर कर दिया गया है। यह भाजपा के लिए मुद्दा ही नहीं है। ये कहते हैं कि मुद्दा ही नहीं है।

अरविंद केजरीवाल के विजन के तहत देश के ईवी कैपिटल दिल्ली को मिले 25 नए लो कॉस्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में प्रदूषण को कम करने और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री व मनीष सिसोदिया जी के साथ सीएम आतिशी ने 25 नए लो कोस्ट ईवी चार्जिंग स्टेशनों का उद्घाटन किया। शहर में अब दिल्ली सरकार की कंपनी दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड के 78 लोकेशन पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित हो गए हैं। आज कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जी और सीएम आतिशी ने नाम पट्टिका अनावरण कर चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण किया और अफसरों से इसकी कार्य प्रणाली को भी समझा। इस मौके पर दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जी ने कहा कि, "यह चार्जिंग स्टेशन, इसको हम पावर बैंक कह रहे हैं। यह अपने आप में देखा जाए तो एक छोटा सा स्टेशन है और यहां दो पावर प्लग लगे हुए हैं, लेकिन असल में यह आधुनिक समय की दिल्ली है। यह उसकी नींव है, जो अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में पूरी दिल्ली में रखी जा रही है। 2020 में जब मैं दिल्ली सरकार में था तब हम इसका सपना देख रहे थे कि क्या हम दिल्ली में कुछ ऐसा कर सकते हैं कि जो नई गाड़ियां, स्कूटर और बाइक खरीदी जाएं, लोग इलेक्ट्रिक व्हीकल की तरफ बढ़ें।"उन्होंने कहा कि, "क्योंकि प्रदूषण का एक बड़ा कारण हमारी और आपकी गाड़ियों से निकलता हुआ धुआं है। हम जितनी चाहे उतनी बड़ी बातें कर लें, लेकिन जब तक हम गाड़ियां चलाएंगे और उनसे पेट्रोल और डीजल डालेंगे तब तक हवा में धुआं तो फैलेगा।

अमित शाह की नाक के नीचे भाजपा शासित गुजरात से पूरे देश में हो रही नशे की सप्लाई : केजरीवाल

नशा का कच्चा माल समुद्र के रास्ते भाजपा के सबसे खास मित्र अडानी के मुंद्रा पोर्ट से गुजरात पहुंचता है और वहां से देशभर में भेजा जाता है : केजरीवाल

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के अंदर बढ़ रहे नशे के कारोबार का मुद्दा बुधवार को दिल्ली विधानसभा में उठा। सत्ता पक्ष (आम आदमी पार्टी) की तरफ से विधानसभा के सदन पटल पर नशे के खिलाफ एक प्रस्ताव लाया गया, जिसका समर्थन करते हुए "आप" के राष्ट्रीय संयोजक एवं नई दिल्ली से विधायक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की नाक के नीचे से भाजपा शासित गुजरात से दिल्ली समेत पूरे देश में नशे की सप्लाई हो रही है। आज पूरे देश में कहीं भी ड्रग्स पकड़ा जाता है, तो उसके गुजरात से आने की जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स का कच्चा मॉल समुद्र के रास्ते भाजपा के सबसे खास मित्र अडानी के मुंद्रा पोर्ट से गुजरात में आता है। गुजरात में लगी फैक्ट्रियों में इसे बनाया जाता है और वहां से देशभर में भेजा जाता है। आज दिल्ली के कोने-कोने में नशा बिक रहा है। हमें दिल्ली के भविष्य को बचाने के लिए नशे के खिलाफ साथ मिलकर काम करना है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब से मैं दिल्ली के कोने-कोने में जा रहा हूं, जहां भी कोई वारदात या कत्ल होता है, मैं वहां जाता हूं और लोगों से मिलता हूं। जहां जाता हूं लोग कहते हैं कि दिल्ली के कोने-कोने में नशा बिक रहा है। मैं सोमवार को कालका जी क्षेत्र में गया। वहां पर पदयात्रा होनी थी। मैं पदयात्रा कर रहा था, लोगों को खुलकर बोलने में भी डर लगता है। लोग मेरे कान में आकर बोल रहे थे कि आप नशे की बात उठाओ, हर दुकान में नशा बिक रहा है, किराना, पान और पनवारी की दुकान में नशा बिक रहा है? कोने-कोने में दिल्ली को इन्होंने नशे का व्यापार बना दिया है। पूरी दिल्ली के अंदर, चाहे अमीर हो गरीब हो, किसी का भी बच्चा या परिवार का सदस्य इस समय नशे से परे नहीं है। स्कूलों में नशा बिक रहा है। पिछले पांच सालों में नशा बहुत ज्यादा बढ़ गया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आरकाइविव्स डॉट टुडे वेबसाइट में लिखा हुआ है कि डीडीए के एक अधिकारी का कहना है कि जब से उन्होंने 2021 में कठपुतली कॉलोनी में काम करना शुरू किया है, तब से अब तक ड्रग्स के कारण 300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। डीडीए का अधिकारी कह रहा है कि अकेले कठपुतली कॉलोनी में नशे की वजह से 300 बच्चों की मौत हो चुकी है। यह कोई छोटी बात नहीं है। मैं इनसे भी कहना चाहता हूं कि राजनीति अलग है, लेकिन हमारे बच्चे मर रहे हैं। हम सब लोगों को मिलकर साथ काम करना चाहिए, बच्चों को बचाने के लिए काम करना चाहिए, इसमें राजनीति नहीं होनी चाहिए।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह नशा आ कहां से रहा है? दिल्ली के अंदर तो नशा पैदा नहीं होता है। हमारी दिल्ली के अंदर नशा बनाता भी नहीं है। 1 अक्टूबर को दिल्ली के महिपालपुर में 562 किलो कोकीन और 40 किलो मारिजुआना पकड़ा गया, यह गुजरात से आया था। 10 अक्टूबर को 208 किलो कोकेन रमेश नगर वेस्ट दिल्ली से पकड़ी गई, यह गुजरात से आई थी। जब इन दोनों का पता चला कि यहां पर ड्रग्स गुजरात के अंक्लेश्वर से आई थी, तो 13 अक्टूबर को अंक्लेश्वर में जब रेड हुई तो वहां पर 518 और कोकेन मिली। यह सारी मिलाकर 1289 किलो कोकेन और 40 किलो मारिजुआना था, जिसकी कीमत 13 हजार करोड़ थी। सारी गुजरात से आई थी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 15 नवंबर को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गुजरात पुलिस और इंडियन नेवी के साथ जॉइंट ऑपरेशन में गुजरात के तट के ऊपर 700 किलो नशा पकड़ा। उसी दिन जॉइंट ऑपरेशन में दिल्ली से 82 किलो कोकेन पकड़ी गई, जिसकी कीमत साढ़े चार हजार करोड़ रुपए थी, वो भी गुजरात से पकड़ा गया। अप्रैल 2024 में पंजाब पुलिस ने 48 किलो हीरोइन पकड़ी, जोकि गुजरात के समुद्री तट से आई थी। मई 2022 गुजरात एटीएस ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश के मुज्जफर नगर के एक घर से 775 करोड़ की 115 किलो हीरोइन पकड़ी, जो गुजरात से आई थी। इलेक्शन कमीशन ने 20 मई को अपनी प्रेस रिलीज में बताया है कि कैसे गुजरात देश में नशे का गढ़ बन गया है। उनकी प्रेस रिलीज में लिखा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान 30959 करोड़ रुपए की ड्रग्स पकड़ी गई जिसमें से 1189 यानि कि तीस प्रतिशत नशा केवल गुजरात से पकड़ा गया। यह इलेक्शन कमीशन का डेटा है। नशा बनाने की, नशा मैन्युफैक्चर करने की और नशा प्रोसेस करने की गुजरात के अंदर फैक्ट्रियां चल रही हैं। अफकार ड्रग्स लिमिटेड अंक्लेश्वर में चल रही है। अवसर एंटरप्राइसेस अंक्लेश्वर में चल रही है। शेखा गांव भरूच जिले में एक केमिकल फैक्ट्री चल रही है।

भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

विषयः 23 अद्द 'मल्टी परपज़ टैम्पर (एमपीटी)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 24.01.2025 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2024–टीएम–1A

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से **23 अद्द 'मल्टी परपज़ टैम्पर (एमपीटी)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ,** के लिए इलेक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा करने के लिए वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** देखें।

निदेशक, रेल भण्डार (एफ), रेलवे बोर्ड

सं.: 2024/आरएस(ई)/टीएम/1 दिनांक 18.11.2024 3725/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS ANNOUNCEMENT IS A CORRIGENDUM TO THE ("PRE-ISSUE PUBLIC ANNOUNCEMENT"), PUBLISHED ON TUESDAY, DECEMBER 03, 2024, IN THE NEWSPAPER NAMELY, FINANCIAL EXPRESS (ENGLISH DAILY) (ALL EDITIONS), JANSATTA (HINDI DAILY) (ALL EDITIONS) AND PRATAHKIRAN (HINDI DAILY) (DELHI EDITION) ('NEWSPAPERS')

JUNGLE CAMPS

JUNGLE CAMPS INDIA LIMITED

Our Company was originally incorporated as "Pench Jungle Resorts Private Limited" under the provisions of the Companies Act, 1956 vide Certificate of Incorporation dated July 22, 2002, issued by the Registrar of Companies, Delhi. Subsequently, the name of our Company was changed to "Jungle Camps India Private Limited" pursuant to shareholders resolution passed at Extra-ordinary General Meeting held on January 02, 2024. A fresh Certificate of Incorporation consequent upon change of name was issue by the Registrar of Companies, Delhi on February 15, 2024. Thereafter, our Company was converted into a Public Limited Company pursuant to shareholders resolution passed at Extra-ordinary General Meeting held on April 23, 2024, and the name of our Company was changed to "Jungle Camps India Limited". A fresh Certificate of Incorporation consequent upon Conversion from Private Limited Company to Public Limited Company was issued by the Registrar of Companies, Delhi on June 13, 2024. The Corporate Identification Number of our Company is U55101DL2002PLC116282.For details of change in registered office of our Company, please refer to chapter titled *"Our History and Certain Other Corporate Matters"* beginning on page 204 of Red Herrings Prospectus.

Registered office: 221-222/9, 2nd Floor, Som Dutt Chamber-II, Bhikaji Cama Place, New Delhi-110066, India | **Telephone:** +91-011-41749354
E-mail: legal@junglecampsindia.com | **Website:** www.junglecampsindia.com
Contact Person: Ms. Parul Shekhawat, Company Secretary & Compliance Officer | **Corporate Identity Number:** U55101DL2002PLC116282

PROMOTERS OF OUR COMPANY: MR. GAJENDRA SINGH, MS. LAXMI RATHORE, MR. YASHOVARDHAN RATHORE, MR. RANVIJAY SINGH RATHORE AND G S RATHORE HUF

THE ISSUE

INITIAL PUBLIC OFFER OF UPTO 40,86,400* EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF OUR COMPANY AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE) FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹ [●] LACS ("PUBLIC ISSUE") OUT OF WHICH 2,04,800* EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING ₹ [●] LACS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE PUBLIC ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF [●] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹ [●] LACS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE PUBLIC ISSUE AND NET ISSUE WILL CONSTITUTE [●] % AND [●]% RESPECTIVELY OF THE POST- ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.

**SUBJECT TO FINALIZATION OF BASIS OF ALLOTMENT AND LOT SIZE.*

CORRIGENDUM

This is to inform that the Initial Public Offer of upto 40,86,400 Equity Shares instead of 40,86,000 Equity Shares. The above is to be read in conjunction with the Pre-Issue Public Announcement dated December 03, 2024. All capitalised terms used in this addendum shall, unless the context otherwise requires, have the meaning ascribed to them in the Red Herring Prospectus, dated December 02, 2024 filed with the Registrar of Companies.

ALLOCATION OF THE ISSUE

• **QIB PORTION:** NOT MORE THAN 50.00% OF THE NET ISSUE • **RETAIL PORTION:** NOT LESS THAN 35.00% OF THE NET ISSUE • **NON-INSTITUTIONAL PORTION:** NOT LESS THAN 15.00% OF THE NET ISSUE • **MARKET MAKER PORTION:** UPTO 2,04,800 EQUITY SHARES OR 5.01% OF THE ISSUE

PRICE BAND: ₹ 68.00 to ₹ 72.00 PER EQUITY SHARE OF FACE VALUE ₹ 10/- EACH

THE FLOOR PRICE IS 6.8 TIMES OF THE FACE VALUE AND THE CAP PRICE IS 7.2 TIMES OF THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES. BIDS CAN BE MADE FOR A MINIMUM OF 1600 EQUITY SHARES AND IN MULTIPLES OF 1600 EQUITY SHARES THEREAFTER. THIS ISSUE IS MADE THROUGH BOOK BUILDING PROCESS, IN TERMS OF CHAPTER IX OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018 (THE "SEBI (ICDR) REGULATIONS"), AS AMENDED READ WITH RULE 19(2)(B) OF SECURITIES CONTRACT (REGULATION) RULES, 1957, AS AMENDED.

BID / ISSUE PROGRAM
BID/ISSUE OPENS FOR ANCHOR INVESTORS ON: MONDAY, DECEMBER 09, 2024(1)
BID/ISSUE OPENS ON: TUESDAY, DECEMBER 10, 2024(2)
BID/ISSUE CLOSES ON: THURSDAY, DECEMBER 12, 2024(2)(3)

(1) The Company may in consultation with the Book Running Lead Manager, consider participation by Anchor Investors in accordance with the SEBI ICDR regulations. The Anchor Investor Bid/ Issue Period shall be one Working Day prior to the Bid/Issue Opening Date.
(2) Our Company may in consultation with the BRLM, consider closing the Bid/Issue Period for QIBs one Working Day prior to the Bid/Issue Closing Date in accordance with the SEBI ICDR Regulations
(3) UPI mandate end time and date shall be at 5:00 pm on the Bid/Issue Closing Date.

BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE ISSUE	REGISTRAR TO THE ISSUE	COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER
SIXTH SENSE ... beyond the obvious **KHAMBATTA SECURITIES LIMITED** 806, 8th Floor, Tower-B, World Trade Tower, Noida Sector-16, Uttar Pradesh-201301, India. **Tel:** +91-9953989693, 0120-4415469 **E-mail:** ipo@khambattasecurities.com **Investor grievance e-mail:** mbcomplaints@khambattasecurities.com **Website:** www.khambattasecurities.com **Contact Person:** Mr. Chandan Mishra / Ms. Nisha Shaw **SEBI Registration No.: INM000011914**	Skyline **SKYLINE FINANCIAL SERVICES PRIVATE LIMITED** D-153/ A, First Floor, Okhla Industrial Area, Phase - I, New Delhi – 110020 **Telephone** – 011 -40450193-197 **E-mail id:** ipo@skylinerta.com **Investor Grievance Email:** grievances@skylinerta.com **Contact person:** Mr. Anuj Rana **Website:** www.skylinerta.com **SEBI Registration No.:** INR000003241	JUNGLE CAMPS **JUNGLE CAMPS INDIA LIMITED** Ms. Parul Shekhawa, Company Secretary and Compliance Officer 221-222/9, 2nd Floor, Som Dutt Chamber-II, Bhikaji Cama Place, New Delhi-110066, India | **Tel.:** 011-41749354 **Email-id.:** legal@junglecampsindia.com Investors can contact the Compliance Officer or the Registrar to the Issue in case of any pre-issue or post- issue related problems, such as non-receipt of letters of allotment, credit of allotted shares in the respective beneficiary account, etc.

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the RHP & Pre-Issue or Price Band Advertisement.

For Jungle Camps India Limited
Sd/-
Mr. Gajendra Singh
Designation: Managing Director
DIN: 00372112

Date: December 04, 2024
Place: New Delhi

Jungle Camps India Limited is proposing, subject to market conditions and other considerations, public issue of its Equity Shares and has filed the Red Herring Prospectus with the Registrar of Companies, NCT of Delhi on December 02, 2024. The Red Herring Prospectus is available on the website of the Book Running Lead Manager www.khambattasecurities.com the website of the BSE i.e., www.bseindia.com, and website of our Company at www.junglecampsindia.com.
Investor should note that investment in equity shares involves a high degree of risk. For details, investors should refer to and rely on the Red Herring Prospectus, including the section titled "Risk Factors" of the Red Herring Prospectus, which has been filed with ROC. The Equity Shares have not been and will not be registered under the US Securities Act ("the Securities Act") or any state securities laws in United States and may not be issued or sold within the United States or to, or for the account or benefit of, "U.S, persons" (as defined in Regulations under the securities Act), except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act of 1933.

प्रवेश रतन भाजपा युवा मोर्चा के सभी बड़े पदों पर रहे हैं और पटेल नगर विधानसभा सीट से चुनाव भी लड़े हैं - मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा को झटका लगना जारी है। दिल्ली में बुधवार को जाने माने दलित नेता प्रवेश रतन ने भाजपा को छोड़कर आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। पिछले 15 से 20 वर्षों से भाजपा से जुड़े प्रवेश रतन को ह्लआपह्व के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने पार्टी मुख्यालय में पटका और टोपी पहनाकर सदस्यता दिलाई। मनीष सिसोदिया ने कहा कि प्रवेश रतन भाजपा युवा मोर्चा के सभी बड़े पदों पर रहे हैं और पटेल नगर विधानसभा से सीट चुनाव भी लड़े हैं। वह अरविंद केजरीवाल के कामों की वजह से दलित-पिछड़े समाज को जो शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, नौकरियों का लाभ मिला है और रहना-सहन में डिग्निटी आई है, उससे प्रभावित होकर ह्लआपह्व परिवार में शामिल हुए। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता व विधायक दुर्गेश पाठक भी मौजूद रहे। प्रवेश रतन से पहले पूर्वांचल के बड़े नेता व पूर्व विधायक अनिल झा, पूर्व विधायक ब्रह्म सिंह तंवर और नेता सदन रह चुके बीबी त्यागी भाजपा को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो चुके हैं। प्रवेश रतन की युवा ऊर्जा का दलित समाज के लोगों को बहुत फायदा मिलेगा - मनीष सिसोदिया दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि अरविंद केजरीवाल के जो काम हैं, और उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में सरकार ने जो दिल्ली और पंजाब में काम किए हैं। उन सब कामों से विशेष रूप से गरीब तबके और उसमें भी जाटव समाज, एससी, दलित समाज और पिछड़े वर्गों के लिए जो काम हुए हैं, इन कामों से परिवारों को शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, नौकरियों का फायदा मिला है। अरविंद केजरीवाल के कारण उनके रहन-सहन में जो डिग्निटी आई है, उससे प्रेरित होकर प्रवेश रतन आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। प्रवेश रतन करीब 15-20 साल भाजपा में रहे हैं और प्रदेश युवा मोर्चा में सभी सीनियर पदों पर रहे हैं। डिस्ट्रिक्ट में सचिव रहे हैं। उन्होंने पटेल नगर विधानसभा से भाजपा के लिए चुनाव भी लड़ा था। आज प्रवेश रतन अरविंद केजरीवाल के काम से प्रभावित होकर हमारे परिवार में शामिल हो रहे हैं, मैं उनका बहुत स्वागत करता हूं। मुझे उम्मीद है कि उनकी युवा ऊर्जा का दिल्ली के युवाओं और विशेषकर जाटव समाज के लोगों के, जिनका वह नेतृत्व करते हैं, जिनके बीच काम करने के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन लगाया है, उनको बहुत फायदा मिलेगा। और हम सब मिलकर जो काम लोगों के लिए करना चाहते हैं, उन कामों में मजबूती मिलेगी। अरविंद केजरीवाल के दिशानिदेर्शों में आप सरकार बाबा साहब के सपनों को साकार कर रही है- दुर्गेश पाठक आप नेता दुर्गेश पाठक ने कहा कि आज बाबा साहब के सपनों को सच करते हुए दिल्ली के अंदर, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के नेतृत्व में जो शानदार काम हुए हैं। चाहे वो स्कूलों, अस्पतालों, इंफ्रास्ट्रक्चर की बात हो, चाहे विकास हर आखिरी आदमी तक पहुंचने की बात हो। जेजे क्लस्टर की बात हो, झुग्गियों, अनऑथराइज्ड कॉलोनियों के अंदर बात हो। खासकर समाज का वो तबका जिसको हर समय वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया गया लेकिन कभी उनके मोहल्ले, कॉलोनी और बच्चों के भविष्य के ऊपर कोई काम नहीं गया। आम आदमी पार्टी सरकार के इन सारे कामों से प्रभावित होकर पटेल नगर से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी और दिल्ली में जाटव समाज के बहुत बड़े चेहरे प्रवेश रतन आम आदमी पार्टी जॉइन कर रहे हैं। मैं दलित समाज से आता हूं, इसलिए भाजपा में मेरे खिलाफ विपरीत परिस्थितियां पैदा की गई - प्रवेश रतन वहीं, इस मौके पर प्रवेश रतन ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली को वो सब कुछ दिया, जो आज तक कभी नहीं मिला। मैं काफी सालों से उनके कामों को देख रहा था। उन्होंने दिल्ली के अंदर विकास करने का काम किया है। खासकर मैं जिस समाज से आता है, उस समाज का अगर उनके प्रति प्यार है, तो उस प्यार का कुछ तो कारण होगा। क्योंकि ऐसे ही कोई कम्युनिटी किसी के साथ नहीं जुड़ती है, उसके पीछे कुछ तो कारण होता है। मैं भी उनके कामों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी को जॉइन कर रहा हूं। मैं भाजपा से पीड़ित हूं। मैं जिस कम्युनिटी से आता हूं, मुझे समय ना देना और उन्होंने जो स्थितियां पैदा की। कहते हैं जहां प्यार मिलेगा, व्यक्ति वहां जाएगा। इसलिए यहां पर काम को देखते हुए मैं इस पार्टी से जुड़ रहा हूं। आम आदमी पार्टी सालों से दिल्ली के अंदर कई योजनाएं लेकर आई है।

दिल्ली आबकारी नीति मामलाः उच्च न्यायालय ने केजरीवाल, कविता से ईडी की याचिका पर मांगा जवाब

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति से संबंधित कथित धनशोधन मामले में अधीनस्थ अदालत के एक आदेश को चुनौती देते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर की गयी याचिका पर बुधवार को अरविंद केजरीवाल समेत आम आदमी पार्टी के कई नेताओं और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता से जवाब मांगा। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने ईडी की याचिका और मामले में स्थगन की उसकी अर्जी पर सभी 40 आरोपियों को नोटिस जारी किये। उच्च न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 जनवरी की तारीख तय की। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल, आप नेताओंझ मनीष सिसोदिया एवं संजय सिंह तथा कई कारोबारी इस मामले में आरोपियों में शामिल हैं। नवंबर में अधीनस्थ अदालत ने ईडी को निर्देश दिया था कि वह मामले के आरोपियों को आरोपपत्र और शेष अपुष्ट दस्तावेजों (जिनका उपयोग अभियोजन पक्ष अपने मामले के समर्थन में नहीं कर रहा है) के डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध कराए। ईडी के वकील ने (उच्च न्यायालय में) कहा कि अधीनस्थ अदालत ने दस्तावेजों की जांच के चरण में ईडी को आरोपियों को अपुष्ट दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि लेकिन शीर्ष अदालत के निर्देश के मुताबिक इस चरण में अपुष्ट दस्तावेज नहीं बल्कि उनकी सूची उपलब्ध करायी जानी है। उच्च न्यायालय को सूचित किया गया कि अधीनस्थ अदालत में लंबित मामले की अगली सुनवाई 21 दिसंबर को है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी के अनुसार, आबकारी नीति में संशोधन करते समय कथित तौर पर अनियमितताएं की गईं और लाइसेंसधारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर 2021 को यह नीति लागू की थी तथा बाद में भ्रष्टाचार का आरोप लगने के बाद सितंबर 2022 में इसे रद्द कर दिया। आबकारी नीति लागू करने में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना की ओर से सिफारिश किए जाने के बाद सीबीआई ने मामला दर्ज किया था। धनशोधन का मामला इसी पर आधारित है।

द्वारका एक्सप्रेस-वे पर दो कारों में टक्कर, लगी आग, एक व्यक्ति की मौत

नई दिल्ली,। दिल्ली के द्वारका एक्सप्रेस-वे पर दो कारों में टक्कर के बाद आग लग गई। इस घटना में एक की मौत हो गई है। सूचना मिलने पर पुलिस व दमकल की टीम पहुंची।एक घंटे के भीतर दमकल ने आग पर काबू पाया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। दमकल विभाग के अनुसार देररात 12:20 बजे सूचना मिली थी कि द्वारका एक्सप्रेस-वे के पास दो कारों के बीच टक्कर के बाद आग लग गई है। इसके बाद दमकल विभाग और पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह हादसा इको और क्रेटा गाड़ी की टक्कर से हुआ। इस दौरान इको का ड्राइवर फंस गया। वह बुरी तरह झुलस गया। पुलिस ने उसे नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना में दो अन्य लोग भी मामूली रूप से झुलस गए।

आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा में भारतीय वायुयान विधेयक-2024 पर चर्चा के दौरान आम लोगों पर बढ़ते हवाई किरायों के बोझ का मुद्दा उठाया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सांसद राघव चड्ढा संसद में बोलेः क्या हुआ हवाई चप्पल वालों को हवाई जहाज में सफर कराने के सरकार के वादे का? उड़ान स्कीम में सस्ते हवाई टिकट देने का वादा भूली सरकार हवाई यात्रा के नाम पर जनता की काटी जा रही है जेब, मालदीव की फ्लाइट है सस्ती, लेकिन लक्षद्वीप की फ्लाइट है महंगी हवाई यात्रा को लक्जरी के बजाय आम यात्री के लिए सुलभ बनाए सरकार एयरपोर्ट पर एक कप चाय के लिए भी खर्च करने पड़ते हैं 200-250 रुपये महंगी टिकट के बाद भी यात्रा की कोई गारंटी नहीं, आपका सामान चाहे टूटे चाहे फूटे कोई वारंटी नहीं! बस अड्डों से बदतर बने देश के एयरपोर्ट, लगती हैं लंबी-लंबी लाइनें, छूट जाती हैं लोगों की फ्लाइटें देश के कई टूरिस्ट स्पॉट पर नहीं हैं एयरपोर्ट, कनेक्टिविटी न होने के पर्यटन हो रहा प्रभावित मालदीव की फ्लाइट है सस्ती, लेकिन लक्षद्वीप की फ्लाइट है महंगी लोग जल्दी पहुंचने के लिए खरीदते हैं महंगी टिकट, लेकिन छोटे शहरों में फ्लाइट हो रहीं 3 से 4 घंटे लेट प्रेस विज्ञप्ति आप सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा में उड़ान स्कीम पर कहा, ह्लहवाई चप्पल छोड़िए, बाटा शूज पहनने वाला भी नहीं कर पा रहा हवाई सफर हवाई यात्रा की बढ़ती कीमतों से आम आदमी के लिए सफर करना हुआ महंगा, प्लेन से ट्रेन पर लौट रहा आम आदमी- राघव चड्ढा राघव चड्ढा ने सस्ती ह्यउड़ानह्व योजना पर सवाल उठाते हुएकहा-ह्लजब से योजना लागू हुई, तब से बंद हो चुकी हैं कई एयरलाइंस कंपनियां महंगी टिकट के बाद भी यात्रा की कोई गारंटी नहीं है, आपका सामान चाहे टूटे-फूटे कोई वारंटी नहीं है- राघव चड्ढा नई दिल्ली, 04 दिसंबर 2024 आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने संसद में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पर चर्चा करते हुए देश के आम नागरिकों की हवाई यात्रा से जुड़ी चुनौतियों को बेहद मार्मिक तरीके से उठाया। इस दौरान उन्होंने हवाई यात्रा को आम जनता के लिए सुलभ बनाने और इसमें सुधार लाने की जरूरत पर भी जोर दिया। सांसद राघव चड्ढा ने सदन में कहा कि सरकार ने वादा किया था कि हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज में यात्रा करवाएंगे, लेकिन हो रहा है इसका उल्टा। आज हवाई चप्पल तो छोड़िए, बाटा के जूते पहनने वाला भी हवाई यात्रा का खर्चा नहीं उठा सकता। राघव चड्ढा ने बताया कि सिर्फ एक साल के भीतर हवाई यात्रा के किरायों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम जनता पर बोझ बढ़ा है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली से मुंबई और पटना जैसे सामान्य रूट्स पर टिकटों की कीमतें 10,000 से 14,500 रुपए तक पहुंच गई हैं। वहीं, उन्होंने मालदीव का उदाहरण देते हुए कहा कि सरकार एक तरफ को मालदीव की बजाय लक्षद्वीप को टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर प्रचारित कर रही है, लेकिन मालदीव का किराया 17 हजार रुपए है, तो वहीं लक्षद्वीप का किराया 25 हजार रुपए है। एयरपोर्ट्स बने बस अड्डा- राघव चड्ढा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि देश के एयरपोर्ट्स की हालत बस अड्डों से भी बदतर हो गई है। लंबी लाइनों, भीड़भाड़, और खराब प्रबंधन के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इस स्थिति को सुधारने और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने की मांग की। हवाई यात्राः सुविधा या लग्जरी राघव चड्ढा ने कहा कि हवाई यात्रा को लग्जरी ट्रेवल बनाने की बजाय आम यात्री के लिए सुलभ बनाना है। इस देश में जहाज में उड़ना और जहाज में उड़ कर मंजिल तक पहुंचना, आज भी इस देश की बहुत बड़ी आबादी के लिए बहुत बड़ा सपना है। उन्होंने यह भी कहा कि हवाई यात्राओं के लिए लंबी कतारें, देरी, और बुनियादी सुविधाओं की कमी आम यात्रियों के लिए भारी समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति एयरपोर्ट तक टैक्सी में 600-700 रुपए देकर पहुंचता है, उसे पता लगता है कि फ्लाइट 3 घंटा देरी से है।

दिल्ली में बिगड़ी कानून व्यवस्था के खिलाफ विधानसभा परिसर में आप विधायकों का विरोध-प्रदर्शन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली की बदहाल कानून व्यवस्था का मामला बुधवार को विधानसभा में जमकर गूंजा। बिगड़ी कानून व्यवस्था के खिलाफ आम आदमी पार्टी के विधायक सदन में हंगामा शुरू कर दिए और भाजपा व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बेल में आ गए। इसके बाद विधायकों ने सदन से बाहर आकर विधानसभा परिसर में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान विधायकों के हाथ में नारों से लिखी तख्तियां भी थी। विधायकों ने नारेबाजी कर अमित शाह से बिगड़ी कानून व्यवस्था पर जवाब देने की मांग की। सीएम आतिशी ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार के पास दिल्ली के लोगों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी है, लेकिन वह इस काम में बिल्कुल फेल हो चुकी है। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि बुधवार सुबह दिल्ली में एक बहुत दर्दनाक हादसा हुआ है। नेबसराय में एक परिवार के तीन सदस्यों का दर्दनाक तरीके से मर्डर हुआ है। यह दिल्ली में बढ़ते हुए क्राइम की पहली घटना नहीं है। दिल्ली में आज कहीं भी चले जाओ, कहीं गोलियां चल रही हैं, कहीं खुलेआम चाकू घोंपकर लोगों का मर्डर किया जा रहा है, कहीं ड्रग्स बिक रहा है। पिछले दो महीनों में दिनदहाड़े दो पुलिस वालों का भी कत्ल हो गया। भाजपा की केंद्र सरकार के पास दिल्ली में सिर्फ एक जिम्मेदारी है, वो है दिल्ली के लोगों को सुरक्षा देना। लेकिन यह बिल्कुल साफ हो गया है कि भाजपा शासित केंद्र सरकार दिल्ली वालों को सुरक्षित रखने में पूरी तरह फेल है। उधर, आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आज पूरी दिल्ली क्राइम कैपिटल बनती जा रही है। आज सुबह एक परिवार के तीन-तीन लोगों को मार दिया गया। कोई ऐसा दिन नहीं जाता, जब यह खबर न आती हो कि यहां व्यापारियों पर गोली चला दी गई, महिलाओं के साथ वारदात हो गई, या मर्डर हो गया। दिल्ली का हर क्षेत्र आज जिस तेजी के साथ अपराध का शिकार बन रहा है, उससे हर इंसान खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। व्यापारियों के मन में डर बैठा हुआ है। कई घटनाएं सामने आ रही हैं, कोई भी बाहर निकलता है और किसी को भी मार दिया जा रहा है। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में जिस तरह से गैंगस्टरों का राज बढ़ रहा है, इसे लेकर केवल सदन में ही नहीं, बल्कि पूरी दिल्ली के लोगों के मन में यह सवाल है कि आखिर वह करें क्या? दिल्ली सरकार के पास अधिकार नहीं हैं। देश के गृह मंत्री इस मामले पर चुप बैठे हैं और कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। भाजपा को लगता है कि यह कोई मुद्दा ही नहीं है। दिल्ली में जिस तरह से मर्डर हो रहे हैं, लोगों पर हमले हो रहे हैं, अगर यह भाजपा नेताओं के लिए कोई मुद्दा नहीं है, तो फिर दिल्ली के लोग जाएं तो कहां जाएं? गोपाल राय ने कहा कि 2 साल से यह लोग सदन में मुद्दे उठा रहे हैं, लेकिन जो मर्डर हो रहे हैं, उसका जवाब कौन देगा।

दिल्ली में ट्रिपल मर्डरः सीएम आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना, कही ये बातें

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली के नेब सराय में हुए ट्रिपल मर्डर को लेकर मुख्यमंत्री आतिशी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने मयूर विहार फेज टू में बुधवार को कहा, दिल्ली में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। नेब सराय इलाके में एक परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी गई। यह दिल्ली में बढ़ते क्राइम की पहली घटना नहीं है। दिल्ली में आज आप कहीं पर भी जाइए, कहीं गोलियां चल रही है तो कहीं चाकू गोदकर लोगों की हत्या की जा रही है। दिनदहाड़े पुलिस वालों का भी कत्ल हो चुका है। केंद्र सरकार के पास दिल्ली में सिर्फ एक जिम्मेदारी है, वह है दिल्ली के लोगों को सुरक्षा देना। लेकिन, यह बिल्कुल साफ हो गया है कि केंद्र सरकार भारतीय जनता पार्टी शासित केंद्र सरकार दिल्ली वालों को सुरक्षित रखने में फेल साबित हुई है। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा दिल्ली में कानून व्यवस्था की क्या स्थिति है, इसपर किसी आंकड़े की जरूरत नहीं है।

सुखबीर बादल की जान बचा पंजाब पुलिस ने पेश की मिसाल : केजरीवाल

नई दिल्ली, । पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल के ऊपर हुए जानलेवा हमले की आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने विधानसभा में दिल्ली में बिगड़ी कानून व्यवस्था पर चर्चा के दौरान सुखबीर बादल पर हुए हमले पर कहा कि सुखबीर बादल के ऊपर किसी ने गोली चलाने की कोशिश की लेकिन पंजाब पुलिस की मुस्तैदी की वजह से बड़ा हादसा होते-होते बच गया। पंजाब पुलिस ने न सिर्फ इस घटना को रोका बल्कि पूरे देश के सामने एक मिसाल पेश की है कि किस तरह से कानून-व्यवस्था को मुस्तैदी से बरकरार रखा जा सकता है। इस घटना के बाद पूरी भाजपा पंजाब की कानून व्यवस्था पर बोलने लगी लेकिन दिल्ली में बिगड़ी कानून व्यवस्था पर वह बिल्कुल चुप है। दिल्ली विधानसभा में शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन बुधवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सदन में कहा कि आज पंजाब में एक बहुत बड़ा हादसा होने से बच गया। पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुखबीर बादल के ऊपर किसी ने गोली चलाने की कोशिश की। पंजाब पुलिस की मुस्तैदी की वजह से और उनके अच्छे काम की वजह से एक बहुत बड़ा हादसा होते-होते बच गया। सुखबीर बादल सुरक्षित हैं। मैं इस घटना की कड़े से कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यहां एक बात साफ है कि पंजाब और पंजाबियों को बदनाम करने की एक बहुत बड़ी साजिश रची जा रही है। इसके पीछे बहुत बड़ी-बड़ी ताकतें शामिल हैं, जो पंजाब और पंजाबियों को बदनाम करना चाहती हैं। आज जिस तरह से पंजाब पुलिस ने न सिर्फ इस घटना को रोका बल्कि पूरे देश के सामने एक मिसाल पेश की है कि किस तरह से कानून-व्यवस्था को मुस्तैदी से बरकरार रखा जा सकता है।

राहुल को गाजीपुर सीमा पर रोकने से भारी यातायात जाम

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। उत्तर प्रदेश के संभल में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दौरे से पहले बुधवार को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे में गाजीपुर सीमा पर लगाए गए भारी अवरोधकों को तोड़कर कांग्रेस कार्यकताओं के वहां एकत्र होने से यातायत जाम हो गया। उत्तर प्रदेश पुलिस ने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अवरोधक लगा दिए और वाहनों की जांच शुरू कर दी है। दिल्ली से उत्तर प्रदेश जाने वाले मार्ग पर भारी भीड़ होने के कारण यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस द्वारा निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को यहां गाजीपुर सीमा पर रोक दिए जाने पर कांग्रेस की युवा शाखा के सदस्यों ने नारेबाजी की और पार्टी के झंडे लहराए। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया, हमें राजमार्ग पर लोगों के एकत्र होने की सूचना मिली है और हमने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया है। राहुल गांधी अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ सुबह गाजीपुर सीमा पर पहुंचे। गाजीपुर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था और उन्हें संभल की ओर जाने से रोकने के लिए अवरोधक लगाए गए थे। संभल में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 (उपद्रव या खतरे की आशंका में आदेश जारी करने की शक्ति) के तहत प्रतिबंध 31 दिसंबर तक बढ़ा दिए गए हैं। पहले यह प्रतिबंध रविवार को समाप्त होना था। इससे पहले गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने बताया, हम राहुल गांधी को संभल जाने की अनुमति नहीं देंगे क्योंकि वहां प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू कर रखी है। पुलिस गांधी को ह्यूपी गेट पर रोकेगी। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यातायात को नियंत्रित करने के लिए सीमा पर पुलिस बल तैनात किया गया है और मार्ग परिवर्तित किया जा रहा है। करीब आधे घंटे तक जाम में फंसे नोएडा निवासी आशीष सक्सेना ने कहा, मैं रेलवे स्टेशन से लौट रहा था और इस जाम में फंस गया। अगर मुझे इस बारे में पता होता तो मैं घर जाने के लिए कोई दूसरा रास्ता अपनाता। संभल की एक अदालत ने 19 नवंबर को एक मुगल कालीन मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश दिया था और उसी दिन एक टीम ने वहां सर्वेक्षण किया था। तभी से वहां तनाव की स्थिति है। दावा किया गया था कि मस्जिद वाले स्थान पर पहले हरिहर मंदिर था। उसके बाद 24 नवंबर को दोबारा सर्वेक्षण के दौरान प्रदर्शनकारियों के शाही जामा मस्जिद के पास एकत्र होने और सुरक्षा कर्मियों से भिड़ जाने के दौरान हिंसा भड़क उठी। इस हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए थे।

दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र को इचथियोसिस देखभाल और विकलांगता वर्गीकरण की याचिका पर विचार करने का दिया निर्देश

नई दिल्ली,। दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र को निर्देश दिया है कि वह एक जनहित याचिका (पीआईएल) को प्रतिनिधित्व के रूप में ले, जिसमें इचथियोसिस से पीड़ित रोगियों की देखभाल की निगरानी के लिए एक समिति के गठन की मांग की गई है। याचिका में और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 (आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम) के तहत इचथियोसिस को विकलांगता के रूप में वर्गीकृत करने का भी अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने मंगलवार को निर्देश जारी करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय और रोजगार मंत्रालय वर्तमान याचिका को एक प्रतिनिधित्व के रूप में ले और याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर देने और संबंधित विशेषज्ञों, समितियों से इनपुट लेने के बाद यथासंभव शीघ्रता से कानून के अनुसार निर्णय ले। अधिवक्ता अरविंद के माध्यम से सेंटर फॉर इचथियोसिस रिलेटेड मेंबर्स फाउंडेशन द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि इचथियोसिस का कोई स्थायी इलाज नहीं हैं। इस स्थिति से प्रभावित व्यक्ति व्यापक भेदभाव का सामना करते हैं, जिससे उन्हें मानसिक और शारीरिक दोनों तरह की पीड़ा सहनी पड़ती है। याचिका में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया है कि इचथियोसिस से पीड़ित कई व्यक्तियों के पास पहचान के दस्तावेज नहीं होते हैं, क्योंकि यह बीमारी उनके बायोमेट्रिक विवरण दर्ज करने से रोकती है। विकलांगता के रूप में मान्यता नहीं मिलने से लाभ से वंचितः यह भी कहा गया है कि इचथियोसिस आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम की धारा 2(एस) में उल्लिखित मानदंडों को पूरा करता है, लेकिन क्योंकि इसे आधिकारिक तौर पर विकलांगता के रूप में मान्यता नहीं दी गई है, इसलिए प्रभावित लोगों को अधिनियम के तहत विकलांग व्यक्तियों को मिलने वाले लाभों से वंचित किया जाता है।

भाजपा नेता प्रवेश रतन आप में शामिल

नई दिल्ली, । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता प्रवेश रतन बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। उन्हें 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में पटेल नगर (सुरक्षित) निर्वाचन क्षेत्र से हार का सामना करना पड़ा था। जाटव समुदाय से ताल्लुक रखने वाले रतन यहां पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक की मौजूदगी में आप में शामिल हुए। ह्यआपह्व नेता एवं पटेल नगर से पूर्व विधायक राज कुमार आनंद के भाजपा में शामिल होने के कुछ माह बाद यह घटनाक्रम देखने को मिला है। आनंद ने अप्रैल में दिल्ली सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और आप का दामन छोड़ दिया था। बाद में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक के तौर पर उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया। जुलाई में आनंद आप के एक अन्य विधायक करतार सिंह तंवर के साथ भाजपा में शामिल हो गए। दिल्ली में 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में रतन 30 हजार से अधिक मतों के अंतर से आनंद से हार गए थे। फरवरी 2025 में प्रस्तावित विधानसभा चुनावों में दोनों नेता अपनी नई पार्टियों के उम्मीदवारों के रूप में फिर एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हो सकते हैं। रतन ने कहा कि वह ह्यआपह्व प्रमुख अरविंद केजरीवाल से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने मुफ्त सुविधाओं के जरिए दिल्ली के लोगों, खासकर कमजोर वर्गों के जेब के बोझ को कम किया है।

दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार, मध्यम श्रेणी के करीब पहुंची

नई दिल्ली,। दिल्ली में बुधवार को वायु गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 211 दर्ज किया गया जो मध्यम श्रेणी में आता है। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को एक्यूआई 268 रहा जो खराब श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार बुधवार सुबह आठ बजे एक्यूआई 211 दर्ज किया गया। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब, 301 से 400 को बेहद खराब और 401 से 500 को गंभीर माना जाता है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता में इस सप्ताह लगातार सुधार देखा गया है और सोमवार को यहां एक्यूआई 273 था जबकि रविवार को यह 285 दर्ज किया गया था। शहर के 39 निगरानी केन्द्रों में से 15 ने बुधवार को वायु गुणवत्ता को मध्यम श्रेणी में और शेष ने इसे खराब श्रेणी में दर्ज किया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत तापमान से 2.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 68 प्रतिशत रहा। मौसम विभाग ने दिन में हल्का कोहरा छाए रहने तथा अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान जताया है।

दिल्ली में दो वाहनों में टक्कर के बाद लगी आग, एक की मौत

नई दिल्ली,। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका में मंगलवार रात एक एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) से टक्कर के बाद कार में आग लग गई जिससे कार सवार व्यक्ति की जलकर मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि टक्कर के बाद एसयूवी में भी आग लग गई लेकिन उसमें सवार यात्री समय रहते बाहर निकलने में सफल रहा। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना रात 12 बजकर 20 मिनट पर मिली और दमकल के दो वाहनों को मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने बताया, ह्यह्यजब तक दमकल के वाहन मौके पर पहुंचे तब तक दोनों वाहन आग की चपेट में आ चुके थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम यशोभूमि फ्लाईओवर पर पहुंची और पाया कि एक मारुति सुजुकी ईको तथा एक हुंडई क्रेटा दुर्घटनाग्रस्त हो गई हैं। अधिकारी ने कहा, संदेह है कि दोनों वाहनों की आमने-सामने से टक्कर हुई। अधिकारी ने कहा, क्रेटा कार सवार लोग समय रहते बाहर निकल गए लेकिन ईको कार में बैठा व्यक्ति उसमें ही फंसा रह गया और उसका जला हुआ शव बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि शव को शवगृह ले जाया गया है, शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

सुखबीर बादल की जान बचा पंजाब पुलिस ने पूरे देश के सामने पेश की सख्त कानून व्यवस्था की मिशाल - केजरीवाल

पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल के ऊपर हुए जानलेवा हमले की आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने विधानसभा में दिल्ली में बिगड़ी कानून व्यवस्था पर चर्चा के दौरान सुखबीर बादल पर हुए हमले पर कहा कि सुखबीर बादल के ऊपर किसी ने गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन पंजाब पुलिस की मुस्तैदी की वजह से बड़ा हादसा होते-होते बच गया। पंजाब पुलिस ने न सिर्फ इस घटना को रोका, बल्कि पूरे देश के सामने एक मिसाल पेश की है कि किस तरह से कानून-व्यवस्था को मुस्तैदी से बरकरार रखा जा सकता है। इस घटना के बाद पूरी भाजपा पंजाब की कानून व्यवस्था पर बोलने लगी, लेकिन दिल्ली में बिगड़ी कानून व्यवस्था पर वह बिल्कुल चुप है। दिल्ली विधानसभा में शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन बुधवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं नई दिल्ली से विधायक अरविंद केजरीवाल ने सदन में कहा कि आज पंजाब में एक बहुत बड़ा हादसा होने से बच गया। पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुखबीर बादल के ऊपर किसी ने गोली चलाने की कोशिश की। लेकिन पंजाब पुलिस की मुस्तैदी की वजह से और उनके अच्छे काम की वजह से एक बहुत बड़ा हादसा होते-होते बच गया। सुखबीर बादल सुरक्षित हैं। मैं इस घटना की कड़े से कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यहां एक बात साफ है कि पंजाब और पंजाबियों को बदनाम करने की एक बहुत बड़ी साजिश रची जा रही है। इसके पीछे बहुत बड़ी-बड़ी ताकतें शामिल हैं, जो पंजाब और पंजाबियों को बदनाम करना चाहती हैं। आज जिस तरह से पंजाब पुलिस ने न सिर्फ इस घटना को रोका बल्कि पूरे देश के सामने एक मिसाल पेश की है कि किस तरह से कानून-व्यवस्था को मुस्तैदी से बरकरार रखा जा सकता है। मैं पंजाब पुलिस की बहुत तारीफ करता हूं कि उन्होंने स्थिति को काबू किया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में जब सुबह यह घटना घटी तो पूरी भाजपा, उनके सारे नेता और पूरी मीडिया ने पंजाब में लॉ एंड ऑर्डर की पॉजिशन को उठाना शुरू कर दिया। पंजाब में हमने एक घटना को घटने से रोक दिया लेकिन जब दिल्ली के अंदर सरेआम मर्डर, शूटआउट हो रहे हैं। पूरी राजधानी गैंगस्टर्स के कब्जे में है। जगह-जगह नशा बिक रहा है। महिलाओं के साथ बलात्कार हो रहे हैं तो पूरी की पूरी भाजपा ऊपर से नीचे तक चुप हो जाती है।

नेब सराय हत्याकांड में मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार पर हमला बोला

नई दिल्ली, । नेब सराय इलाके में एक ही परिवार के तीन लोगों की चाकू घोपकर हत्या के मामले में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। आतिशी ने एक्स पर लिखा कि दिल्ली में दिन दहाड़े हत्याएं हो रही हैं, गोलियां चल रही रही हैं, खुलेआम ड्रग्स बिक रहे हैं। केंद्र सरकार की दिल्ली में एक ही जिम्मेदारी है- दिल्ली वालों को सुरक्षा देना। वो अपनी जिम्मेदारी में पूरी तरह फेल हैं। वहीं, अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, नेबसराय के एक ही घर में तीन हत्याएंङ्क. ये बेहद दर्दनाक और डराने वाला है। हर रोज दिल्लीवासियों की सुबह ऐसी ही डरावनी खबरों के साथ हो रही है। अपराधियों को खुली छूट मिली हुई है, कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। घर के घर बर्बाद हो रहे हैं, मासूम ज़िंदगियां जा रही हैं।

संक्षिप्त खबरें

स्टालिन और सोरेन ने जाति जनगणना और आरक्षण सीमा हटाने का किया आह्वान

नई दिल्ली। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत प्रमुख सामाजिक न्याय समर्थक नेताओं ने मंगलवार को जाति जनगणना, आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने और महिलाओं के अधिकारों को आगे बढ़ाने के लिए मजबूत प्रयासों का आह्वान किया। नई दिल्ली में मंगलवार शाम को अखिल भारतीय सामाजिक न्याय महासंघ के तीसरे संस्करण के सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंसिंग माध्यम से संबोधित करते हुए एम के स्टालिन ने कहा कि सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्ष राजनीति, समाजवाद, समानता, राज्य स्वायत्तता और संघवाद हमारे उद्देश्य हैं। हमें एकजुट होकर इन उद्देश्यों के लिए लड़ना कि आवश्यकता है। स्टालिन ने महिला आरक्षण विधेयक को जनगणना और निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन से जोड़ने और 2029 के बाद तक इसके क्रियान्वयन में देरी करने के लिए भाजपा की आलोचना की। स्टालिन ने लंबित रिक्तियों को संबोधित करने, न्यायिक नियुक्तियों में आरक्षण शुरू करने, आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने और राज्यों को अपनी आरक्षण नीतियां तैयार करने का अधिकार देने की अपनी मांग दोहराई। इस मौके पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमेन सोरेन ने कहा कि हमें सार्वजनिक सेवा में अधिकारियों के लैटरल एंट्री जैसे डिजाइन का विरोध करना चाहिए। संघर्ष की यह भावना हर कोने या इसमें शामिल लोगों तक पहुंचनी चाहिए। मुलायम सिंह यादव और एम. करुणानिधि जैसे नेताओं को लोगों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करना पड़ा।यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई। सांसद और विदुथलाई चिरुथिगल काची के अध्यक्ष थोल थिरुमावलवन ने कहा कि जाति जनगणना के बिना सामाजिक न्याय के उद्देश्यों को पूरी तरह से प्राप्त नहीं किया जा सकता है। समारोह में भाग लेने वालों में डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि, तृणमूल कांग्रेस सांसद मोहिमा मोइत्रा, फौजिया तहसीन शमद खान, सांसद, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) सहित कई नेता शामिल थे। राज्यसभा सदस्य पी विल्सन ने सभी नेताओं का आभार व्यक्त किया।

राहुल से मिले ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त, विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की

नई दिल्ली। भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ओएम ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की और दोनों देशों के संबंधों तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र एवं वैश्विक मुद्दों पर सार्थक चर्चा की।ओएम ने मंगलवार को 10 जनपथ पर राहुल गांधी से मुलाकात की और बुधवार को इस मुलाकात की तस्वीर एक्स पर साझा की। उन्होंने कहा, ह्यह्यविपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ एक सार्थक और विचारशील बातचीत हुई। भारत, ऑस्ट्रेलिया, हिंद-प्रशांत और दुनिया के बारे में बात हुई। ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त ने कहा कि दोनों देशों की महत्वपूर्ण द्विपक्षीय साझेदारी को प्रगाढ़ बनाने पर चर्चा करने के लिए बहुत कुछ है।

महापंचायत के लिए जुटने लगे किसान, लग गया है टेंट, सुरक्षा भी चाक चौबंद

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में होने वाली महापंचायत के लिए किसानों का जमावड़ा शुरू हो चुका है। विरोध प्रदर्शन स्थल पर टेंट लगाकर तैयारी पूरी कर ली गई है। नोएडा में किसानों की गिरफ्तारी के बाद भारतीय किसान यूनियन ने महापंचायत बुलाई थी। ये महापंचायत ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर होगी। महापंचायत में पांच मंडल सहारनपुर, मेरठ, अलीगढ़, मुरादाबाद , आगरा के हजारों की संख्या में किसान शामिल होंगे। मुजफ्फरनगर के सिसौली गांव में हुई पंचायत में इसका निर्णय भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने लिया।

शीर्ष अदालत ने भाजपा नेता के विरूद्ध दर्ज दो प्राथमिकी सीबीआई को सौंपी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 2020 में पश्चिम बंगाल प्रदेश भाजपा के नेता कबीर शंकर बोस के सुरक्षाकर्मियों एवं तृणमूल कांग्रेस के बीच हुई हाथापाई को लेकर बोस के विरूद्ध दर्ज की गयी दो प्राथमिकियों को बुधवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया।न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना एवं न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने बोस की एक याचिका पर यह फैसला दिया। बोस ने शीर्ष अदालत से इस मामले की जांच पश्चिम बंगाल पुलिस से लेकर सीबीआई या विशेष जांच दल (एसआईटी) या किसी स्वतंत्र एजेंसी को सौंपने का निर्देश देने का अनुरोध किया था।पीठ ने कहा, ह्यह्यइस मामले के विशिष्ट तथ्यों को देखते हुए प्रतिवादियों को आदेश दिया जाता है कि वे दोनों प्राथिमिकियों के जांच संबंधी दस्तावेज तथा जांच पूरी करने के लिए सभी रिकॉर्ड सीबीआई को सौंप दें।

लघु सचिवालय की सुरक्षा के लिए एसडीएम व सीटीएम ने किया निरीक्षण

भवन में सफाई व्यवस्था तथा केबल सैटलमेंट के किए जाएंगे उपाय-लघु सचिवालय बिल्डिंग का फायर सेफ्टी प्लान पीडब्ल्यूडी में लंबित

प्रात: किरण/एजेंसी

गुरुग्राम। लघु सचिवालय भवन की सुरक्षा व अन्य कार्यों को लेकर उपायुक्त अजय कुमार के निदेर्शानुसार बुधवार को एसडीएम रविंद्र कुमार व नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम ने निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी उनके साथ मौजूद रहे। लघु सचिवालय परिसर में पड़े कूड़े के ढेर से धुआं सुलगने तथा आसपास स्थित महत्वपूर्ण रिकार्ड रूम को इस प्रकार की घटनाओं से सुरक्षित रखने के लिए उपायुक्त ने एसडीएम रविंद्र कुमार को बिल्डिंग का मुआयना करने के निर्देश दिए थे। एसडीएम ने नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम के साथ लघु सचिवालय भवन की सभी मंजिलों का अवलोकन किया। उन्होंने देखा कि कई स्थानों पर बिजली, सीसीटीवी कैमरा, जनरेटर, एसी, एलईडी स्क्रीन आदि की तारें अस्त-व्यस्त ढंग से लटकी हुई हैं, जिनमें कभी भी शार्ट सर्किट हो सकता है। इसी प्रकार सचिवालय परिसर के आसपास वृक्षों की अधिकता के कारण सूखे पत्ते के ढेर लगे रहते हैं। यहां आने वाले नागरिक और कुछ कर्मचारी कहीं भी कूड़ा-करकट डाल देते हैं। जिस कारण कचरे के ढेर में

कभी भी आग सुलगने की आशंका बनी रहती है। सरल केंद्र, मोटर व्हीकल रिकार्ड रूम, आरटीए ऑफिस रिकार्ड रूम आदि का निरीक्षण करने के बाद एसडीएम ने कहा कि सचिवालय परिसर की सफाई व्यवस्था को और अधिक चाक-चौबंद बनाया जाएगा तथा प्रमुख स्थानों पर बड़े डस्टबिन रखवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस बिल्डिंग का फायर सेफ्टी प्लान लोक निर्माण विभाग ने स्वीकृति के लिए मुख्यालय रखा है। जिसकी अनुमानित लागत करीब 1.5 करोड़ रुपये है। यह प्लान लागू होने तक भवन के कमरों में रोशनदान की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा केबल ट्रे, डक तथा शॉफ्ट लगवा कर बिखरी हुई तारों को सही ढंग से लगवाया जाएगा।

नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम ने बताया कि सचिवालय परिसर में एसडीएम ऑफिस, जिला राजस्व अधिकारी, तहसीलदार, सरप्लस, उपायुक्त कार्यालय की शाखाओं के रिकार्ड रूम स्थापित हैं। इन कमरों में विशेष रूप से अग्नि सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे।

सचिवालय में सीवरेज सिस्टम की सफाई करवाई जाएगी। इस अवसर पर उनके साथ डीआइओ विभु कपूर, लोकनिर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता चरणदीप सिंह राणा, डीएसईओ विनोद वर्मा, बीएंडआर इलेक्ट्रिकल के एसडीओ राममेहर, जेई जुनैद, डीआरओ ऑफिस की अधीक्षक प्रवीन, आपदा प्रबंधन परियोजना अधिकारी पूनम इत्यादि मौजूद रहे।

गुरुग्राम: एक बार फिर से धनकोट क्षेत्र में समस्याओं से निजात मिलने की जगी उम्मीद

अब नए उपायुक्त ने दिए निर्देश, कहा शहर का प्रवेश द्वार समस्या मुक्त हो, इनसे पहले उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने भी दौरा करके देखे थे हालात, सुधार कम हुआ

प्रात: किरण/एजेंसी

गुरुग्राम, एजेंसी। धनकोट क्षेत्र में जाम, जलभराव व अतिक्रमण से निजात मिलने की एक बार फिर से उम्मीद जगी है। पूर्व उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने भी दौरा करके धनकोट में इन समस्याओं से निजात दिलाने की बात कही थी। जो धरातल पर काम नजर आया, उसे मजबूत काम नहीं कह सकते। ऐसे में अब नए उपायुक्त अजय कुमार ने इस काम के लिए कदम बढ़ाए हैं।

उपायुक्त अजय कुमार ने इन समस्याओं से निजात दिलाने को लेकर कहा कि अधिकारी अपने स्तर के सभी प्रयासों में तेजी लाएं। इसके लिए विभिन्न विभाग समन्वय बनाकर जमीन पर बदलाव लाएं। लघु सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गांव धनकोट को गुरुग्राम शहर का प्रवेश द्वार माना जाता है। ऐसे में धनकोट में सडकों की दशा, यातायात आदि व्यवस्था में हर हाल में सुधार करें। उन्होंने कहा कि

जिला स्तरीय सडक सुरक्षा समिति में यह मुद्दा उठाया जा चुका है। इसके अलावा प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य, वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह बीते माह विभागीय अधिकारियों के साथ गांव धनकोट का अवलोकन कर चुके हैं। अधिकारी तुरंत प्रभाव से सुनिश्चित करें यहां सरकारी जमीन पर अतिक्रमण दिखाई न दे। नगर निगम अधिकारी सुनिश्चित करें कि नाले की सफाई पर भी एक्शन दिखाई दे। स्थिति अवलोकन के लिए उपायुक्त ने गुरुग्राम एसडीएम रविंद्र कुमार को उक्त स्थान का निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। एसडीएम रविन्द्र कुमार ने अपने सुझावों को सामने रखते हुए बताया कि धनकोट से निकल रही गुरूग्राम वाटर सप्लाई नहर (जीडब्ल्यूएस) पर बनी पुलिया का विस्तार कर वाहनों के आवागमन को सुविधाजनक बनाया जा सकता है।

बैठक में एसडीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि धनकोट से आगे सेक्टर-102 की ओर जाने वाली जो सडक द्वारका एक्सप्रेस-वे से मिल रही है, उसका एक छोर अभी भी जलभराव व कीचड़ जमा होने के कारण बंद है। इस पर उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि सडक की दोनों तरफ सफाई व मरम्मत करवाने का कार्य एचएसवीपी द्वारा तुरंत प्रभाव से शुरू किया जाए। इसके साथ ही उपायुक्त ने निर्देश दिए कि धनकोट नहर के दूसरी तरफ जहां कच्चा रास्ता है, वहां से अतिक्रमण हटवा कर बाईपास बनाने की संभावना पर काम किया जाए। इसके लिए लोकनिर्माण और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

उम्र 60 साल पार आवेदन के बाद भी पेंशन नहीं बनी, अब बनेगी

प्रात: किरण/एजेंसी

गुरुग्राम। 60 साल पार कर चुकी बुजुर्ग महिला द्वारा आवेदन करने के बाद भी बुढ़ापा पेंशन नहीं बनाई गई। अपनी इस समस्या को लेकर बुजुर्ग बिमला देवी समाधान शिविर में पहुंची। जिला उपायुक्त के समक्ष उन्होंने अपनी समस्या रखी। इस पर उपायुक्त ने उनकी पेंशन तुरंत बनाने के निर्देश दिए। पांच दिसंबर गुरुवार से उनकी पेंशन शुरू हो जाएगी। समाधान शिविर में 16 समस्याएं रखी गई।

तीन शिकायतों का तत्काल निवारण किया। 13 में कार्यवाही के निर्देश दिए गए। समाधान शिविर में बंधवाड़ी गांव की बिमला देवी शिकायत लेकर आई कि वह बीपीएल परिवार से संबंध रखती है। उसकी आयु 60 साल हो चुकी है। उसने वृद्धावस्था पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन अभी तक कोई जवाब उसके पास नहीं आया है। इस पर उपायुक्त अजय कुमार ने समाज कल्याण विभाग के अन्वेषक अशोक कुमार को बिमला देवी के आवेदन के बारे में अपडेट जानने को कहा। अशोक कुमार ने बताया कि चंडीगढ़ मुख्यालय से उक्त महिला की पेंशन स्वीकृत हो गई है। इसे कल गुरुवार से ऑनलाइन शुरू कर दिया जाएगा। शिविर में गांव बसई की निवासी निर्मला शर्मा ने शिकायत रखी कि उनके गांव में एक निर्माण कंपनी द्वारा लाल डोरे की जमीन में अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। उनकी बड़ी मशीनरी रात भर चालू रहने के कारण ग्रामवासी काफी परेशान हैं। इसके अलावा कुछ केमिकल भी कपंनी की मशीनों से छोड़े जा रहे हैं। इस पर उपायुक्त ने कहा कि एमसीजी के संयुक्त आयुक्त इस मामले में प्रभावी कार्यवाही करें। समाधान शिविर में गांव धनकोट निवासी हरि सिंह ने शिकायत रखी कि उसे वर्ष 1980 में 100 गज का एक प्लाट पंचायती जमीन पर सरकार से मिला था।

गुरुग्राम जिला प्रशासन ने सर्दी से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

ठंड व शीतलहर से बचने के लिए एहतियात बरते जिलावासी

गुरुग्राम, एजेंसी। आगामी दिनों में ठंड व शीतलहर से बचाव के लिए क्या करें और क्या न करें, इस सम्बन्ध में हरियाणा राज्य राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। बचाव सम्बन्धी जानकारी देते हुए डीसी अजय कुमार ने लोगों से सचेत होकर शीतलहर आपदा से बचाव का आह्वान किया है। डीसी अजय कुमार ने कहा कि शीत लहर के समय यथासंभव घर के अंदर ही रहे, ठंडी हवा से बचने के लिये कम से कम यात्रा करें। रेडियो व अन्य मीडिया से मौसम की जानकारी लेते रहें। बुजुर्ग और बच्चों का ठीक से देखभाल करें एवं ऐसे पड़ोसी जो अकेले रहते हैं, विशेषकर बुजुर्ग लोगों का हाल चाल पूछते रहें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि आपातकालिन आपूर्ति आसानी से उपलब्ध हो। एक परत वाले कपड़े की जगह ढीली फिटिंग वाले परतदार हल्के कपड़े, हवा रोधित सूती का बाहरी आवरण तथा गर्म उनी भीतरी कपड़े पहने। शरीर की गर्मी बचाए रखने के लिये टोपी एवं जलरोधी जूतो का प्रयोग करें। सिर को ढंके क्योंकि सिर के उपरी सतह से शरीर की गर्मी की हानि होती है और अपने फेफड़ो की सुरक्षा के लिये अपना मुहं ढक कर रखें। गर्म तरल पदार्थ नियमित कप से पिएं, इससे ठंड से लड़ने के लिये शरीर की गर्मी बनी रहेगी।

गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस ने घाटा टी-प्वायंट पर चलाया रिफ्लेक्टिव

प्रात: किरण/एजेंसी

गुरुग्राम। गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को घाटा टी-प्वायंट पर रिफ्लेक्टिव गुरुग्राम अभियान चलाया। इस दौरान वाहन चालकों के हेलमेट पर व वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। सहायक पुलिस आयुक्त यातायात मुख्यालय/हाईवे विकास कुमार, यातायात निरीक्षक बिजेंद्र सिंह, जोनल अधिकारी महेंद्र सिंह घाटा टी प्वाइंट और आरएसओ टीम की सहायता से रिफ्लेक्टर टेप लगाने की मुहिम को जारी रखा गया। जिसमें कोहरे वाली सर्दियों के मौसम के दौरान सडक सुरक्षा में सुधार के लिए चल रहे प्रयासों के तहत गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस और सडक सुरक्षा

संगठन ने घाटा टी-प्वायंट पर अपना रिफ्लेक्टिव गुरुग्राम अभियान चलाया। यह अभियान सर्दियों के कोहरे के कारण कम दृश्यता की स्थिति के दौरान उनकी दृश्यता बढ़ाने के लिए साइकिल, मैन्युअल रूप से खींचे जाने वाले रिक्शा, गाड़ियां, ऑटो-रिक्शा और ट्रैक्टर ट्रॉली पर प्रतिबिंबित टेप चिपकाने पर केंद्रित था।

घाटा टी-प्वाइंट, एक व्यस्त केंद्र होने के नाते गैर-मोटर चालित और धीमी गति से चलने वाले वाहनों की एक महत्वपूर्ण उपस्थिति देखी जाती है। जो विशेष रूप से कोहरे के मौसम के दौरान असुरक्षित होते हैं। यातायात पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों और आरएसओ टीम ने सक्रिय रूप से वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए।

जिससे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। सडक दुर्घटनाओं के जोखिम को कम किया जा सके। इस अभियान के दौरान करीब 250 वाहनों पर रिफ्लेक्टि टेप लगाई गई। वाहन मालिकों के लिए जागरुकता सत्र भी आयोजित किए गए, जिसमें दृश्यता और सुरक्षित सडक के महत्व पर जोर दिया गया। यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा सार्वजनिक हित में इस अभियान को भविष्य में भी निरंतर जारी रखा जाएगा।

धर्म के आधार से ही सुखमय भारत की पुनर्स्थापना संभव: स्वामी सवार्नंद

ओम शांति रिट्रीट सेंट में हुआ तीन दिवसीय अखिल भारतीय साधु संत महासम्मेलन

प्रात: किरण/एजेंसी

गुरुग्राम। बोहड़ा कलां स्थित ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में तीन दिवसीय अखिल भारतीय साधु संत महासम्मेलन का आयोजन हुआ। पावन श्रेष्ठाचारी सुखमय भारत की पुनर्स्थापना विषय पर आयोजित सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में अनेक संतों ने अपने विचार रखे। दादी प्रकाशमणी सभागार में महाशक्ति पीठ दिल्ली से आए महामंडलेश्वर सवार्नंद सरस्वती ने कहा कि धर्म का वास्तविक अर्थ धारणाओं से है। आज हमने संप्रदाय को ही धर्म समझ लिया है। ब्रह्माकुमारीज देश, धर्म और जाति से ऊपर उठकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पवित्रता के आधार से नई दुनिया की पुनर्स्थापना धर्म सत्ता ही कर सकती है। हमें सिर्फ बाहर से नहीं, बल्कि अंदर से साधु बनने की जरूरत है। रुडकी से आए महामंडलेश्वर स्वामी दिनेशानंद भारती ने कहा कि धर्म के मार्ग पर चलने वाले की रक्षा धर्म स्वयं करता है। उन्होंने कहा कि पाप की मूल जड़ें अशुद्ध कामनाएं हैं। श्रेष्ठाचारी भारत के निर्माण का आधार धर्म है। ऋषिकेश से पधारे महामंडलेश्वर स्वामी स्वतंत्रानंद जी महाराज ने कहा कि सम्मान उन्हीं का होता है, जो जोड ` का कार्य करता है। हमें जीवन को आज सामाजिक समरसता बहुत जरूरी है। हरि मंदिर पटौदी से महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव ने कहा कि संतों की वजह से ही आज पूरे विश्व में भारत का नाम बड़े गौरव से लिया जाता है। भारत विश्व गुरु है। क्योंकि भारत ही पूरे विश्व को अज्ञान अंधकार से निकालता है। ब्रह्माकुमारीज संस्था सनातन धर्म की पुनर्स्थापना में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। हिंदू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद ने कहा कि सनातन धर्म एक मात्र ऐसा है, जो सारे विश्व को परिवार मानता है। भारत परमात्मा की अवतरण भूमि है। अयोध्या से आये रसिक पीठाधीश्वर महंत जनमेजय शरण जी महाराज ने कहा कि परमात्मा से जुड़ने का एक मात्र सूत्र प्रेम है। हरिद्वार से आए महामंडलेश्वर स्वामी यमुनापुरी जी महाराज ने कहा कि मनुष्य का जन्म ही धर्म के साथ होता है। आत्मा के मूल गुण ही वास्तव में धर्म का स्वरूप है। कटनी, मध्य प्रदेश से पधारे आचार्य परमानंद जी महाराज ने कहा कि सुखमय भारत की पुनर्स्थापना में धर्म की अहम भूमिका है। महर्षि भृगु पीठाधीश्वर गोस्वामी सुशील जी महाराज ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान को मैंने स्वयं अपनी आंखों से पल्लवित और पुष्पित होते देखा है। दिल्ली, एनसीआर के संत महामंडल की अध्यक्षा महामंडलेश्वर स्वामी विद्यागिरी जी महाराज ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनें नारी शक्ति को जगाने का सराहनीय कार्य कर रही हैं। ब्रह्माकुमारीज संस्था के प्रमुख महासचिव राजयोगी बृजमोहन ने कहा कि परमात्म प्रेम ही वास्तव में सत्य है। परमात्मा अविनाशी होने के कारण उसका प्रेम भी अविनाशी है।

लखनऊ में बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर दी जाएगी सुर श्रद्धांजलि

प्रात: किरण/एजेंसी

लखनऊ। योगी सरकार की तरफ से संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर 6 दिसंबर को कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। योगी सरकार के निर्देशन में संस्कृति विभाग की तरफ से तैयारी पूरी कर ली गई है। भारत रत्न डॉ. आंबेडकर को सांस्कृतिक सुर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।इसमें उत्तर प्रदेश के साथ ही मुंबई व अन्य प्रांतों के कलाकार भी संविधान व बाबा साहेब से जुड़ी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम डॉ. भीमराव आंबेडकर मेमोरियल, गोमती नगर, में शाम चार से रात्रि आठ बजे तक आयोजित किया जाएगा।बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. भीमराव आंबेडकर मेमोरियल में सांस्कृतिक सुर श्रद्धांजलि होगी। इसमें मुंबई की रसिका-कृतिका बोरकर व टीम की तरफ से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। यहां दोनों बहनों की तरफ से प्रस्तुति दी जाएगी।इसके साथ ही औरंगाबाद के राहुल हरिभाऊ दांगड़े अनविलकर भी अपने स्वर से बाबा साहेब के कृतित्व व व्यक्ति पर गायन प्रस्तुत करेंगे। महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मेजबान उत्तर प्रदेश के कलाकारों को भी मंच मिलेगा।

भंडाफोड़ | कॉल सेंटर के मालिक/संचालक सहित कुल तीन आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम से यूएसए के लोगों से ठगी करने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़

प्रात: किरण/एजेंसी

गुरुग्राम,एजेंसी। गुरुग्राम साईबर अपराध पुलिस ने ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो गुरुग्राम में बैठकर यूएसए के लोगों से ठगी करता था। मौके से कॉल सेंटर के मालिक/संचालक सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना साईबर अपराध दक्षिण के प्रबंधक निरीक्षक मदन लाल की टीम को एक गुप्त सूचना मिली। सूचना देने वाले ने बताया कि मकान नम्बर-684 दुर्गा कॉलोनी झाड़सा सेक्टर-39 गुरुग्राम में अवैध/फर्जी तरीके से कॉल सेन्टर चलाया जा रहा है।

इस सेंटर से यूएसए के नागरिकों को कस्टमर सर्विस देने के नाम पर धोखाधड़ी करके ठगी की जाती है।इस सूचना पर सहायक पुलिस आयुक्त साईबर अपराध प्रियांशु दीवान के निर्देशन में पुलिस टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उक्त

कॉल सेंटर फर्जी/अवैध तरीके से संचालित होने का खुलासा हुआ। विदेशी नागरिकों को तकनीकी सहायता देने के नाम पर धोखाधड़ी करके ठगी भी वहां से की जाती थी। कॉल सेंटर के मालिक/संचालक सहित कुल तीन आरोपियों को कॉल सेंटर से काबू किया गया। पुलिस टीम द्वारा कॉल सेंटर से काबू किए गए आरोपियों की पहचान अमनदीप सिंह उर्फ प्रिन्स (34) निवासी टैगोर गार्डन एक्सटेन्शन नई दिल्ली, पलविन्द्र सिंह (25) निवासी संतगढ, तिलक नगर नई दिल्ली व ईशव घई (25) निवासी संन्त गढ, तिलक नगर नई दिल्ली के रुप में हुई। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के खिलाफ थाना साईबर अपराध दक्षिण में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया। आरोपी अमनदीप सिंह उर्फ प्रिन्स इस कॉल सेन्टर का मालिक है। वह अपने साथियों/कर्मचारियों के साथ मिलकर इस कॉल सेंटर को चलाता है।

कॉल सेंटर मालिक अपने अन्य साथियों को प्रतिमाह 35 हजार रुपये वेतन तथा ठगी गई राशि का एक प्रतिशत कमीशन देता था। कॉल सेंटर के मालिक/संचालक से पुलिस पूछताछ में यह भी पता चला कि वह अगस्त-2024 से अपने साथी आरोपियों के साथ मिलकर यह काम कर रहा है। ये लोग विदेशी मूल के नागरिकों को टेक्निकल सपोर्ट की कस्टमर केयर सर्विस प्रदान करने के नाम पर ठगी करते हैं। विदेशी नागरिकों द्वारा टोल फ्री नंबर पर कॉल करने पर विभिन्न माध्यमों से कॉल इनके कॉल सेंटर पर आती थी।

ये लोग विदेशी नागरिकों को खुद को एक नामी कम्पनी का प्रतिनिधि बताकर उनकी समस्या दूर करने के नाम पर उनके कंप्यूटर में अल्ट्रा व्यूअर एप्लिकेशन डाउनलोड करवाकर विदेशी नागरिकों के कंप्यूटर सिस्टम का रिमोट एक्सेस प्राप्त कर लेते हैं। फिर उनका कंप्यूटर हैक करने की बात कहकर व उनकी उस समस्या को दूर करने के नाम पर उनसे 100-500 डॉलर तक के गिफ्ट कार्ड खरीदवा लेते हैं। ये उनसे खरीदे गए गिफ्ट कार्ड का नंबर पूछ लेते हैं। फिर इनके अन्य साथी द्वारा उन गिफ्ट कार्ड को रिडीम करवा लिया जाता है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जा से इस जालसाजी में प्रयोग किए जाने वाले दो लैपटॉप व एक मोबाईल फोन बरामद किए गए है।

संसद में सदस्यों के आगमन के समय प्रवेश द्वार को अवरुद्ध नहीं किया जाए: लोकसभा अध्यक्ष

नई दिल्ली। विपक्षी गठबंधन इंडिया के कई घटक दलों के सांसदों द्वारा अदाणी समूह से जुड़े मुद्दे को लेकर बुधवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन करने की पृष्ठभूमि में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि सदस्यों को संसद के प्रवेश द्वार को अवरुद्ध नहीं करना चाहिए।बिरला ने सदन में कहा, ह्यह्यमैंने पूर्व में भी आग्रह किया था, फिर आज आग्रह कर रहा हूं। संसद भवन के प्रवेश द्वार पर अवरोध होने की शिकायत कई सदस्यों ने की है। मेरा सभी राजनीतिक दलों से आग्रह है कि संसद भवन में आगमन के समय प्रवेश द्वार को अवरुद्ध नहीं करें। अध्यक्ष ने कहा कि विशेष रूप से महिला सांसदों ने उनसे संसद में प्रवेश के समय कठिनाई होने की बात व्यक्तिगत रूप से आकर कही है।उन्होंने कहा, ह्यह्यमैंने व्यवस्था दी है और पुनः आज व्यवस्था दे रहा हूं। सदस्यों को कोई परेशानी है तो मुझे आकर मिलें।

सम्पादकीय

विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थानों पर उठते सवाल

भारतीय संस्थानों से एसटीईएम स्नातकों के एक बड़े प्रतिशत में आवश्यक कौशल का अभाव है, जो उद्योग और अनुसंधान प्रगति में बाधा डालता है। संस्थागत रैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान आउटपुट पर ध्यान केंद्रित करने से कई शिक्षण-केंद्रित संस्थानों ने अक्सर निम्न-गुणवत्ता वाले आउटलेट में प्रकाशन पत्र और पेटेंट को प्राथमिकता दी है, कई संस्थानों में संकाय पर अत्यधिक बोझ है, पेशेवर विकास के लिए बहुत कम समय या प्रोत्साहन है। संकाय भर्ती अक्सर स्थानीयकृत होती है, जिससे शैक्षणिक प्रदर्शन और दृष्टिकोण की विविधता सीमित हो जाती है। क्वांटम कंप्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी पहलों के लिए कुशल पेशेवरों की आवश्यकता होती है, लेकिन सीमित योग्य कर्मियों और अपर्याप्त प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे के कारण इन पहलों का उपयोग कम होने का खतरा है। वर्तमान संरचना संसाधनों, पाठ्यक्रम या संकाय के आदान-प्रदान की सुविधा नहीं देती है, जिससे शिक्षा और अनुसंधान के बीच विभाजन मजबूत होता है, विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी में योगदान के अपने समृद्ध इतिहास के साथ, भारत अब एक ऐसे महत्त्वपूर्ण मोड़ पर है जहाँ देश में (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जैसे-जैसे दुनिया तेजी से डिजिटल होती जा रही है, शिक्षा में प्रौद्योगिकी का समावेश केवल एक चलन नहीं बल्कि एक आवश्यकता बन गया है।

प्रौद्योगिकी छात्रों और शिक्षकों के बीच सहयोग को सुगम बनाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और उपकरण परियोजनाओं पर वास्तविक समय में सहयोग को सक्षम करते हैं, टीमवर्क और संचार कौशल को प्रोत्साहित करते हैं। ये सहयोगात्मक अनुभव पेशेवर दुनिया में वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति की सहयोगात्मक प्रकृति को दशार्ते हैं। शिक्षा में प्रौद्योगिकी का एकीकरण कई लाभ लाता है, यह चुनौतियों को भी सामने लाता है जिन्हें व्यापक परिवर्तन के लिए सम्बोधित करने की आवश्यकता है। डिजिटल डिवाइड एक महत्त्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है, जिसमें प्रौद्योगिकी और इंटरनेट तक पहुँच में असमानताएँ हैं। इस अंतर को पाटना यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि सभी छात्रों को, उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, प्रौद्योगिकी के उपयोग से लाभ उठाने के समान अवसर मिलें। शिक्षकों को भी अपने शिक्षण विधियों में प्रौद्योगिकी को प्रभावी ढंग से एकीकृत करने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण की आवश्यकता है। शिक्षकों के लिए निरंतर व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करना सुनिश्चित करता है कि वे प्रौद्योगिकी के उपयोग को समझने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। इसके अतिरिक्त, शिक्षा में प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग, जिसमें डेटा गोपनीयता और सुरक्षा शामिल है, को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। छात्रों की व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए सुरक्षा उपायों को लागू करना और शिक्षा प्रौद्योगिकी उपकरणों के विकास में नैतिक प्रथाओं को सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण कदम हैं।

शिक्षण-केंद्रित संस्थानों के मूल्यांकन को अनुसंधान मेट्रिक्स से अलग करके, रैंकिंग अनुसंधान आउटपुट पर शिक्षण गुणवत्ता को प्रतिबिंबित कर सकती है, जिससे इन संस्थानों पर निम्न-गुणवत्ता वाले अनुसंधान को आगे बढ़ाने का दबाव कम हो सकता है। शिक्षण संस्थानों को मूलभूत कौशल को मजबूत करने के लिए, विशेष रूप से प्रारंभिक वर्षों में, अनुसंधान पर शिक्षाशास्त्र को प्राथमिकता देनी चाहिए। एक समर्पित शिक्षण ट्रैक शुरू किया जा सकता है, जिससे शिक्षाशास्त्र में रुचि रखने वाले संकाय सदस्यों को अकेले अनुसंधान आउटपुट के बजाय अपने शिक्षण कौशल के आधार पर आगे बढ़ने की अनुमति मिल सके। अनुसंधान संस्थान संयुक्त डिग्री कार्यक्रम बनाने के लिए शिक्षण संस्थानों के साथ साझेदारी कर सकते हैं, जिससे उच्च प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अपना काम पूरा करने में मदद मिलेगी अनुसंधान-केंद्रित संस्थानों में अध्ययन। इस दृष्टिकोण का एक उदाहरण एनआईटी सूरत और आईआईटी बॉम्बे के बीच सहयोग है, जो छात्रों को एक प्रमुख संस्थान में उन्नत अध्ययन पूरा करने की अनुमति देता है।

आधुनिक विकास और गंगा के अस्तित्व पर मंडराता संकट

कुमार कृष्णन

भारत की सबसे महत्वपूर्ण नदी गंगा जो भारत और बांग्लादेश में कुल मिलाकर 2510 किमी की दूरी तय करती हुई उत्तराखंड में हिमालय से लेकर बंगाल की खाड़ी के सुंदरवन तक विशाल भू भाग को सींचती है, देश की प्राकृतिक संपदा ही नहीं, जन जन की भावनात्मक आस्था का आधार भी है। 2071 कि.मी तक भारत तथा उसके बाद बांग्लादेश में अपनी लंबी यात्रा करते हुए यह सहायक नदियों के साथ दस लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल के अति विशाल उपजाऊ मैदान की रचना करती है। सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण गंगा का यह मैदान अपनी घनी जनसंख्या के कारण भी जाना जाता है। 100 फीट (31 मीटर) की अधिकतम गहराई वाली यह नदी भारत में पवित्र मानी जाती है तथा इसकी उपासना माँ और देवी के रूप में की जाती है। भारतीय पुराण और साहित्य में अपने सौंदर्य और महत्व के कारण बार-बार आदर के साथ वंदित गंगा नदी के प्रति विदेशी साहित्य में भी प्रशंसा और भावुकतापूर्ण वर्णन किए गए हैं।

वैज्ञानिक मानते हैं कि इस नदी के जल में बैक्टीरियोफेज नामक विषाणु होते हैं, जो जीवाणुओं व अन्य हानिकारक सूक्ष्मजीवों को जीवित नहीं रहने देते हैं। गंगा की इस असीमित शुद्धिकरण क्षमता और सामाजिक श्रद्धा के बावजूद इसका प्रदूषण रोका नहीं जा सका है। आलम यह है कि इसे रोकने में सरकारी तंत्र का रवैया भी सुस्त है। तभी तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने मौखिक रुप से टिप्पणी करते हुए कहा है कि महाकुंभ मेले में करोड़ों लोग आते हैं, अगर सीवेज के मल-जल को गंगा में गिरने से नहीं रोका गया तो लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित होगा। गंगा बेसिन का लगभग 79 फीसदी क्षेत्र भारत में है। बेसिन में 11 राज्य शामिल हैं, जैसे उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और दिल्ली। गंगा बेसिन से जुड़े सवालों को लेकर गंगा मुक्ति आंदोलन की ओर से बिहार के मुजफ्फरपुर के चंद्रशेखर भवन, मिठनपुरा में ह्लगंगा बेसिन : समस्याएं एवं समाधानह्व विषयक राष्ट्रीय विमर्श में जुटे देश के आठ राज्यों और नेपाल के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर गंगा के सवाल पर देशव्यापी अभियान चलाने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय विमर्श के केन्द्र में नदियों का गाद से पेट भरना, प्रदूषण (औद्योगिक और नगरीय कचरा) पानी की कमी, बालू उठाव और खनन, नदी की जैव विविधता, ग्लेशियर का पिघलना, जलवायु संकट, कार्बन उत्सर्जन, पारिस्थितिकी असंतुलन, औद्योगिक क्रांति से पनपे विकास की विनाशकारी अवधारणा और जल जंगल जमीन पर जीने वाले समुदाय का अधिकार रहे। कार्यक्रम में ऑन लाइन जुड़कर आईआईटी कानपुर के प्रो. डॉ.राजीव सिन्हा, बीबीसी के चर्चित पत्रकार रहे राम दत्त त्रिपाठी, पूर्व सांसद एवं चौथी दुनिया के संपादक संतोष भारतीय, बिहार सरकार में अपर मुख्य सचिव रहे व्यास जी एवं विजय प्रकाश, उत्तराखंड के नदी कर्मी सुरेश भाई सहित तमाम लोगों की चिंता इस बात को लेकर रही कि आखिर विनाश का खेल कब तक जारी रहेगा। उत्तराखंड के सुरेश भाई का कहना था कि मध्य हिमालय में स्थित गौमुख ग्लेशियर में हो रहे बदलाव को समझना बहुत जरूरी है। समय रहते यदि इसके चारों ओर के पर्यावरण संरक्षण और संयमित विकास पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों में बहुत बड़ी समस्या पैदा हो सकती है। उत्तराखंड में गंगा के उद्गम आपदा और जलवायु परिवर्तन के चलते बुरी तरह प्रभावित हैं। इस भयानक स्थिति के बाद भी गंगा की एक महत्वपूर्ण धारा भागीरथी के उद्गम से ही गंगा की निर्मलता को लेकर एनजीटी ने बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। दूसरी बात है कि भागीरथी के उद्गम में लाखों देवदार के पेड़ों पर संकट की तलवार लटक रही है। यहां चौड़ी सड़क बनाने के लिए घने देवदार के जंगल को काटने की तैयारी चल रही है। इस विषय को तो राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा बनाया जाना ही चाहिए और एक बार फिर देशवासी उद्गम से लेकर देश में जहां-जहां से गंगा बह रही है उन तमाम राज्यों से हो रहे प्रदूषण, अतिक्रमण, शोषण के खिलाफ एक बार फिर से नदी बचाओ अभियान की तर्ज पर एकत्रित होकर आवाज बुलंद करना चाहिए।

झारखण्ड में क्यों धराशाई हो गए नफरत फैलाने के विशेषज्ञ?

महाराष्ट्र की जीत को हिंदुत्व की जीत प्रचारित किया गया। भाजपा द्वारा बंटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ हैं जैसे विवादित व वैमनस्य पूर्ण नारों का सहारा लिया गया। इसतरह वही भाजपा जिसने कभी बाल ठाकरे की शिवसेना की बैसाखी के सहारे महाराष्ट्र में अपने पैर रखने के प्रयास किये थे। उसी भाजपा ने शिवसेना को खंडित कर शिंदे गुट को अपने साथ मिलाकर पहले तो उद्धव ठाकरे की निर्वाचित सरकार गिराई। साथ ही शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस में फूट डलवाकर अजित पवार व उनके साथी विधायकों को अपने साथ जोड़ा।

-निर्मल रानी-

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

गत दिनों महाराष्ट्र व झारखण्ड के विधानसभा चुनाव नतीजे घोषित हुये। दोनों ही राज्यों ने सत्तारूढ़ दलों को ही पुनः सत्ता सौंपने का जनादेश दिया। परन्तु भोंपू मीडिया ने महाराष्ट्र में भाजपा व शिवसेना (शिंदे) की जीत को कुछ इस तरह पेश किया गोया उसने आगामी 2029 के लोकसभा चुनावों का सेमीफाइनल जीत लिया हो। महाराष्ट्र की जीत को हिंदुत्व की जीत प्रचारित किया गया। भाजपा द्वारा बंटेंगे तो कटेंगे और ह्यएक हैं तो सेफ हैं जैसे विवादित व वैमनस्य पूर्ण नारों का सहारा लिया गया। इसतरह वही भाजपा जिसने कभी बाल ठाकरे की शिवसेना की बैसाखी के सहारे महाराष्ट्र में अपने पैर रखने के प्रयास किये थे।

उसी भाजपा ने शिवसेना को खंडित कर शिंदे गुट को अपने साथ मिलाकर पहले तो उद्धव ठाकरे की निर्वाचित सरकार गिराई। साथ ही शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस में फूट डलवाकर अजित पवार व उनके साथी विधायकों को अपने साथ जोड़ा। और अब ताजा तरीन चुनावों में शिव सेना शिंदे गुट को भी पीछे छोड़ भाजपा ने अपने दम पर सबसे अधिक सीटें जीत कर महायुति गठबंधन ने बड़ी जीत हासिल की है। महाराष्ट्र की कुल 288 विधानसभा सीटों पर हुये चुनाव में बीजेपी ने 125 सीटें, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) ने 57 सीटें और अजित पवार की एनसीपी ने 41 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसतरह महायुति गठबंधन ने 234 सीटें हासिल कर राज्य में जोरदार जीत हासिल की।

भाजपा द्वारा तोड़ फोड़, वैमनस्य और सत्ता बल के दुरूपयोग के अलावा नफरत फैलाने साम्प्रदायिकता भड़काने का खेल झारखण्ड में भी खेला गया। वहां भी इन्हीं बंटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ हैं जैसे नारों का सहारा तो लिया ही गया साथ ही जानबूझकर बंग्लादेशी घुसपैठिये के नाम पर अल्पसंख्यक विरोध की जमकर राजनीति भी की गयी। निर्वाचित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सत्ता का दुरूपयोग कर जेल भेजा गया। चंपई सोरेन जिन्हें हेमंत सोरेन ने जेल जाते समय अपना उत्तराधिकारी मुख्यमंत्री बनाया था उस चंपई को भी भाजपा ने एकनाथ शिंदे की ही तर्ज पर अपने साथ मिला लिया और झारखण्ड मुक्ति मोर्चा को कमजोर करने की कोशिश की गयी। भाजपा ने राज्य के चुनावों में नफरती जहर घोलने के लिये केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान व असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सर्मा जैसे दो नेताओं को स्थाई रूप से झारखण्ड चुनावों में तैनात किया। इन नेताओं ने ही यहाँ बड़ी ही प्रमुखता से बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाया। असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सर्मा का नाम इसलिये भी उल्लेखनीय है क्योंकि इनके कांग्रेस में रहते हुये भाजपा इन्हीं को कांग्रेस पार्टी का सबसे भ्रष्ट नेता बताती थी। और इन्हीं को बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाने के लिये झारखण्ड भेजा गया? इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित भाजपा की पूरी सेना राज्य में मतों के ध्रुवीकरण के प्रयास में लगी रही परन्तु इन सबके बावजूद चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में नहीं आ सके और झामुमो गठबंधन पुनः अपनी पूर्ण बहुमत की सरकार बना पाने में सफल रहा।

गौरतलब है कि भाजपा अपने मिशन के अनुसार लंबे समय से इस शांतप्रिय आदिवासी बाहुल्य राज्य को साम्प्रदायिकता की आग में झोंकने का असफल प्रयास करती रही है। याद कीजिये जब जुलाई 2018 में केंद्र सरकार में तत्कालीन मंत्री और झारखंड के हजारीबाग से भाजपा सांसद जयंत सिन्हा मॉब-लिंचिंग के आरोपियों को जमानत मिलने पर फूल-माला पहनाकर उन्हें सम्मानित करते व उन हत्यारों को मिठाई खिलाते नजर आये थे। 2017 में इन आठ साम्प्रदायिक हत्यारों ने एक मुस्लिम मांस व्यापारी की रामगढ़ में पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। जमानत मिलने के बाद यह हत्यारे केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा के हजारीबाग स्थित उनके आवास पर पहुंचे थे जहाँ मंत्री जयंत सिन्हा ने इन सभी का सम्मान किया। उसके बाद भी इस राज्य में मॉब लॉन्चिंग व साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने की अनेक घटनायें हुई। परन्तु इन सब के बावजूद झारखण्ड के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप को बचा पाने में झामुमो कांग्रेस व राजद जैसे सहयोगियों का गठबंधन पूरी तरय सफल रहा। हाँ इस चुनाव में राज्य को झामुमो की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्न ी कल्पना सोरेन के रूप में एक नई युवा महिला नेता जरूर मिल गयी। साथ ही चंपई सोरेन को भी राज्य के मतदाताओं ने पटखनी देकर यह बता दिया कि राज्य की जनता विभीषणों के साथ हरगिज नहीं है। न ही राज्य के लोगों ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम पर मुस्लिम विरोध की भाजपाई साजिश को स्वीकार किया।

ठीक इसके विपरीत राज्य के बहुसंख्य आदिवासियों ने पूरी एकता के साथ व आदिवासी अस्मिता की रक्षा की खातिर झारखण्ड के स्थाई निवासियों को घुसपैठिया बताने वालों को ही घुसपैठिया चुनाव प्रचारक बताकर 5 वर्षों के लिये चुनावी परिदृश्य से बाहर धकेल दिया। निश्चित रूप से राज्य के मतदाताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी को भी आदिवासी अस्मिता पर हमले के तौर पर देखा। अन्यथा केंद्रीय सत्ता, भारी धनशक्ति, मीडिया, शासन तंत्र, लालच, भय, झूठ व अफवाह का आडम्बर, नफरती विष बेल क्या नहीं था भाजपा के पास, परन्तु कुछ भी झारखण्ड में काम न आया? निश्चित रूप से राज्य के लोगों ने एक हैं तो सेफ हैं जैसे भाजपाई नारों का अनुसरण करते हुए पूरी एकता का प्रदर्शन करते हुये उन बाहरी लोगों के मंसूबों पर पानी फेर दिया जो अन्य प्रदेशों से आकर राज्य के संयुक्त समाज व सभ्यता यहाँ की सांझी तहजीब आदि को समाप्त करना चाह रहे थे।

सही मायने में झारखण्ड के लोगों ने पूरे देश के मतदाताओं को यही सन्देश दिया है कि केंद्रीय सत्ता, धनशक्ति, मीडिया, भय, झूठ व अफवाह तथा नफरती भाषणों के बावजूद ऐसी शक्तियों को पराजित किया जा सकता है जोकि मात्र सत्ता हासिल करने की गरज से अन्य राज्यों से आकर स्थानीय लोगों के बीच फूट डलवाने व उन्हें आपस में लड़वाने का काम करती हैं। झारखण्डवासियों की इसी एकता के चलते नफरत फैलाने के विशेषज्ञ राज्य चुनावों में बुरी तरह धराशाई हो गए?

संस्कृति और इतिहास बचाने के लिए डैमोग्राफी को बचाना क्यों जरूरी?

भागवत ने यह बयान एक कार्यक्रम के दौरान दिया, जिसमें उन्होंने जनसंख्या नीति को लेकर अपनी चिंता जाहिर की। भागवत ने कहा, आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की प्रजनन दर 2.1 से नीचे चली जाती है, तो वह समाज दुनिया से नष्ट हो जाता है। वह समाज तब भी नष्ट हो जाता है जब कोई संकट नहीं होता है। इस तरह से कई भाषाएं और समाज नष्ट हो गए हैं। जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 2.1 की जनसंख्या वृद्धि दर बनाए रखने के लिए समाज को दो से अधिक बच्चों की आवश्यकता है।

अशोक मधुप

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जनसंख्या बढ़ोतरी की दर में गिरावट (प्रजनन दर में गिरावट) पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि जब किसी समाज की जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे गिर जाती है, तो वह समाज धीरे-धीरे नष्ट हो जाता है। भागवत ने यह बयान एक कार्यक्रम के दौरान दिया, जिसमें उन्होंने जनसंख्या नीति को लेकर अपनी चिंता जाहिर की। भागवत ने कहा, आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की प्रजनन दर 2.1 से नीचे चली जाती है, तो वह समाज दुनिया से नष्ट हो जाता है। वह समाज तब भी नष्ट हो जाता है जब कोई संकट नहीं होता है। इस तरह से कई भाषाएं और समाज नष्ट हो गए हैं। जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 2.1 की जनसंख्या वृद्धि दर बनाए रखने के लिए समाज को दो से अधिक बच्चों की आवश्यकता है, इस तरह उन्होंने तीन बच्चों की जरूरत पर जोर दिया। जनसंख्या विज्ञान भी यही कहता है कि यह संख्या महत्वपूर्ण है क्योंकि समाज का बने रहना जरूरी है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने देश को उस कड़वे सत्य से परिचित कराने का प्रयास किया है जिसका हिन्दू समाज अपनी उदासीनता के कारण सामना नहीं करना चाहता। मोहन भागवत ने 2021 के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे रिपोर्ट को सम्मुख रख अपनी चिंता प्रकट की है। लेकिन धरातल का सत्य है कि 1901 से 2001 के जनसंख्या आंकड़ों पर ध्यान दें तो बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिलता है। इतिहास में जाए तो अफगानिस्तान तक भारत था और यहां हिन्दू राजाओं का ही राज था। 1947 में जनसंख्या में आए बदलाव के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था।

विश्व पर नजर दौड़ाएं तो आपको संघ प्रमुख भागवत की चेतावनी व चिंता का कारण समझ आ जाएगा। विश्व के जिस क्षेत्र में ईसाई या मुस्लिम जनसंख्या बहुमत में आई है वहां की संस्कृति ही बदल गई वहां की मूल संस्कृति और इतिहास सब कुछ लुप्त हो गया।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जिस समस्या को लेकर चिंता प्रकट की है अतीत में उसी को पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने विभिन्न ढंग से कहा है मुसलमान भारत परराजनीतिक श्रेष्ठता स्थापित करने के विचार को लेकर चलते हैं। अतः यह न धार्मिक समस्या है और न सामाजिक, यह तो सीधी राजनीतिक समस्या है।

भारत में इस्लाम मौलवी या फकीरों के प्रचार के द्वारा नहीं आया, अपितु यह आक्रमणकारियों के द्वारा आया। सूफी फकीरों ने एक सोची समझी साजिश के तहत धर्मभीरू अंधविश्वासी आमजन को कनवर्जन के लिए नरम रुख दिखाया ताकि जोर-जबरदस्ती के साथ ही लचीला रुख दर्शा कर भी हिन्दू समाज को इस्लाम में कन्वर्ट किया जा सके। हिन्दुस्तान में ये आक्रान्ता लोग अपने आपको देश का मालिक समझने लगे। जो व्यक्ति हिन्दुस्तान में कनवर्जन कर मुसलमान बना, वह भी अपने आपको आक्रान्ताओं से जोड़कर देखने लगा और यहां की प्रत्येक विरासत से घृणा करने लगा। बाबर भारत में आक्रान्ता बतौर आया। यहां का एक बड़ा वर्ग खुद को देश की मूल सांस्कृतिक व धार्मिक विरासत से अलग कर उससे नफरत करने लगा इसका परिणाम मुसलमान के अन्तः करण में आज तक है। इस कारण यदि हम उसे कहें कि इस भूमि को भारत माता कह तो वह मानता नहीं। इसे माता न मानने के कारण ही पाकिस्तान बना। हमने कहा राम और कृष्ण अपने पूर्वज हैं, परन्तु वह इन्हें अपना पूर्वज न मानकर अलग से दूसरे पूर्वजों को मानता है। इसलिए यह कहना पड़ता है कि यहां का मुसलमान राष्ट्रीय नहीं। हिन्दुस्तान विरोधी जो-जो चीजें होंगी, वह उनको ही अपनाता है। हमने भारत को मां कहा, परन्तु वह इसे दारूल हरब कहता है। हम गाय की पूजा करते हैं, परन्तु वह उसको काटता है। भारत में वह बकरीद कहकर त्यौहार मानता है। बकर का अर्थ अरबी में गाय होता है अर्थात जो गाय हमारे लिए पूजनीय है, वह इस त्यौहार पर बलि दी जाती है। यह हमारी श्रद्धा के विरुद्ध है।

देश में लगातार बहुसंख्यक वर्ग की जनसंख्या दर में गिरावट और एक खास अल्पसंख्यक समुदाय की जनसंख्या वृद्धि दर में भारी बढ़ोतरी हो रही है। यह भारत की डैमोग्राफी के लिए खतरनाक हो सकता है। हाल ही में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत का कहना है कि जनसंख्या वृद्धि दर 2.1% से नीचे नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंहने ये बात भी कह दी कि इसके लिए जरूरी है कि 2 की बजाय 3 बच्चे पैदा करें। यह संख्या इसलिए जरूरी है, ताकि समाज जिंदा रहे। मोहन भागवत ने नागपुर में कठाले कुल सम्मेलन में एक सभा में बोलते हुए कहा, कुटुंब समाज का हिस्सा है और हर परिवार एक इकाई है। हालांकि जनसंख्याक वृद्धि को देखते हुए सालों से ह्यबच्चे 2 ही अच्छोह्ल का नारा सरकार की तरफ से लगाया जाता रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर एक ह्यआदर्श हदिू परिवारह्ल को कतिने बच्चे पैदा करने चाहिए? जानिए सनातन धर्म में इसके बारे में क्याआ कहा गया है।

मोहन भागवत से पहले प्रसिद्ध कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर ने जबलपुर में एक कथा के दौरान कहा था कि ह्यहदिुओं को 5-5 बच्चे पैदा करने चाहिए ह्ल वहीं कुछ धर्म गुरु महलिाओं को कम से कम 4-4 बच्चेह पैदा करने की बात कह चुके हैं। ज्योतिर्मठ शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने इस सवाल के जवाब में कहा, ह्यहमारे यहां ह्यबहु पुत्रवति भवह्ल ये आशीर्वाद हमेशा से दयिा जाता है। ह्यबहुह्ल का मतलब होता है बहुवचन। हदिी में एक वचन और बहुवचन होते हैं, यानी दो भी हो तो वो बहुवचन हो जाता है लेकिन संस्कृबत में एक वचन, द्विववचन और बहुचन होते हैं। यानी तीन होने पर ही उसे बहुवचन कहा जाता है। इसका अर्थ है कि तीन तो होने ही चाहिए।

पर्यावरण की चिंता बनता बढ़ता औद्योगिक कचरा

विवेक रंजन श्रीवास्तव

विकास का सूचक और अर्थव्यवस्था का आधार बनता बढ़ता मशीनीकरण आज आधुनिक जीवन के हर क्षेत्र को संचालित कर रहा है। आधुनिक जीवन मशीनों पर इस कदर निर्भर है कि इसके बिना कई काम रूक जाते हैं। इंटरनेट और मोबाइल दूरी व समय की सीमाओं को लांघ कर सारी दुनिया को अपने में समेटने का दावा करते हैं। इस यंत्र युग में सारी दुनिया में हिंसा, शोषण, विषमता और बेरोजगारी भी बढ़ रही है। स्वास्थ्य समस्याएँ और पर्यावरण विनाश भी अपने चरम पर हैं। दौड़ती-भागती जिंदगी में समय का अभाव प्रायः आम शिकायत रहती है। रिश्तों में कृत्रिमता और दूरियाँ बढ़ रही हैं। लोग स्वयं को बेहद अकेला महसूस करने लगे हैं। बढ़ती मशीनों ने मनुष्य की शारीरिक श्रम की आदत को कम करके स्वास्थ्य समस्याओं का आधार तैयार किया है। दूरदर्शी गांधीजी ने चेताया था कि-अगर मशीनीकरण की यह सनक जारी रही, तो काफी संभावना है कि एक समय ऐसा आएगा जब हम इतने असमर्थ और लाचार हो जाएगे कि अपने को ही यह कोसने लगेंगे कि हम भगवान द्वारा दी गई शरीर रूपी मशीन का इस्तेमाल करना क्यों भूल गए। बढ़ता मशीनीकरण उपभोक्तावाद को बढ़ावा देकर समाज में विषमता की नींव को पुख्ता करता आया है। एक औद्योगिककृत अर्थव्यवस्था में अंधाधुंध बढ़ता मशीनीकरण वस्तुतः स्थानीय जरूरतों व सीमाओ को लांघकर व्यापक स्तर पर वस्तुओं के उत्पादन, बिक्री या खपत को बढ़ाने की महत्वाकांक्षाओ से प्रेरित होता है। औद्योगिक कचरे को बढ़ाता है। ग्लोबल वार्मिंग को जन्म देता है। पर्यावरण प्रदूषण की ऐसी आग को जन्म देता है जिसे बुझाने वाला सचमुच कोई नहीं है. भोपाल गैस त्रासदी को वर्षो हो गए हैं। वहां पर पड़ा जहरीला अपशिष्ट प्रत्येक मानसून में जमीन में रिस कर प्रति वर्ष क्षेत्र को और अधिक जहरीला बना रहा है। कंपनी को इस बात के लिए मजबूर किया जाना चाहिये कि वह इसे अमेरिका ले जाकर इसका निपटान वहां के अत्याधुनिक संयंत्रों में करे परन्तु इसके बजाय सरकारें अब भोपाल ही नहीं बल्कि गुजरात में अंकलेश्वर व म.प्र. के पीथमपुर के भस्मकों में इसे जला कर इस औद्योगिक अति हानिकारक कचरे को नष्ट करना चाहती हैं।

आधुनिकीकरण के चलते गैस त्रासदी भुगत चुकी दुनिया इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अनुपयोगी हो जाने से इकट्ठा हो रहे कचरे का निपटान भी सही ढंग से नहीं हो कर पा रही है। इस कारण पर्यावरण के खतरे भी अंधाधुंध बढ़ रहे है। एक अध्ययन के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष डेढ़ लाख टन ई-वेस्ट या इलेक्ट्रॉनिक कचरा बढ़ रहा है। इसमें देश में बाहर से आने वाले कबाड़ को जोड़ दिया जाए तो न केवल कबाड़ की मात्रा दुगुनी हो जाएगी, वरन् पर्यावरण के खतरों और संभावित दुष्परिणामों का सही अनुमान भी नहीं लगाया जा सकेगा। प्रतिवर्ष भारत में बीस लाख कम्प्यूटर अनुपयोगी हो जाते हैं। इनके अलावा हजारों की तादाद में प्रिंटर, फोन, मोबाइल, मॉनीटर, टीवी, रेडियो, ओवन, रेफ्रिजरेटर, टोस्टर, वेक्यूम क्लीनर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर, पंखे, कूलर, सीडी व डीवीडी प्लेयर, वीडियो गेम, सीडी, कैसेट, खिलौने, फ्लोरेसेंट ट्यूब, बल्ब, ड्रिलिंग मशीन, मेडिकल इंस्ट्रूमेंट, थमार्मीटर और मशीनें आदि भी बेकार हो जाती हैं। जब उनका उपयोग नहीं हो सकता तो ऐसा औद्योगिक कचरा खाली भूमि पर इकट्ठा होता रहता है, इसका अधिकांश हिस्सा जहरीला और प्राणीमात्र के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होता है। कुछ दिनों पहले इस तरह के कचरे में खतरनाक हथियार व विस्फोटक सामग्री भी पाई गई थी। इनमें धातुओं व रासायनिक सामग्री की भी काफी मात्रा होती है जो संपर्क में आने वाले लोगों की सेहत के लिए खतरनाक होती है। लेड, केडमियम, मरक्यूरी, एक्बेस्टस, क्रोमियम, बेरियम, बेटीलियम, बैटरी आदि यकृत, फेफड़े, दिल व त्वचा की अनेक बीमारियों का कारण बनते हैं। अनुमान है कि यह कचरा एक करोड़ से अधिक लोगों को बीमार करता है। इनमें से ज्यादातर गरीब, महिलाएँ व बच्चे होते हैं। इस दिशा में गंभीरता से कार्रवाई होना जरूरी है मगर देश के लोगों की मानसिकता अभी कबाड़ संभालने व कचरे से आजीविका कमाने की बनी हुई है। ऊर्जा उत्पादन हेतु ताप विद्युत संयंत्र, बड़े बाँध, प्रत्यक्ष और परोक्ष में बहुत अधिक मात्रा में औद्योगिक कचरा फैला रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

व्यापार मंडल ने उठाई कुत्तों और बंदरों से निजात दिलाने की मांग

अमरोहा।व्यापारियों ने नगर पालिका प्रशासन से शहर में घूम रहे आवारा कुत्तों और बंदरों से निजात दिलाने की मांग की। बुधवार को नगर के मोहल्ला महादेव में एक प्रतिष्ठान पर व्यापार मंडल की बैठक हुई। नगर अध्यक्ष श्याम गर्ग ने कहा कि आवारा कुत्तों और बंदरों से पूरा शहर परेशान है। सुबह स्कूल जाते समय विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सीएचसी पर रोजाना बड़ी संख्या में लोग एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवा रहे हैं। नगर पालिका प्रशासन से कुत्तों और बंदरों की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। इस दौरान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष गीतेश अग्रवाल, आयुष रस्तोगी, अर्पित रस्तोगी, सुमित कुमार, जीशान अहमद, इंतजार अली, प्रियंक शर्मा, देव अग्रवाल और राघव वर्मा आदि रहे।

रैन बसेरे की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

हसनपुर नगर पालिका में बने रैन बसेरे का बुधवार को एसडीएम सुनीता सिंह ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। एसडीएम ने सर्दी से बचाव के इंतजाम समेत पेयजल, शौचालय, बाल्टी आदि सभी आवश्यक वस्तुओं को देखा। कहा कि रैन बसेरे में सभी आवश्यक सुविधाएं हर समय उपलब्ध रहें। नगर क्षेत्र में आने वाले ऐसे लोग जिनके पास ठहरने की व्यवस्था नहीं है। रैन बसेरे में बिना कोई शुल्क दिए रात्रि विश्राम कर सकते हैं। इस दौरान ईओ विजयपाल सिंह, बाबू मनी कुमार आदि रहे।

दहेज एक्ट और मारपीट के मामले में पति समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज

नौगावां। दहेज एक्ट और मारपीट के मामले में विवाहिता की तहरीर पर नौगावां सादात पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बागड़पुर इम्मा निवासी समरपाल सिंह ने अपनी बेटी प्रीति की शादी 18 दिसंबर 2020 को संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव नेकपुर निवासी अजीत संग की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल में प्रीति को कम दहेज लाने के ताने सुनने को मिले। ससुराल वाले दहेज में कार और दो लाख की मांग करते थे। विरोध पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। इसी प्रताड़ना के बीच विवाहिता ने एक बेटे को भी जन्म दिया। ससुराल वालों ने इस बहाने से उसके नामकरण पर दो लाख रुपये और कार दिलाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। बीती 19 अगस्त की सुबह विवाहिता ने अपने पति से रक्षाबंधन पर मायके जाने को कहा तो ससुराल वालों ने दहेज लेकर आने की मांग दोहराई। बाद में मारपीट कर प्रीति को घर से निकाल दिया। सीओ अभिषेक कुमार ने तहरीर पर पति अजीत, विमला व रंजीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

तेरहवीं की दावत में दो पक्षों में पथराव, 35 पर एफआईआर

अमरोहा।वाल्मीकि में तरहवीं की दावत के दौरान दो पक्षों में मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने भी दोनों पक्षों में जमकर पथराव हुआ। एक-दूसरे को जान से मारने की धमकी दी गई। सरकारी काम में बाधा पहुंचाई। पथराव की घटना से मोहल्ले में भगदड़ मच गई। लोगों ने घरों में छिपकर जान बचाई। मामले में पुलिस ने 20 नामजद समेत 35 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला कुरैशी वाल्मीकि बस्ती में दिलीप और सतीश के परिवार रहते हैं। एक दिसंबर की रात मोहल्ले में तेरहवीं की दावत का कार्यक्रम चल रहा था। दावत में पक्षों में मारपीट हो गई। जमकर लाठी-डंडे चले और दोनों परिवारों के लोगों ने एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। सूचना पर दरोगा लोकेंद्र कुमार पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और झगड़ा कर रहे लोगों को समझाने का कोशिश की। लेकिन, दोनों पक्ष पुलिस के सामने भी एक-दूसरे के साथ गाली-गलौज करने लगे। घरों की छतों पर चढ़कर पथराव शुरू कर दिया। घटना से मोहल्ले में भगदड़ मच गई। लोगों ने अपने घरों में छिपकर जान बचाई और दरवाजे बंद कर लिए। माहौल बिगड़ता देख मौके पर अतिरिक्त पुलिस पहुंची, जिसे देखकर आरोपी भाग गए।सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में दरोगा लोकेंद्र कुमार की तहरीर पर दिलीप, आनंद कुमार, आशू, अनिल कुमार, सिंबू, दीपू, सौरभ, तिलक और सतीश, मंगल, बॉबी, मुकेश, वासु, आकाश, हैप्पी, अरविंद, कुणाल, मनोज, राज, तुषार और 15-20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

उत्तर प्रदेश के प्राचीन वैभव को पुनर्स्थापित कर रहे हैं सीएम योगी : नरेंद्र सिंह तोमर

प्रात : किरण, संवाददाता

गोरखपुर,। मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि एक समय वह भी आ गया था, जब उत्तर प्रदेश में कोई आने को तैयार नहीं था। योगी आदित्यनाथ ने जबसे मुख्यमंत्री के रूप में यहां कमान संभाली है, तबसे यूपी का प्राचीन वैभव पुनर्स्थापित होने लगा है। कानून व्यवस्था की बात हो, निवेश की, स्वास्थ्य क्षेत्र की सुदृढ़ता, गरीबी उन्मूलन या फिर राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की, उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने हर दिशा में सफलतापूर्वक कदम बढ़ाए हैं। नरेंद्र तोमर बुधवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ से वह कई भूमिकाओं में मिलते रहे हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में वह भक्तियोग का मार्ग दिखाते हैं तो उसी के समानांतर राजनेता के रूप में कर्मयोग का भी रास्ता बताते हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में उनकी अपनी जो साधना है, वो तो प्रेरणादायी है ही, कर्मयोग के मार्ग पर चलते हुए एक राजनेता, सांसद व मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने जो काम किया है, उनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने भगवान गोरखनाथ की धरा पर आगमन का आमंत्रण पाने के लिए खुद को सौभाग्यशाली बताया। उन्होंने गोरक्षपीठ के प्रकल्प महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के व्यापक लोक सरोकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि कोई भी आध्यात्मिक संस्था, पीठ या मठ सामान्यतः भक्ति योग की प्रेरणा देती है। गोरक्षपीठ एक ऐसी संस्था है, जो भक्तियोग के साथ कर्मयोग में रत होकर, इसकी प्रेरणा देकर नागरिकों के जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है। इस परिप्रेक्ष्य में गोरक्षपीठ और इसकी संस्था महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद समूचे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष तोमर ने कहा कि कोई संस्था शिक्षा के क्षेत्र में काम करती है तो कोई तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में। बात जब महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की आती है तो हमारा ध्यान सर्वांगीण विकास और लोक कल्याण के परम वैभव की समग्र योजना की तरफ जाता है। आज इस परिषद द्वारा 50 से अधिक संस्थाओं का संचालन करना अपने आप में अद्वितीय उदाहरण है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने शिक्षा के सर्वांगीण विकास के लिए जो काम किया है, वह अपने आप में अद्भुत है और निश्चित रूप से प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश के भविष्य के लिए योग्य नागरिकों की तालिका खड़ी करने की दूरदृष्टि से ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी ने एमपी शिक्षा परिषद के जिस बीज को रोपा और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी ने उससे निकले पौधे को सींचा, वह आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वट वृक्ष के रूप में खड़ा है। इसकी छाया में सारा पूर्वांचल आज अपने आप को गौरवान्वित कर रहा है। नरेंद्र तोमर ने कहा कि आज भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है।

समाधान शिविर में डीसी ने महिला ओमवती की पेंशन बनवाकर दी सहूलियत

- शिकायतकर्ता ओमवती ने डीसी साहब का किया धन्यवाद
- शिविर में आई 22 समास्याएं, 17 का हुआ मौके पर समाधान

पलवल,। जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविर में आने वाले शिकायतकताओं की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जा रहा है। बुधवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में डीसी डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने ऐसे ही एक शिकायतकर्ता ओमवती पत्नी जयप्रकाश की काफी दिनों से पेंशन से संबंधित समस्याओं को लेकर परेशान शिकायत का समाधान करते हुए पेंशन बनवाकर शिकायतकर्ता को राहत पहुंचाई। शिकायत का समाधान होने उपरांत ओमवती ने प्रदेश सरकार के द्वारा लगाए जा रहे समाधान शिविरों की पहल की सराहना करते हुए प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। ओमवती ने बताया कि वोटर कार्ड में जन्मतिथि में गलती की वजह से उसकी वृद्धावस्था पेंशन काफी समय से नहीं बन पा रही थी। आज मैंने जिला प्रशासन की ओर से समाधान शिविर में अपनी शिकायत रखी और डीसी साहब ने मेरी समस्या का निदान कर दिया, जिसके लिए मैं जिला प्रशासन की आभारी हूं। डीसी डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं जैसे बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाएं, राशन कार्ड, फैमिलि आईडी, पैंशन, आधार कार्ड के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार की समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज समाधान शिविर में आई 22 शिकायतों में से 17 शिकायतों का मौके पर निपटारा किया गया और शेष 5 शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। डीसी डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि हरियाणा सरकार राज्य के लोगों की समस्या को प्राथमिकता देकर उनका निदान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। यही कारण है कि सरकार ने लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए समाधान शिविर लगाने का फैसला किया, जोकि आज पूरी तरह फलीभूत होता नजर आ रहा है। यह समाधान शिविर न केवल जिला स्तर अपितु उपमंडल स्तर पर स्थित लघु सचिवालयों में भी आयोजित किए जा रहे हैं।

फरीदाबाद : भाजपा कार्यकताओं ने देखी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट

प्रात : किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। गोधरा कांड पर बनी ह्यद साबरमती रिपोर्टह्न मूवी देखने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने कहा कि पन्द्रह नवंबर को रिलीज हुई ह्यद साबरमती रिपोर्टह्न के माध्यम से साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की उस घटना के पीछे की सच्चाई को उजागर किया गया है, जिसमें 27 फरवरी 2002 को अयोध्या से एक धार्मिक समारोह में भाग लेने के बाद अयोध्या से गुजरात लौट रहे 59 कारसेवाओं की गोधरा स्टेशन पर ट्रेन में आग लगाकर निर्मम हत्या की गई थी। फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में दिखाया गया है कि कुछ गलत और छोटी सोच के लोगों की प्लानिंग के चलते कई लोगों को जान गंवानी पड़ी। ये बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी जिसको इस फिल्म के जरिए सच्चाई को सामने लाने की कोशिश की गई है। जो चीजें छुपी हुई थी, वो इस फिल्म के जरिए सामने आई। फरीदाबाद के पेबल डाउन टाउन मॉल स्थित पीवीआर थिएटर में ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा और हरियाणा के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने भाजपा कार्यकताओं के साथ दा साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी। फिल्म देखने के बाद हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर ने कहा कि यह फिल्म गुजरात के गोधरा कांड की सच्ची घटना पर आधारित है और न्याय की जीत को दशार्ती है। फिल्म निमार्ताओं ने इस जटिल मुद्दे को बहुत ही संवेदनशीलता के साथ संभाला, और इस घटना के सभी पहलुओं को सही तरीके से प्रस्तुत किया है।

बिजली के निजीकरण के विरोध में माकपा एवं अ.भा. किसान सभा ने सौंपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता

स्योहारा।बिजली के निजिकरण के खिलाफ मार्कसवादी कम्यूनिष्ट पार्टी और अखिल भारतीय किसान सभा की ओर से एक ज्ञापन देश की राष्ट्रपति महोदया के नाम दिया जिसे शाखा मंत्री कामरेड इसरार अली एडवोकेट के नेतृत्व में उपस्थित पदाधिकारीयो ने नाजिम अली एसडीओ विद्युत उपखंड स्योहारा को सौंपा। ज्ञापन में उल्लिखित किया गया कि आजाद भारत में सबसे पहले विद्युत आपूर्ति अधिनियम 1948 को लागू किया गया।जिसमें कहा गया था कि बिजली उपभोक्ताओ को नो प्रोफिट नो लोस में बिजली उपलब्ध कराई जायेगी, परन्तू उसके बाद की पूंजीवादी विचार धारा की सरकारों ने बिजली से लाभ लेने के लिए कानूनों में संशोधन किये और अब तो हद यहाँ तक हो गई है कि सम्पूर्ण बिजली को निजि हाथों में सौपा जा रहा है। केन्द्र व उत्तर प्रदेश की सरकारे सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों का धड़ल्ले से निजिकरण करने पर आमादा हैं। नोकरियाँ खत्म हो रही हैं। बेरोजगारी बढ़ रही है। इसी तरह बिजली विभाग का भी निजीकरण किया जा रहा है। जिसके विरोध में किसान, मजदूर, कर्मचारी आन्दोलन कर रहे हैं।बिजली संशोधन विधेयक 2022 को निजीकरण का रास्ता खोलने के लिए जान बूझ कर लाया गया है। निजीकरण देश के हित में नहीं है। मार्कसवादी कम्यूनिस्ट पार्टी, अखिल भारतीय किसान सभा इसका घोर विरोध करती है और आप से माँग करती है कि बिजली संशोधन विधेयक वापिस हो, बिजली नियामक बोर्ड भंग किया जाये, बिजली विभाग का निजिकरण रोका जाये, किसानों के नलकूप से स्मार्ट मीटर हटाया जाये, घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली निःशुल्क दी जाये, गरीबों, किसानों, बुनकरों को मुफ्त बिजली दी जाये, मानदेय पर नियुक्त कर्मचारियों को सुरक्षा दी जाये, सभी मानदेय कर्मचारियों को स्थायी नियुक्ति दी जाये। इस मौके पर का. इंद्र कुमार शर्मा,का. मशकूर चौधरी एडवोकेट, का.फरीद अहमद, का.मौहम्मद इकराम, का.जाबिर हुसैन,का. मतलूब जलील, का. अनवार अहमद का.चौधरी जरीफ अहमद, का. कन्हैया सिंह आदि रहे।

नरम और साफ दिल की मालिक थी बेगम संजीदा वारसी

प्रात : किरण संवाददाता

स्योहारा। बेगम संजीदा वारसी का अचानक अल्लाह को प्यारा होकर इस दुनिया से चले जाना उन लोगों के लिए बहुत बड़ी क्षति है जिनकी वह बिना किसी को बताए बहुत मदद किया करती थी। उनके पास हर वक्त दीन दुखियों का जमावड़ा लगा रहता था ।अपने दिल में कभी भी किसी के लिए द्वेष भावना नहीं रखती थी। वह बहुत पाक साफ दिल की औरत थी।

नगर पालिका परिषद में 2 मिनट का रखा गया मौन

स्योहारा। चेयरमैन फैसल वारसी की वालिदा के इंतकाल पर नगर पालिका परिषद में भी 2 मिनट का नाम रखा गया।
और उनके लिये दुआ की गई।
इसके बाद नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल के नेतृत्व में सभी स्टाफ इकट्ठा होकर।
चेयरमैन फैसल वारसी के निवास पर पहुंचे और वहां शोक संदेश पत्र पढ़ कर सुनाया गया।
सभी ने उनके लिए मगफिरत की दुआ की।
इस मौके पर चेयरमैन फैसल वारसी,वकार वारसी नगर पालिका परिषद स्टाफ में वरिष्ठ लिपिक देवेंद्र सिंह, वरिष्ठ लिपिक मौहम्मद शान ,लिपिक चांदनी , लिपिक अमित कुमार, ओम प्रकाश, हरि ओम,जुवेशी अहमद, कम्प्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार, राम गोपाल ,शमीमा बेगम, संगीता रानी, यशपाल सिंह, आयुष रस्तौगी आदि रहे।

टाटा पावर-डीडीएल ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर समावेशिता और सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहरायी

प्रातः किरण संवाददाता

अग्रणी पावर यूटिलिटी टाटा पावर-डीडीएल ने, जो कि नॉर्थ दिल्ली में लगभग 90 लाख की आबादी को बिजली सप्लाई करती है, समावेशिता और सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराते हुए, अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के मौके पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर, डिस्कॉम ने दिव्यांगों के लिए मोबिलिटी एड्स जैसे मोटराइज्ड ट्राइसाइकिलें, व्हीलचेयर, हियरिंग डिवाइस और अन्य कई एप्लायंसेज बांटे। यह आयोजन 2024 अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के थीम झ समावेशी और सस्टेनेबल भविष्य के लिए दिव्यांगों की नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना के अनुरूप था। इस समारोह में, इंटरनेशनल पैरा एथलीट और क्रिकेटर श्री विशाल सम्मानित अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। उनके अलावा, श्री गजानन एस काले, सीईओ, टाटा पावर-डीडीएल, अन्य सीनियर अधिकारी और प्रमुख हितधारक, लाभार्थी तथा सामुदायिक नेतागण भी दिव्यांगजनों की उपलब्धियों एवं दृढ़ता के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मौजूद थे।

फरीदाबाद : सवा किलोग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद,। अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने 1 किलो 223 ग्राम गांजा सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम को अपने गुप्त सूत्रों से सूचना अवैध नशा बारे सूचना प्राप्त हुई, जिस पर कार्यवाही करते हुए आरोपी मस्तान वासी दुल्हेपुर छायंसा को उसके गांव से काबू किया। आरोपी से 1.223 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। जिसके खिलाफ थाना छायंसा में नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी 2 किलोग्राम गांजा उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से किसी व्यक्ति से 12000 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से खरीद कर लाया था। आरोपी गांजा को पुडिया बनाकर 100-200 रुपये में मौके अनुसार बेच देता है। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

महापंचायत के लिए जुटने लगे किसान, लग गया है टेंट, सुरक्षा भी चाक चौबंद

प्रातः किरण संवाददाता

ग्रेटर नोएडा, । ग्रेटर नोएडा में होने वाली महापंचायत के लिए किसानों का जमावड़ा शुरू हो चुका है। विरोध प्रदर्शन स्थल पर टेंट लगाकर तैयारी पूरी कर ली गई है। नोएडा में किसानों की गिरफ्तारी के बाद भारतीय किसान यूनियन ने महापंचायत बुलाई थी। ये महापंचायत ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर होगी। महापंचायत में पांच मंडल सहारनपुर, मेरठ, अलीगढ़, मुरादाबाद , आगरा के हजारों की संख्या में किसान शामिल होंगे। मुजफ्फरनगर के सिसौली गांव में हुई पंचायत में इसका निर्णय भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने लिया। इसके बाद राकेश टिकैत ने नोएडा के किसानों के संगठनों से फोन पर बातचीत की। बताया गया कि किसान यमुना एक्सप्रेस वे से होते हुए ग्रेटर नोएडा आएंगे। दरअसल मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के 10 संगठनों ने दिल्ली कूच का ऐलान किया था। सोमवार को बड़ी संख्या में किसानों ने दिल्ली कूच की शुरूआत की। शाम को प्राधिकरण अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों ने 7 दिन का समय दिया और नोएडा के राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल पर आंदोलन को शिफ्ट कर दिया। मंगलवार को नाटकीय ढंग से पुलिस ने दलित प्रेरणा स्थल आने वाले किसानों को रोक दिया साथ ही कई किसानों को थानों में बंद किया तो कुछ को हाउस अरेस्ट किया। इसके बाद भारी पुलिस बल की मौजूदगी में किसानों को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल से गिरफ्तार किया गया। इस दौरान किसानों को बसों में भरकर पहले पुलिस लाइन फिर लुक्सर जेल भेज दिया गया। बता दें जिस समय किसानों को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल से गिरफ्तार किया। उनकी संख्या 200 के आसपास थी। फिलहाल इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इसमें कई महिलाएं भी शामिल हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के साथ ही पश्चिमी उप्र के प्रमुख किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन ने मुजफ्फरनगर के सिसौली में पंचायत बुलाई। शाम चार बजे पंचायत में महापंचायत कर निर्णय लिया गया। नरेश टिकैत ने कहा कि पांच मंडल के किसान ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर सुबह 10 से 11 के बीच एकत्रित होंगे। इसके बाद वहां महापंचायत की जाएगी। इसके अलावा किसान थानों में जाकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान राकेश टिकैत ट्रैक्टर और ट्राली से जरिए ग्रेटर नोएडा पहुंचेंगे।

फरीदाबाद : चोरों ने उखाड़ा दुकान का शटर, लाखों का सामान ले उड़े

प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद,। रीदाबाद में स्थित इलेक्ट्रिकल शॉप में बुधवार की सुबह लगभग चार बजे चोरों ने दुकान का शटर उखाड़ कर उसमें रखे कॉपर के तार कॉपर की मोटर और अन्य महंगे सामान की चोरी कर ली। चोरी हुए माल की कीमत लगभग छह से सात लाख बताई जा रही है। घटना की जानकारी सुबह दुकान के मालिक योगराज गुलाटी को उनके पड़ोसी ने दी। योगराज गुलाटी में मीडिया से बात करते हुए बताया कि उसने शहर की एक नंबर मार्किट में न्यू कृष्णा के नाम से एक इलेक्ट्रिकल शॉप खोली हुई है। उन्होंने बताया कि उनके पड़ोसी सुरेंद्र पाल कपूर द्वारा उन्हें दुकान के शटर के उखड़े होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद वह जब दुकान पर पहुंचे तो दुकान का शटर चोरों ने उखड़ा हुआ था और दुकान के अंदर से मोटर सहित अन्य महंगे सामान की चोरी किए गए। जिसकी जानकारी उन्होंने कोतवाली थाना पुलिस को दी है। योगराज ने बताया आसपास के सीसीटीवी में जब देखा गया तो चोर एक एसयूवी गाड़ी में आए थे, जिसके पीछे नंबर नहीं था। फिलहाल उनकी शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस सीसीटीवी के आधार पर चोरों को पकड का उन्हें आश्वासन दे रही है।

स्योहारा चेयरमैन फैसल वारसी की वालिदा का हुआ देहांत

हजारों नम आंखों ने किया विदा, हुई सपुर्द ए खाक

प्रात : किरण संवाददाता, नादिर त्यागी

स्योहारा। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शेख फैसल वारसी और लंदन के कारोबारी वकार वारसी की माता संजीदा वारसी जी (आयु लगभग 75 वर्ष) का अचानक ह्रदय गति रुक जाने के कारण देहांत हो गया। कल रात अचानक लगभग 12:30 बजे बेगम संजीदा वारसी की तबीयत बिगड़ी और उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी। और आनन फानन में ही अल्लाह को प्यारी हो गई। जैसे-जैसे ये दुःखद खबर नगर और क्षेत्र में फैली तो नगर में शोक की लहर दौड़ गई और उनके परिवार वालों को हिम्मत बंधाने और हमदर्दी जताने के लिए उनके घर नगर वासियों ,मित्रों,शुभचिंतकों का तांता लग गया।उनका दफीना असर की नमाज के बाद उनके खानदानी कब्रिस्तान में कर दिया गया। उनके जनाजे में शिरकत करने वालों में वरिष्ठ समाज सेवी डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा,वकार वारसी, चौधरी फहीम उर रहमान, मौहम्मद गाजी पूर्व विधायक, शेरबाज पठान जिलाध्यक्ष कॉग्रेस एवं चेयरमैन चांदपुर, रवि कुमार गुर्जर चेयरमैन धामपुर ,इंजीनियर मौजज्म अली चेयरमैन नजीबाबाद, हाजी मौहम्मद इलियास, ठाकुर अमित प्रताप सिंह, आमिर अली चांदपुर,पूर्व चेयरमैन अख्तर जलील , वरिष्ट भाजपा नेता मुकेश कुमार रस्तौगी,डॉक्टर जानिब नसीम हाशमी, सपा नेता जावेद अली, सत्येंद्र कुमार सैनी सभासद, शैंकी रस्तौगी, पिंकी रस्तौगी, डब्बू अरोड़ा, अकरम अल्वी सभासद, चौ.अहसन जमील, महफूज चौधरी एडवोकेट, खलीक चौधरी, एहसान एडवोकेट, जामिन मलिक, चौ.शहबाज जमाल, हाजी अनवर जमाल,आरिफ जमाल, हाजी गफ्फार पूर्व सभासद, बब्बू चौधरी, चौ. जुनैद उर रहमान, आरिफ अली, पूर्व इंस्पेक्टर, चौधरी शाकिर हुसैन,समाजसेवी, रईस अहमद मालदार, दानिश इकबाल पूर्व जेल विजिटर, अफजल चौधरी,आरिफ गांधी, शादाब त्यागी,असद चौधरी, असमततुल्ला, अजीम चौधरी, वारिस चौधरी, चौधरी महबूब, सुलेमान अहमद सभासद, काशिफ राजा,साजिद कमर वारसी, बदरुल हसन संस्थापक एच. एम. इंटर कॉलेज सहसपुर ,आफताब अहमद प्रबंधक एच. एम. इंटर कॉलेज सहसपुर, अजीम वारसी, बब्बू कुरैशी, इकरामुद्दीन अहमद सभासद, डॉ राशिद कुरैशी, फिरोज हैदर एडवोकेट, मास्टर खुर्शीद अहमद सभासद, फैसल हिलाल,जुनैद मलिक, एडवोकेट जुनैद हवा,आदिल चौधरी,इफ्तिखार चौधरी, साहिल एडवोकेट मालदार, इंजी.उबेद उर रहमान, सुहैल जफर आदि सहित बड़ी संख्या में आम और खास सैकड़ों लोग रहे।

फरीदाबाद : आटो के किराये को लेकर हत्या मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद, ऑटो के किराए को लेकर हुए विवाद में हत्या करने के मामले में थाना सदर बल्लबगढ़ की टीम ने बुधवार को दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार 30 नवम्बर को थाना सदर बल्लबगढ़ के क्षेत्र में ढ्ढरूञ्ज रेड लाइट पर स्थित ठेके के पास एक हत्या का मामला सामने आया था। भूपेन्द्र सिंह वासी गांव खेरिया जिला मैनपुरी उत्तर प्रदेश हाल गांव मेवला महाराजपुर ने अपनी शिकायत में बताया कि उसका भाई सतपाल उर्फ रामू गांव के ही लडके गोविन्द के साथ रहता था। 30 नवम्बर की रात करीब 10 बजे गोविन्द और सतपाल मेदांता अस्पताल गुडगांव जा रहे थे। ऑटो के किराए को लेकर दोनों की मुहवाद हो गई। तभी सोनू जो ऑटो चालक का साथी था, शराब के ठेके की तरफ से बीयर की बोतल लेकर आया था, जिसका भी सतपाल के साथ मुहवाद हुआ और फिर सोनू ने सतपाल के सिर व छाती में बीयर की बोतल से वार किया, जिससे सतपाल को चोटें आई और सतपाल की लगी चोटों से मृत्यु हो गई। शिकायत पर थाना सदर बल्लबगढ़ में हत्या व अन्य धाराओं के संबंध में मामला दर्ज किया गया है। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी नन्दू उर्फ विष्णु वासी चंदावली को बल्लबगढ़ बस अड्डा से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि किराये को लेकर उसकी सतपाल के साथ कहासुनी हुई थी, उसने सतपाल उर्फ रामू से मारपीट की थी। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 05 दिसंबर, 2024

संक्षिप्त खबरें

15 हजार के इनामी कुख्यात स्मैक तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, पैर में गोली लगी

फिरोजाबाद,। जिले की रसूलपुर थाना पुलिस ने मुठभेड़ में 15 हजार के इनामी चरस तस्कर को गिरफ्तार किया है। दरअसल इस तस्कर के खिलाफ थाना रसूलपुर में केस दर्ज हुआ था उसके बाद से ही पुलिस इस तस्कर की तलाश कर रही थी।अपर पुलिस अधीक्षक देहात अखिलेश भदौरिया ने बताया कि पुलिस इस अभियुक्त की तलाश कर रही थी तभी मुखबिर की सूचना पर मौढा और खंजापुर रोड पर इस तस्कर के मौजूद होने की जानकारी मिली। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने जब तस्कर की घेराबंदी की तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जबाबी फायरिंग में तस्कर के पैर में गोली लगी है। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार तस्कर का नाम राजू उर्फ इम्तियाज अली निवासी नूर नगर थाना रामगढ है।पुलिस ने तस्कर के कब्जे से असलहा, कारतूस और बाइक बरामद की है।

उत्तर प्रदेश के एटा में कार और ट्रक की भीषण टक्कर में तीन दोस्तों की मौत

एटा । एटा जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में कार और ट्रक की भीषण टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार रात की है जब कार सवार लोग एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने एक साथी को उसके गांव छोड़ने नगला गलू जा रहे थे तभी ट्रक से भिड़ंत हो गई। उसने बताया कि हादसे में अनूप (26), उसके दोस्त इकेश (25) और करू (35) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और अमित घायल हो गया जिसका एक निजी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उत्तर प्रदेश के बरेली में अज्ञात महिला का शव मिला

बरेली। बरेली जिले के फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र स्थित बाग में एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि उसकी गला रेतकर हत्या की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र मिश्रा ने बुधवार को बताया कि मंगलवार शाम को कुछ ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी थी जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि शव करीब 22 से 25 वर्षीय महिला का प्रतीत होता है जिसकी गला काटकर हत्या की गयी है और उसके चेहरे पर भी चोट के निशान हैं। मिश्रा ने बताया कि महिला की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

डेयरी मालिक की हत्या के दोषी दो भाइयों समेत पांच लोगों को आजीवन कारावास

मुजफ्फरनगर । मुजफ्फरनगर की एक स्थानीय अदालत ने एक डेयरी मालिक की हत्या के तीन साल पुराने मामले में दो भाइयों समेत पांच लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता नीरज मलिक ने बुधवार को बताया कि अपर जिला सत्र एवं न्यायाधीश दिव्या भार्गव ने सगे भाई आदिल और शाकिब के साथ-साथ आरिफ, जुल्फिकार और जियाउल नामक अन्य को हत्या का दोषी ठहराते हुए मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि अदालत ने दोषियों पर 15-15 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। मलिक ने बताया कि नौ मई 2021 को जिले के बुढ़ाना थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में एक डेयरी मालिक की पांच लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध, प्रधानमंत्री के नाम भेज पत्र

फरीदाबाद, । फरीदाबाद जिले में नूह हिंसा के बाद सुर्खियों में आए बजरंग फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिट्टू बजरंगी ने अपने साथियों के साथ मिलकर बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार को लेकर बुधवार को सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय पर प्रदर्शन कर डीसी के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम से ज्ञापन भेजा है। बिट्टू बजरंगी का कहना है कि बांग्लादेश में हिंदू बहन बेटियों के साथ बलात्कार और हत्या की जा रही है। साथ ही इस्कॉन मंदिर को भी तोड़ा जा रहा है। चीनमय दास को देशद्रोह के मामले में गिरफ्तार किया है, जो कि सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है और हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को रोका जाए।

दुनिया के ध्रुवीकरण की दिशा नया भारत तय करता है : सीएम योगी

प्रात: किरण, संवाददाता

गोरखपुर, । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के प्रति पूरी दुनिया का विश्वास तेजी से बढ़ा है। एक समय था, जब भारत दुनिया के किसी भी गुट में नहीं था। देश के सामने असमंजस की स्थिति थी कि उसकी दिशा क्या होगी, उसे क्या करना है, आज का नया भारत दुनिया के ध्रुवीकरण की दिशा तय करता है। दुनिया का ध्रुवीकरण उधर होता है, जिधर भारत होता है। सीएम योगी बुधवार को महाराणा प्रताप (एमपी) शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज परिसर में समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार का स्वागत करते हुए सीएम योगी ने कहा कि दुनिया उसी का अनुसरण करती है जो खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का माद्दा रखता है। जो स्वयं खड़ा नहीं हो सकता, वह दूसरों को खड़ा होने की प्रेरणा कैसे दे सकता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत ने खुद को उसी अनुरूप तैयार किया और परिणाम है कि आज भारत की दिशा के बिना दुनिया की दिशा की कल्पना नहीं की जा सकती है। दुनिया में मानवता के सामने जो चुनौती है, भारत उससे निपटने के विश्वास का प्रतीक बना है। जी-20 का समिट उसका प्रमाण है। आज दुनिया का कोई भी बड़ा आयोजन भारत के बिना नहीं होता है। आज देश विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। सीएम योगी ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं होती है। संस्थाओं और व्यक्तियों को भी इसकी जिम्मेदारी उठानी होती है। अब जिम्मेदारी से बचने का नहीं बल्कि जिम्मेदारी समझने और खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का समय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए अगले 25 वर्ष का रोडमैप तय किया है, देश जब आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा तब तक देश को विकसित भारत बनाना है। इसमें हर नागरिक, हर संस्था की भूमिका होनी चाहिए कि हमारा देश आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बने और स्वाभिमान के साथ इस विकास यात्रा में हमारा भी योगदान हो। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के दोनों प्रणेताओं ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी का भी पूरे जीवन यही भाव रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान दौर में तकनीकी के प्रयोग की अपरिहार्यता से भी अवगत कराया। साथ ही नसीहत दी कि तकनीक का इस्तेमाल जीवन को सरल और सहज बनाने के लिए जरूरी है, लेकिन यह ध्यान भी रखना होगा कि तकनीक हमसे संचालित हो, हम तकनीक से नहीं। हम खुद को तकनीक के अनुरूप और तकनीक को अपने अनुरूप तैयार करें। हर कालखंड में भारत ने पूरी दुनिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विश्व के सौ प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रमुख एक्जीक्यूटिव की बात करें तो इसमें सबसे बड़ी संख्या भारतीय नौजवानों की है। ये नौजवान पूरी दुनिया में अपनी तकनीकी ज्ञान का लोहा मनवा रहे हैं। सीएम योगी ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की परिस्थितियों और अब तक की यात्रा को याद करते हुए कहा कि परिषद की 92 वर्ष की यात्रा इस बात के समग्र मूल्यांकन का अवसर है कि नए भारत के लिए संस्था किस दृष्टि से तैयार हो। 1932 में जब ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज ने जब इस परिषद रूपी छोटे बीज को रोपित किया था तब साधन और संसाधन नहीं थे। देश तब गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था। एक ओर आजादी की लड़ाई हिलोरें ले रही थी तो दूसरी ओर आजादी हासिल करने के विश्वास भाव के साथ आजाद भारत के नेतृत्व के लिए योग्य नागरिक तैयार करने की चुनौती थी।

लखनऊ में बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर दी जाएगी सुर श्रद्धांजलि

प्रात: किरण, संवाददाता

लखनऊ,। योगी सरकार की तरफ से संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर 6 दिसंबर को कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। योगी सरकार के निर्देशन में संस्कृति विभाग की तरफ से तैयारी पूरी कर ली गई है। भारत रत्न डॉ. आंबेडकर को सांस्कृतिक सुर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसमें उत्तर प्रदेश के साथ ही मुंबई व अन्य प्रांतों के कलाकार भी संविधान व बाबा साहेब से जुड़ी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम डॉ. भीमराव आंबेडकर मेमोरियल, गोमती नगर, में शाम चार से रात्रि आठ बजे तक आयोजित किया जाएगा।बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. भीमराव आंबेडकर मेमोरियल में सांस्कृतिक सुर श्रद्धांजलि होगी। इसमें मुंबई की रसिका-कृतिका बोरकर व टीम की तरफ से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। यहां दोनों बहनों की तरफ से प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही औरंगाबाद के राहुल हरिभाऊ दांगड़े अनविलकर भी अपने स्वर से बाबा साहेब के कृतित्व व व्यक्ति पर गायन प्रस्तुत करेंगे। महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मेजबान उत्तर प्रदेश के कलाकारों को भी मंच मिलेगा। इसमें आगरा की देवेंद्र एस मंगलामुखी का भी कार्यक्रम होगा। किन्नर समाज की यह कलाकार कथक नृत्य नाटिका की भावविभोर प्रस्तुति से दर्शकों को अपनी प्रतिभा से मुखातिब कराएंगी। इसके साथ ही लखनऊ के रामायण व भदोही के रमेश भावरा बाबा साहेब पर अपने गायन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। लखनऊ की जूही कुमारी की नृत्य नाटिका होगी। लखनऊ के ही संतोष कुमार और महराजगंज के राजाराम भारती बाबा साहेब पर गायन की प्रस्तुति देंगे। लखनऊ के ही धनंजय पासवान भी गायन के जरिए बाबा साहेब, संविधान से जुड़े तथ्यों पर प्रस्तुति देंगी।

राहुल का संभल दौरा मुस्लिम वोट बैंक की राजनीतिः उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री

प्रात: किरण, संवाददाता

लखनऊ,। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के संभल दौरे को उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति करार देते हुए बुधवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव और राहुल गांधी दोनों ही नौटंकी कर रहे हैं। मौर्य ने संवाददाताओं से कहा, अखिलेश और राहुल दोनों ही मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। वे नौटंकी कर रहे हैं। सपा और कांग्रेस का पतन निश्चित है। सपा समाप्तवादी पार्टी बन जाएगी और कांग्रेस मुक्त भारत होगा। मौर्य ने आरोप लगाया, ये दोनों ही पार्टियां माहौल खराब करना चाहती हैं। संभल में हुई हिंसा सपा विधायक और सांसद की रंजिश का नतीजा है। संभल हिंसा के दौरान पाकिस्तान निर्मित कारतूस का इस्तेमाल किये जाने के प्रशासन के दावे के बारे में पूछे जाने पर मौर्य ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि मामले की स्वतंत्र जांच की जा रही है और विपक्ष को संभल में शांति बनाए रखने में सरकार का साथ देना चाहिए। उन्होंने तंज करते हुए कहा, वह (विपक्ष) शांति बहाल होने के बाद वहां जाएं और वलीमा करें।

घबराइए मत, हर शिकायत पर कराएंगे प्रभावी कार्रवाई : सीएम योगी

प्रात: किरण, संवाददाता

गोरखपुर,। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद किया। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा, ह्यघबराइए मत, हर शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराया जाएगा। सरकार सबकी समस्या दूर करने को लेकर संकल्पित है ह्व जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी।

कॉलेज परिसर में बनी मस्जिद में नमाज के दौरान हनुमान चालीसा पढ़ने पर सात लोगों को हिरासत में लिया गया

प्रात: किरण, संवाददाता

वाराणसी । वाराणसी के एक कॉलेज परिसर में बनी मस्जिद में कुछ विद्यार्थियों द्वारा नमाज किए जाने के दौरान हनुमान चालीसा का पाठ करने पर उनके सात सहपाठियों को कुछ देर के लिए हिरासत में लिया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। हालांकि, उदय प्रताप कॉलेज के छात्र नेता विवेकानंद सिंह ने दावा किया कि मंगलवार को बाहरी लोग मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए इकट्ठा हो गए थे जिसके विरोध में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उन्होंने कहा, अगर यहां के छात्र कॉलेज परिसर में मस्जिद या मंदिर में नमाज या पूजा करते हैं तो हमें कोई दिक्कत नहीं है। मगर कॉलेज परिसर में बाहरी लोग नमाज पढ़ने के नाम भीड़ जमा कर रहे हैं, यह हमें मंजूर नहीं है। सिंह ने कहा, इसके विरोध में हम छात्रों ने मंगलवार को कॉलेज परिसर में हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया था। पुलिस प्रशासन ने हमें रोकने की कोशिश की लेकिन हमने अपना पाठ पूरा किया। कैंट क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त विदुष सक्सेना ने बताया कि मंगलवार को कुछ छात्र कॉलेज परिसर में मस्जिद के पास हनुमान चालीसा का पाठ करने पर अड़ गए। उन्होंने कहा,पुलिस ने उन्हें शांत कराकर वापस भेज दिया। पुलिस ने उनमें से सात छात्रों को हिरासत में भी लिया जिन्हें शाम को छोड़ दिया गया। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने साल 2018 में उदय प्रताप कॉलेज को नोटिस जारी कर दावा किया था कि कॉलेज बोर्ड की संपत्ति है।

इफको-टोकियो की 25वीं वर्षगाँठः आईआरडीएआई के 2047 तक सबका बीमा विजन के प्रति संकल्प को दोहराया

प्रात: किरण, संवाददाता

IFFCO-TOKIO GENERAL INSURANCE Muskurate Raho

गुरुग्राम,अग्रणी साधारण बीमा कंपनी इफको-टोकियो जनरल इंश्योरेंस अपनी रजत जयंती मना रही है। इस अवसर पर 25 वर्षों की मजबूत धरोहर और ग्राहक-अनुकूल समाधान की परंपरा के साथ कंपनी ने भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के वर्ष 2047 तक भारत के सभी नागरिकों को बीमित करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की प्राप्ति में अभिन्न भूमिका निभाने के संकल्प को दोहराया है। वर्ष 2000 में इफको और टोकियो मरीन समूह के बीच साझा उपक्रम के तौर पर स्थापित कंपनी की यात्रा प्रत्येक व्यक्ति, घर-परिवार और व्यवसाय तक बीमा पहुंचाने के अटूट विश्वास एवं समर्पण का पर्याय रही है। ग्राहक-केंद्रित सोच के साथ इफको-टोकियो 2000 में अपनी स्थापना से अब तक एक अग्रणी प्लेयर के तौर स्थापित हो चुकी है। मात्र छह (6) करोड़ रुपये की जीडब्ल्यूपी से लेकर आज कंपनी ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे-छोटे कस्बों सहित पूरे भारत में लाखों ग्राहकों को सेवा प्रदान करते हुए 2024 में 10,000 करोड़ रुपये की जीडब्यूपी हासिल कर चुकी है। इसके 34,000 से अधिक एजेंटों का विशाल नेटवर्क प्रत्येक ग्राहक को अद्वितीय सेवा प्रदान करने के प्रति संकल्पित है। इस अवसर पर बोलते हुए प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री सुब्रता मोंडल ने कहा, अपनी 25वीं वर्षगाँठ में प्रवेश करते हुए हम आईआरडीएआई के 2047 तक सबका बीमा विजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। इन वर्षों में हमने विश्वास एवं नवाचार की धरोहर स्थापित की है, और प्रत्येक व्यक्ति, घर-परिवार और व्यवसाय तक बीमा पहुंचाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहे हैं। अपने कर्मचारियों, साझेदारों और ग्राहकों के साथ मिलकर हम सभी के लिए अधिक समावेशी और सुरक्षित भविष्य निर्मित करने के लिए संकल्पबद्ध हैं। कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पर बोलते हुए श्री मंडल ने कहा कि आईआरडीएआई के लक्ष्यों के अनुरूप इफको-टोकियो की सीएसआर पहलों का उद्देश्य शिक्षा एवं कौशल विकास के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को सशक्त करना, पिछड़े क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और हरित भविष्य के लिए संधारणीय अभ्यासों (सस्टेनेबल प्रैक्टिसेज) को बढ़ावा देना है। उन्होंने आगे बताते हुए कहा कि वर्ष 2000 में 34 कर्मचारियों से शुरू होकर वर्ष 2024 में 4700 कर्मचारियों तक की यात्रा कंपनी की समावेशी संस्कृति की परिचायक है। कंपनी महिलाओं को बीमा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त करती है, जोकि लैंगिक विविधता एवं समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का द्योतक है। ग्रामीण भारत में कंपनी ने मजबूती से पैर जमाए हैं। आईआरडीएआई के बीमा वाहक और बीमा विस्तार पहलों से कदमताल मिलाते हुए इफको-टोकियो समाज के अल्पसेवित वर्गों तक किफायती बीमा लेकर पहुंची है। पैकेज पालिसी, स्वास्थ्य और मोटर के लघुबीमा (माइक्रोइंश्योरेंस) वितरण के लिए कंपनी ने सहकारी संगठनों से साझेदारी की है। गुरुग्राम मुख्यालय वाली बीमा कंपनी ने 5000 से अधिक महिला एजेंटों को प्रशिक्षित कर वित्तीय समावेशन और सामाजिक विश्वास को मजबूत किया है। अपनी अद्वितीय यात्रा के दौरान इफको-टोकियो जीआईसी को अनगिनत पुरुस्कार भी प्राप्त हुए हैं। हाल ही में कंपनी को ह्य14वें ईलेट्स हेल्थकेयर इनोवेशन समिट एंड अवार्ड्स 2024 में ह्यहेल्थकेयर इंश्योरेंस कंपनी अवार्ड से सुशोभित किया गया।

महापंचायत में लगातार बढ़ रही है भीड़, किसानों का आरोप- पुलिस पहुंचने नहीं दे रही है

प्रात: किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा,। ग्रेटर नोएडा में होने वाली महापंचायत के लिए किसानों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। राकेश टिकैत का बेटे गौरव टिकैत महापंचायत में पहुंच गए हैं। इसी बीच किसानों ने आरोप लगाया है कि हापुड़ समेत अन्य जगहों से महापंचायत में आ रहे किसानों को लगातार रोका जा रहा है। राकेश टिकैत को भी रोकने की खबर टप्पल से आ रही है। इसके अलावा नोएडा के महामाया फ्लाईओवर के नीचे पहुंचे कुछ किसानों को भी रोका गया है और उनको गिरफ्तार किया गया है। ये महापंचायत ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर हो रही है। इसमें महापंचायत में पांच मंडल सहारनपुर, मेरठ, अलीगढ़, मुरादाबाद, आगरा के हजारों की संख्या में किसान शामिल होने आ रहे हैं। मुजफ्फरनगर के सिसौली गांव में हुई पंचायत में इसका निर्णय भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने लिया था। इसके बाद राकेश टिकैत ने नोएडा के किसानों के संगठन से फोन पर बातचीत की। बताया गया कि किसान यमुना एक्सप्रेसवे से होते हुए ग्रेटर नोएडा आ रहे हैं। दरअसल मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के 10 संगठनों ने दिल्ली कूच का ऐलान किया था। सोमवार को बड़ी संख्या में किसानों ने दिल्ली कूच की शुरूआत की। शाम को प्राधिकरण अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों ने 7 दिन का समय दिया और नोएडा के राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल पर आंदोलन को शिफ्ट कर दिया। मंगलवार को नाटकीय ढंग से पुलिस ने दलित प्रेरणा स्थल पर आने वाले किसानों को रोक दिया साथ ही कई किसानों को थाना और हाउस अरेस्ट कर लिया। इसके बाद भारी पुलिस बल के साथ किसानों को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल से गिरफ्तार किया गया। इस दौरान जबरन किसानों को बसों में भरकर पहले पुलिस लाइन फिर लुक्सर जेल भेज दिया गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रमुख किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन ने मुजफ्फरनगर के सिसौली में पंचायत बुलाई। शाम चार बजे पंचायत मे महापंचायत कर निर्णय लिया गया था।

टाटा पावर-डीडीएल और टीएचडीसीआईएल ने ऊर्जा क्षेत्र में कौशल विकास एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए किया समझौता

प्रात: किरण, संवाददाता

नई दिल्ली,। घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास हेतु कौशल विकास एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड और टेहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कारपोरेशन ने आपस में समझौता किया है, जिसका उद्देश्य बिजली के घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजार के हिसाब से योग्य एवं दक्ष प्रोफेशनल्स तैयार करना है। समझौता ज्ञापन पर टाटा पावर डीडीएल के चीफ ह्यूमैन रिसोर्सेज, इंडस्ट्रियल रिलेशंस, एफएम एंड हेल्थ सर्विसेज के प्रवीण अग्रवाल, टीएचडीसीईएल के जनरल मैनेजर, एचआर एंड ए, डॉ ए एन त्रिपाठी ने टाटा पावर डीडीएल के हेड, बीडी एंड कॉलेबरेशन, अनूप नंदी और एचआरडी-टीएचडीसीआईएल के रवि बुढलाकोटी समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। अधिकारियों ने बताया कि इससे टाटा पावर-डीडीएल तथा टीएचडीसीआईएल के बीच परस्पर सहयोग पर आधारित एक लाभदायक फ्रेमवर्क तैयार होगा। इसके तहत लीडरशिप, वैलनेस एवं अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों समेत, वर्कशॉप, सेमिनार, रिसर्च गतिविधियों के अलावा कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट्स को भी शामिल किया गया है जो एनर्जी सेक्टर के लिए दक्षता और जानकारी बढ़ाने पर बल देंगे। यह महत्वपूर्ण पार्टनरशिप, एचआरडी तक्षशिला ‌झ एसएलसीडीसी, ऋषिकेश तथा दिल्ली में टाटा पावर-डीडीएल के लर्निंग सेंटर की इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं का लाभ उठाते हुए स्मार्ट ग्रिड्स, ग्रिड ऑटोमेशन तथा अन्य पूरक टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों के लिए एडवांस ट्रेनिंग प्रोग्राम तैयार कर उन्हें उपलब्ध कराएगी। इसके बारे में टाटा पावर डीडीएल के चीफ ह्यूमैन रिसोर्सेज, इंडस्ट्रियल रिलेशंस, एफएम एंड हेल्थ सर्विसेज प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि, राष्ट्रीय महत्व के संस्थान टीएचडीसीआईएल के साथ हमारी यह विशिष्ट पार्टनरशिप, देश के एनर्जी सेक्टर के लिए अत्याधुनिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। दुनियाभर में तेजी से बदल रहे एनर्जी सेक्टर के मद्देनजर, हमारा लक्ष्य भारत के अलावा अंतरराष्ट्रीय हितधारकों के लिए भी उच्च-स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त योग्य पेशेवरों को तैयार करना है। यह पहल, कौशल विकास संबंधी हमारी प्रतिबद्धता दोहराने के साथ-साथ इंडस्ट्री की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कार्यबल (वर्कफोर्स) तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता भी दर्शाती है।

जिप इलेक्ट्रिक ने की 20.5 मिलियन उत्सर्जन-मुक्त डिलीवरी, भारत के क्विक कॉमर्स क्षेत्र में लेकर आया बड़ा बदलाव

प्रात: किरण, संवाददाता

प्त जेप्टो, ब्लिंकिट, बिग बास्केट नाउ और इंस्टामार्ट के साथ साझेदारी की बदौलत जिप की इलेक्ट्रिक गाड़ियों के माध्यम से 2.5 मिलियन किलोग्राम से अधिक कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है गुरुग्राम, 04 दिसंबर, 2024ः भारत के अग्रणी ईवी-एज-ए-सर्विस प्लेटफॉर्म, जिप इलेक्ट्रिक ने स्थायी उत्सर्जन-मुक्त लॉजिस्टिक्स के माध्यम से क्विक कॉमर्स में क्रांति लाने के अपने मिशन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पिछले वर्ष में, कंपनी ने 20.5 मिलियन से अधिक जीरो-एमिशन डिलीवरी पूरी की हैं। कंपनी ने इको-फ्रेंडली लॉजिस्टिक्स में नए मानक स्थापित करने के साथ ही अंतिम उपभोक्ता तक डिलीवरी के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने की अपनी प्रतिबद्धता भी मजबूत की है। जिप दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में डिलीवर किए जाने वाले सभी क्विक कॉमर्स ऑर्डर्स में से लगभग15-20% ऑर्डर्स की डिलीवरी करता है। गुरुग्राम, 04 दिसंबर, 2024ः भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने वाले प्रमुख प्लेटफॉर्म जिप इलेक्ट्रिक ने लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने 20.5 मिलियन से ज्यादा उत्सर्जन-मुक्त डिलीवरी सफलतापूर्वक पूरी की हैं। यह उपलब्धि जिप के उस मिशन को दशार्ती है, जिसका उद्देश्य डिलीवरी प्रक्रियाओं में कार्बन उत्सर्जन को कम करना और ईको-फ्रेंडली लॉजिस्टिक्स में नया मानक स्थापित करना है। जिप, दिल्ली-एनसीआर में होने वाले कुल क्विक कॉमर्स ऑर्डर्स का 15-20% डिलीवर करता है। यह क्षेत्र, जो किराना और रोजाना इस्तेमाल की वस्तुओं की तेज डिलीवरी पर केंद्रित है, भारत में तेजी से बढ़ रहा है। इसका मूल्य वर्तमान में 60 से 70 बिलियन डॉलर के बीच आंका गया है और 2030 तक इसके 25 से 55 बिलियन डॉलर के बीच पहुंचने का अनुमान है। जिप इलेक्ट्रिक जैसी कंपनियां क्विक कॉमर्स के विस्तार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ये नए डिलीवरी पार्टनर्स को जोड़ने के साथ ही व्यवसायों के लिए डिलीवरी में सुधार कर रही हैं। जिप का ध्यान गुणवत्ता, समयबद्धता और कार्बन मुक्त डिलीवरी सुनिश्चित करने पर है, जिससे व्यवसायों को ग्राहकों तक पर्यावरण-अनुकूल और भरोसेमंद सेवाएं प्रदान करने में मदद मिल रही है। जिप इलेक्ट्रिक ने जेप्टो, ब्लिंकिट, बिग बास्केट नाउ और इंस्टामार्ट जैसे बड़े क्विक कॉमर्स ब्रांड्स के साथ साझेदारी कर पर्यावरण के लिए बड़ा योगदान दिया है। इन साझेदारियों के जरिए कंपनी ने 2.5 मिलियन किलोग्राम से अधिक कार्बन उत्सर्जन कम किया है। जेप्टो के साथ काम करते हुए, जिप ने 10.4 मिलियन डिलीवरी पूरी कीं, जिससे 11.95 लाख किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन घटा। ब्लिंकिट के लिए 7.19 मिलियन डिलीवरी की गईं, जिससे 8.29 लाख किलोग्राम कार्बन कम हुआ। इसी तरह, बिग बास्केट नाउ ने 2.76 मिलियन डिलीवरी के जरिए 4.22 लाख किलोग्राम कार्बन बचाया। हाल ही में जुड़े इंस्टामार्ट ने भी 2.15 लाख डिलीवरी पूरी कीं और 72,251 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन में कटौती की। जिप इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देकर शहरी लॉजिस्टिक्स में क्रांति लाने और अपने प्लेटफॉर्म से जुड़े डिलीवरी पार्टनर्स के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हाल ही में खत्म हुए त्योहारी सीजन में, जिप के टॉप डिलीवरी पार्टनर्स ने हर महीने करीब 99,949 रुपये तक की कमाई की। यह न केवल क्विक कॉमर्स की बढ़ती संभावनाओं को दिखाता है बल्कि गिग-इकोनॉमी के लिए भी एक नया अवसर प्रस्तुत करता है। कंपनी अब अपने 21वें मिलियन डिलीवरी की ओर बढ़ रही है, जो शून्य-उत्सर्जन डिलीवरी यात्रा का एक बड़ा मील का पत्थर है।

विक्रांत मैसी ने रिटायरमेंट से लिया यू-टर्न

विक्रांत मैसी ने बीते दिन अपने सोशल मीडिया पोस्ट से प्रशंसकों को सकते में डाल दिया। अभिनेता ने एलान किया कि वह फिल्मों से ब्रेक ले रहे हैं। लोगों ने इसे विक्रांत का रिटायरमेंट मान लिया और तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे। अपने प्रशंसकों को सकते में डालने के ठीक एक दिन बाद, अभिनेता विक्रांत मैसी ने इस व्यापक धारणा को स्पष्ट करने के लिए कदम आगे बढ़ाया है कि वह अभिनय की दुनिया से संन्यास नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके बयान का कई लोगों ने गलत मतलब निकाला है।

उनके मुताबिक, उनका इरादा रिटायरमेंट लेना नहीं था बल्कि इंडस्ट्री से कुछ समय के लिए ब्रेक लेना था। एक लेटेस्ट इंटरव्यू में विक्रांत ने सोमवार को वायरल हुए रिटायरमेंट पोस्ट पर अपनी चुप्पी तोड़ी। उन्होंने साझा किया है कि उनका अभिनय की दुनिया से संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है।

ब्रेक पर जा रहे अभिनेता

विक्रांत मैसी ने साफ किया, मैं रिटायर नहीं हो रहा हूं। बस थक गया हूं। एक लंबे ब्रेक की जरूरत है। विक्रांत ने कहा, घर की याद आ रही है और स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। लोगों ने सोशल मीडिया पोस्ट का गलत मतलब निकाला।

बीते दिन बने फिल्म स्क्रीनिंग का हिस्सा

इस बीच, विक्रांत ने सोमवार शाम संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में अपनी नवीनतम फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की स्क्रीनिंग में भाग लिया। यह उनके इंस्टाग्राम पोस्ट के बाद उनकी पहली सार्वजनिक उपस्थिति थी। स्क्रीनिंग के दौरान उन्होंने फिल्म के बारे में बात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सांसदों के साथ फिल्म देखने को लेकर चर्चा की। हालांकि, उन्होंने फिल्में छोड़ने के बारे में पूछे गए सवालों को टाल दिया।

विक्रांत ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर 2025 के बाद अभिनय से ब्रेक लेने की घोषणा की। उन्होंने लिखा, पिछले कुछ साल और उससे पहले का समय अद्भुत रहा है। मैं आप सभी का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मुझे हमेशा समर्थन दिया, लेकिन जैसे ही मैं आगे बढ़ा तो मुझे यह एहसास हुआ कि एक पति, पिता, बेटे और एक अभिनेता के रूप में भी अब खुद को पुनः संरेखित करने और घर लौटने का समय आ गया है।



'फेडी' के दो साल पूरे होने पर कार्तिक ने लिखा नोट, पार्ट 2 की ओर किया इशारा!

कार्तिक आर्यन ने उनकी फिल्म फेडी के दो साल पूरे होने पर एक शानदार नोट लिखा। अभिनेता फिल्म से जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने फिल्म का ही एक डायलॉग लिखा, एक जो सुनाऊ- आई स्टिल लव यू। इसके बाद उन्होंने कैप्शन में लिखा, फेडी के दो साल, और इस ट्विस्टेड लवर बॉय को जीने की खुशी अभी भी पहले की तरह ही रोमांचक लगती है! फेडी में तब्दील होना कोई छोटी उपलब्धि नहीं थी। अभिनेता आगे लिखा, अपने डॉ. फेडी पर इतना प्यार बरसाने के लिए आपका धन्यवाद। यह यात्रा अविस्मरणीय रही है, और कौन जानता है... शायद अभी भी सबसे अच्छा आना बाकी है! उनके इस नोट से यह संकेत भी मिलता है कि फिल्म का दूसरा भाग आ सकता है।

चेकमेट की शूटिंग के दौरान बहुत दर्द में थी, फिर भी रनिंग सीक्वेंस पूरा किया

हाल ही में क्राइम थ्रिलर शो चेकमेट हंगामा पर स्ट्रीम हुआ है। इसमें नीलम का मुख्य किरदार नायरा एम. बनर्जी ने निभाया। नायरा इन दिनों इसे लेकर चर्चा में हैं। उनसे हुई खास बातचीत....

चेकमेट में निभाए किरदार नीलम के बारे में कुछ बताइए?

चेकमेट बहुत ही अलग किस्म का शो है, जहां पर एक लेडी की इमोशनल मेंटल जर्नी दिखाई देती है। हर इंसान अपनी लाइफ में पास्ट को भुलाकर नई जर्नी शुरू करना चाहता है। मेरे किरदार का नाम नीलम है। नीलम बहुत ही बुटल रही है। उसका पास्ट बहुत ही डरावना और अलग रहा है, जिसकी वजह से उसने कोशिश की कि अपनी लाइफ को पूरी तरह से सुधारे और चेंज करे। वह अपने पति के खाने-पीने और फैमिली का खयाल रखती है।

नीलम के किरदार को जीवंत करना किस तरह से चुनौतीपूर्ण रहा?

मुझे पहले से पता है कि जितना चैलेंज हो, उतना मेरे लिए अच्छा है। काम जितना चैलेंज होता है, उतना ही बेस्ट निकलकर आता है। मुझे पता था कि यह मेरे पास आ रहा है, तब मेरे अंदर से टिगर कर करके सारी चीजें बाहर निकालेगा। मैं हमेशा डिफिकल्ट चीजें ही चूज करती हूं, यह मेरी आदत में शुमार है। इस आदत को नहीं बदलना चाहती।

आप एक सीन में फूट-फूट कर रो रही हैं। वह रेफरेंस पॉइंट कहां से लाई?

वह रेफरेंस पॉइंट अपने पापा की डेथ से निकाला था। उस वक्त बहुत फूट-फूट कर रोई थी। उस वक्त क्या फोल हुआ था। पापा के जाने पर ऐसा फील हुआ था कि मेरी सारी दुनिया खत्म हो गई। यही बात चेकमेट के सीन में भी है कि मेरा पति मुझे मारना चाहता है। मैं खुद को नहीं जानती। खैर, यह रेफरेंस अपनी रियल लाइफ से लिया था, क्योंकि उस समय लगा था कि अब क्या करूं, अब अकेली हूं।

अपकमिंग प्रोजेक्ट के बारे में बताइए कि कौन-से आने वाले हैं?

एक बहुत पॉपुलर सीरीज का सीजन 2 आ रहा है। इसमें फेमस एक्टर की वाइफ का रोल प्ले कर रही हूं। यह सीरीज जनवरी एक आखिरी सप्ताह में स्ट्रीम होगी।

चेकमेट की शूटिंग के दौरान का कोई रोचक वाकया बताइए?

चेकमेट की शूटिंग के दौरान मैं बहुत दर्द में थी। मैं अपना एग फ्रीजिंग करवा रही थी। मुझे इंजेक्शन लग रहे थे। मेरा पूरा शरीर सूजा हुआ था। मेरे इमोशन बहुत ऊपर-नीचे हो रहे थे, क्योंकि शरीर में हार्मोनल चेंज हो रहा था। बॉडी में आइस पैड लगा-लगाकर सूजन कम करती थी। इतना दर्द होता था कि मैं उठ-बैठ नहीं पा रही थी लेकिन उस हालत में भी शो के लिए बिल्कुल थका देने वाला रनिंग सीक्वेंस पूरा किया। इसमें प्रोडक्शन हाउस ने बड़ा साथ दिया। मेरे डॉक्टर को लेकर आते थे। समय-समय पर इंजेक्शन दिलवाते थे। मेरे चेकअप्स के लिए समय से छोड़ देते थे। उन्होंने बहुत एडजस्ट किया। मैं बहुत फिजिकल पेन में थी। इसके अलावा इमोशनल भी हुई हूं, क्योंकि मेरा हार्मोन पूरा ऊपर-नीचे जा चुका था।

स्त्री 2 के गाने 'आज की रात' ने बदला तमन्ना का नजरिया

तमन्ना भाटिया ने हिंदी और दक्षिण भारतीय फिल्मों में बतौर हीरोइन काफी काम किया है। साथ ही वह डांस नंबर भी फिल्मों में करने लगी हैं। इसी साल फिल्म 'स्त्री 2' में उन्होंने एक आइटम सॉन्ग आज की रात किया था, इस गाने में उनके डांस मूव्स को काफी पसंद किया गया। यह गाना भी फिल्म की सफलता का एक अहम कारण रहा। इसी गाने के बारे में हाल ही में तमन्ना ने बताया फिर से बात की। उन्होंने बताया कि आज की रात गाने ने उनका अपने लिए ही नजरिया बदल दिया था।

खुद को पूरी तरह से स्वीकार किया

हाल ही में तमन्ना ने बताया कि जब वह छोटी थी तो उन्हें लगता था कि पतला होना ही फिट होना होता है। ऐसे में वह अपनी बॉडी को, फिगर को लेकर हमेशा कॉन्शस रही। लेकिन जब तमन्ना ने फिल्म स्त्री 2 का गाना 'आज की रात' किया तो उन्होंने खुद को फिगर, बॉडी को स्वीकार करने में मदद मिली। वह खुद की बॉडी को लेकर कॉन्शस नहीं हुई और अपने लिए काफी अच्छा महसूस करने लगी। इस तरह से 'आज की रात' ने उनका अपने लिए ही नजरिया बदला। यह गाना उनकी जिंदगी को बदलने वाला साबित हुआ। तमन्ना ने अपने आप को पूरी तरह से अब स्वीकार कर लिया है, वह अपनी फिगर को लेकर अब परेशान नहीं होती हैं।

सिकंदर का मुकद्दर में अभिनय करके खुश

इन दिनों तमन्ना भाटिया अपनी एक फिल्म सिकंदर का मुकद्दर को लेकर चर्चा में हैं। यह एक थ्रिलर फिल्म है। इसमें उनके साथ जिमी शेरगिल और अविनाश तिवारी जैसे कलाकारों ने अभिनय किया है। हाल ही में यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है।

कविता कौशिक ने की विवेक ओबेराय की तारीफ

फेम एक्ट्रेस कविता कौशिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। अब उन्होंने सुपरस्टार सलमान खान पर नाम लिए बगैर निशाना साधने के साथ एक्टर विवेक ओबेरॉय की तारीफ की है। दरअसल सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रही थी, जिसमें विवेक की नेटवर्थ 1200 करोड़ रुपए बताई गई है। इस पोस्ट को अपने एक्स पर रीपोस्ट कर कविता ने विवेक की तारीफ करते हुए लिखा, एक शानदार एक्टर, अपनी वुमेन के लिए खड़े रहे, सबसे बड़े सच बोलने के खिलाफ लड़े, लेकिन हम एक देश के रूप में स्वैग, दादागिरी और रोस्टिंग से मंत्रमुग्ध रहे। कविता की ये पोस्ट वायरल हो रही है। लोग जबरदस्त तरीके से कमेंट कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि कविता साल 2020 में सलमान के शो 'बिग बॉस 14' में हिस्सा ले चुकी हैं। वहां घर में कविता कई कंटेस्टेंट से लड़ते हुए नजर आई थीं। उनकी एजाज खान, रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला से लड़ाई हुई थी। घर में कुछ समय तक रहने के बाद कविता ने खुद शो छोड़ने का फैसला किया था। कविता एक्टिंग की दुनिया से दूर हो चुकी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर टीवी छोड़ने की जानकारी दी थी। अब वह सोशल मीडिया पर ही नजर आती हैं।



अग्नि के लिए रियल फायर फाइटर्स से ट्रेनिंग ली

फिल्म अग्नि ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर 6 दिसंबर को स्ट्रीम होगी। इसमें प्रतीक लीड रोल में हैं। उन्होंने एक खास मुलाकात में फिल्म से जुड़ने से लेकर तैयारी और सह-कलाकारों के साथ काम करने के अनुभव आदि के बारे में बातचीत की....

फिल्म अग्नि से कैसे और क्यों जुड़े?

मुझे एक्सेल एंटरटेनमेंट से रितेश सिद्धवानी ने बुलाया था। मैं मिलने गया, तब वहां पर निर्देशक राहुल ढोलकिया भी थे। उन्होंने कहा कि हम साथ में काम करेंगे, तब मजा आएगा। स्क्रिप्ट सुनने के दौरान ही मुझे पूरी कहानी में नयापन लगा। आज तक किसी भी भाषा में फायर फाइटर्स पर कोई सिनेमा नहीं देखा। मैं सबसे ज्यादा खुश इस बात से हुआ कि किसी ने ऐसी कहानी के बारे में सोचा है, जिससे इस दुनिया को पहली बार दिखा पाएंगे। यह ऐसा थ्रिलर ड्रामा है, जिसमें न सिर्फ फायर फाइटर्स टीम का नया सब्जेक्ट है, बल्कि बहुत इंटरेस्टिंग थ्रिलर है।

पहली बार अग्निशमन दल पर बनी पूरी फिल्म के लिए खास तैयारी क्या रही?

हमें इसके लिए दो प्रकार की तैयारियां करनी थी। एक तो शारीरिक तौर पर और दूसरी यह कि इसमें जितने भी इक्यूपमेंट्स हैं, उन्हें कैसे हैंडल करते हैं। हमने मुंबई स्थित भायखला जाकर रियल फायर फाइटर्स के साथ 15-20 दिनों की प्रॉपर ट्रेनिंग ली।

ट्रेनिंग के दौरान कभी रियल फायर का सामना हुआ?

एक बार ट्रेनिंग कर रहे थे। उसी समय फायर अलार्म बजा। वे सब जा रहे थे, तब मैंने उनसे पूछा कि क्या हम सब साथ में आ सकते हैं। हम कुछ लोग उनके साथ मौका-ए-वारदात पर गए। उस समय एक मस्जिद में शार्ट सर्किट हो गया था। पूरा मीटर बॉक्स काला पड़ गया। थोड़ा-थोड़ा स्पार्क हो रहा था। यह छोटा-सा मामला था, पर जिस हिसाब से उसे हैंडल किया, वह काबिल-ए-तारीफ था। सेफ्टी के लिहाज से हमें नजदीक जाने की परमीशन नहीं थी, सो दूर से ऑब्जर्व किया। मैंने देखा कि मौका- ए-वारदात पर जाते हैं, तब न सिर्फ आग बुझाने का काम होता है, बल्कि काफी सारे पेपर वर्क भी होता है। लोगों से बातचीत भी करनी पड़ती है।

फिल्म के कलाकारों के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?

इसमें जितने भी कलाकार हैं, उन सबके साथ काम करने का अनुभव बड़ा बेहतरीन रहा, क्योंकि सभी बड़े मझे कलाकार होने के साथ उत्साही भी हैं। हर फिल्म में कलाकार यही अनुभव करता और वह बोलता भी है लेकिन काम करने के दौरान हम लोगों के बीच जो दोस्ती बनी है वह लंबे समय तक कायम रहने वाली दोस्ती है। यह मेरी और दिव्येंदु की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म को हमने पहले और उसके बाद मडगांव शूट किया था।

कहां-कहां शूट किए और शूटिंग में कितने दिन लगे?

यह पूरी फिल्म मुंबई में शूट हुई है और शूट करने में तकरीबन 45 दिन लगे हैं। फिल्म की कहानी के मुताबिक सेट बनाना बहुत जरूरी था, इसलिए फिल्मसिटी में सेट बनाया गया था।

गोविंदा के बिना बनेगी भागम भाग 2

प्रियदर्शन ने साल 2006 में फिल्म भागम भाग बनाई, जिसमें हंसी के जबर्दस्त तालमेल ने दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म में अक्षय कुमार, गोविंदा और परेश रावल की कॉमेडी पावरहाउस तिकड़ी मुख्य भूमिकाओं में थी। अब, दो दशक बाद इसके सीक्वल को लेकर चर्चा बढ़ रही है। हालांकि, गोविंदा ने हाल ही में खुलासा किया कि इस बहुप्रतीक्षित सीक्वल के लिए उनसे संपर्क नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि क्या उन्हें फिल्म का हिस्सा बनने में दिलचस्पी है। गोविंदा ने हालिया इंटरव्यू में एक चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि उन्हें कॉमेडी सीक्वल भागम भाग 2 के लिए नहीं चुना गया है। अभिनेता ने कहा, किसी ने भी भागम भाग 2 के लिए मुझसे संपर्क नहीं किया है या चर्चा के लिए नहीं बैठा है। मेरे बारे में सिर्फ भागम भाग 2 ही नहीं, बल्कि पार्टनर सहित कई अन्य सीक्वल से जुड़ने की भी कहानियां चारों ओर फैल रही हैं।

संक्षिप्त समाचार

अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय डिप्लोमा प्रोग्राम्स में 2025-26 के लिए प्रवेश सूचना

बेंगलूरु, एजेंसी। अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय एजुकेशन में डिप्लोमा प्रोग्राम्स के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। ये डिप्लोमा प्रोग्राम अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु कैम्पस में चलेंगे। डिप्लोमा प्रोग्राम्स निम्नानुसार होंगे, पोस्ट ग्रैजुएशन डिप्लोमा इन एजुकेशन - आरंभिक बाल्यावस्था शिक्षा,क पोस्ट ग्रैजुएशन डिप्लोमा इन एजुकेशन - आरंभिक बाल्यावस्था शिक्षा,क पोस्ट ग्रैजुएशन डिप्लोमा इन एजुकेशन - समावेशी शिक्षा,कपोस्ट ग्रैजुएशन डिप्लोमा इन एजुकेशन - सीखने में अक्षमता वाले बच्चों को पढ़ाना । प्रवेश 2025 महत्त्वपूर्ण तिथियाँ आवेदन की आख़िरी तारीख़ 12 जनवरी 2025, साक्षात्कार दिसम्बर 2024 और जनवरी 2025 कक्षाओं की शुरुआत मार्च, 2025 रहेंगी। ये एक साल के पार्ट-टाइम डिप्लोमा का पाठ्यक्रम हैं। इसमें शिक्षा क्षेत्र के सिद्धांतों और उसके व्यावहारिक पक्षों को मान रूप से पढ़ाया जायेगा। कक्षाएँ ऑनलाइन और ऑफ़लाइन दोनों तरीकों से होंगी। इन डिप्लोमा प्रोग्राम्स का मक़सद बेहतर व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों की कमी को पूरा करना है, ताकि स्कूल व्यवस्था में काम करने वाले पेशेवरों और शिक्षकों में आवश्यक क्षमता और कौशल विकसित किए जा सके। अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ़ एजुकेशन के निदेशक, अंकुर मदान का कहना है, अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में चलाये जाने वाले एजुकेशन से संबंधित डिप्लोमा प्रोग्राम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में परिकल्पित न्यायसंगत और समावेशी समाज के लक्ष्य को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं। ये कार्यक्रम शिक्षकों और स्कूल प्रशासकों को मुख्य रूप से आरंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, समावेशी शिक्षा और सीखने में अक्षमता जैसे क्षेत्रों में ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण प्रदान करेंगे। इन प्रोग्राम्स को कुछ इस तरह तैयार किया गया है कि शिक्षक इस अवधि में जो कुछ सीखेंगे, उसे वे कक्षा में लागू कर पाएँगे। साथ ही अपने अध्यापन को और बेहतर बनाने के लिए सहकर्मियों के सवालों का जवाब व जानकारी मुहैया करा पाएँगे।

सोने-चांदी की कीमतों में तेजी

नई दिल्ली, एजेंसी। सर्राफा बाजारों में आज सोने-चांदी की कीमतों में तेजी है। आज 24 कैरेट सोना औसतन 96 रुपये महंगा होकर 76420 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। वहीं, चांदी के भाव में आज 370 रुपये की प्रति किलो की तेजी है। आज चांदी 90350 रुपये के औसत रेट पर खुली। यह रेट आईबीए ने जारी किया है, जिसमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। लाइव मिंट के मुताबिक दिल्ली में आज सोने की कीमत 77963 प्रति 10 ग्राम है। कल 78163 रुपये थी और पिछले हफ्ते 28 को सोने की कीमत 77693 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। दिल्ली में आज चांदी का रेट 94000 किलोग्राम हैं। कल चांदी का रेट 94500 रुपये प्रति किलोग्राम था।

बैंकों से दूर भाग रहे लोग!

सभी सेगमेंट्स में क्रेडिट ग्रोथ में आई गिरावट, जीडीपी से है सीधा कनेक्शन

नई दिल्ली, एजेंसी। बैंक क्रेडिट ग्रोथ 15 नवंबर, 2024 तक पिछले साल के 20.6 प्रतिशत की तुलना में धीमी होकर 11.1 प्रतिशत रह गई है। एचडीएफसी-एचडीएफसी बैंक मर्जर को एडजस्ट करने के बाद भी 12.4 प्रतिशत रही जो पिछले साल 16.2 प्रतिशत रही थी। इस दौरान डिपॉजिट ग्रोथ में भी गिरावट आई। 15 नवंबर, 2023 तक के 12 महीनों में डिपॉजिट ग्रोथ 13.6 प्रतिशत रही जो 15 नवंबर, 2024 में पिछले एक साल के दौरान 11.2 प्रतिशत रही। आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि बैंकिंग सिस्टम की कुल जमा राशि 218.5 लाख करोड़ रुपये थी जो मार्च के अंत की तुलना में 6.7 प्रतिशत अधिक है। बैंकों ने अप्रैल से 15 नवंबर के बीच 13.8 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा जमा किए हैं।

इस साल अब तक डिपॉजिट ग्रोथ पिछले साल के 8.9 प्रतिशत से कम है। पिछले साल बैंकों ने वित्त वर्ष 2025 के पहले साढ़े सात महीनों में 16.1 लाख करोड़ रुपये जोड़े थे। 15 नवंबर तक कुल बैंक क्रेडिट 173.6 लाख करोड़ रुपये था। बैंकों ने वित्त वर्ष 2025 में 9.3 लाख करोड़ रुपये के नए क्रेडिट जोड़े हैं, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह अमाउंट 19.5 लाख करोड़ रुपये थी। एचडीएफसी प्रभाव के बिना भी पिछले साल एडवांसेज में ग्रोथ 13.6 लाख करोड़ रुपये थी।

क्रेडिट और जीडीपी का संबंध

मैक्रेरी के रिसर्च एनालिस्ट सुरेश गणपति ने कहा कि कुल मिलाकर क्रेडिट ग्रोथ पिछले वर्ष के 16 प्रतिशत से धीमी होकर अब लगभग 11 प्रतिशत रह गई है। क्रेडिट ग्रोथ जीडीपी को बढ़ाती है। शोध में यह बात सामने आई है कि क्रेडिट और जीडीपी में सीधा संबंध है। इसके मुताबिक क्रेडिट में वृद्धि से जीडीपी में बढ़ोतरी होती है। बैंक डिपॉजिट ग्रोथ धीमी होने के कारण बैंकों ने अपने सरकारी बॉन्ड पोर्टफोलियो को लिक्विडेट करना शुरू कर दिया है। 15 नवंबर को समाप्त पखवाड़े में आरबीआई के पास सरकारी प्रतिभूतियों का बकाया स्टॉक 67,431 करोड़ रुपये घटकर 64.4 लाख करोड़ रुपये रह गया। गणपति ने कहा, सब कुछ धीमा हो रहा है। पहले, केवल असुरक्षित ऋण धीमा हो रहा था। अब, मंदी सुरक्षित क्षेत्रों में भी फैल रही है। मोर्टगेज ग्रोथ 18 प्रतिशत से घटकर 12 प्रतिशत रह गई है, ऑटो लोन पिछले साल के 20 प्रतिशत से घटकर 11 प्रतिशत रह गए हैं। असुरक्षित ऋण वृद्धि पिछले साल 25 प्रतिशत से अधिक चल रही थी जो अब घटकर 11 प्रतिशत हो गई है। हाल के वर्षों में बैंकों के क्रेडिट में रिटेल लेंडिंग और गैर-बैंक वित्तीय संस्थानों को क्रेडिट की अहम भूमिका रही है। रिटेल बैंक क्रेडिट ग्रोथ मार्च 2024 में 16.3 प्रतिशत थी जो घटकर सितंबर में 13.4 प्रतिशत और अक्टूबर में 12.9 प्रतिशत रह गई।

रिलायंस जियो से मिला 147 करोड़ रुपये का ऑर्डर

नई दिल्ली, एजेंसी। रिलायंस प्रोजेक्ट्स एंड प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड से 147 करोड़ रुपये का एक महत्वपूर्ण ऑर्डर हासिल करने के बाद बाद स्टीलमैन टेलीकॉम के शेयर में बुधवार यानी आज 20 फीसद का अपर सर्किट लग गया और यह एक महीने के उच्च स्तर 154.80 रुपये पर पहुंच गया है। मंगलवार को एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने निवेशकों को सूचित किया कि उसे इनडोर छोटे सेल, इनडोर और आउटडोर वाई-फाई और एंटरप्राइज यूबीआर के रखरखाव के लिए फ्रंटएंड, बैकएंड और सुपरवाइजरी टीम देने के लिए 147 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। तीन साल में पूरा किए जाने वाल यह प्रोजेक्ट पिछले दिन के रूप में कंपनी के 123.84 करोड़ रुपये के मार्केट कैप से बड़ा है। स्टीलमैन टेलीकॉम को टेलीकॉम उद्योग के लिए एक सर्विस प्रोवाइडर के रूप में मान्यता प्राप्त है। यह इस सेक्टर के कम्युनिकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर को बनाए रखने और विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र वर्तमान में दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा है। यह प्रौद्योगिकी में ग्रोथ और बाजार की बढ़ती मांगों से प्रेरित महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है।

कानून में संशोधन: बैंक खाते में 4 नॉमिनी जोड़ने को मिली मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा में मंगलवार को बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक-2024 ध्वनिमत से पारित हो गया। इस विधेयक से बैंक खाताधारक को अपने खाते में चार नॉमिनी जोड़ने का अधिकार मिलेगा। इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह विधेयक लोकसभा में पेश किया। उन्होंने कहा कि इससे बैंकिंग क्षेत्र अधिक मजबूत होगा और ग्राहकों तथा निवेशकों के हित सुरक्षित होंगे। उन्होंने विधेयक पर चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम-1934, बैंकिंग विनियमन अधिनियम-1949, भारतीय स्टेट बैंक-1955 और बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण)-1980 में कुल 19 संशोधन प्रस्तावित हैं। इनका उद्देश्य बैंकिंग से जुड़े शासन मानकों में सुधार करना और बैंकों द्वारा आरबीआई को दी जाने वाली सूचना में एकरूपता लाना है। गौरतलब है कि इस विधेयक की घोषणा वित्त मंत्री ने अपने 2023-24 के बजट भाषण में की थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, नए संशोधनों से बैंकिंग क्षेत्र में और अधिक मजबूती आएगी और ग्राहकों के हित भी सुरक्षित होंगे। 2014 से सरकार और आरबीआई बैंकों को स्थिर बनाए रखने के लिए बेहद सतर्क रहे हैं।

विधेयक की खास बातें

1. बैंक खातों के लिए नॉमिनी की सीमा बढ़ेगी

इस विधेयक में प्रति बैंक खाते के लिए नॉमिनी की संख्या को मौजूदा एक से बढ़ाकर चार करने का प्रस्ताव है। जानकारों का मानना है कि इससे जमाकर्ताओं, बैंक लॉकर धारकों और उनके नॉमिनी को फायदा होगा।

2. बिना दावे वाली राशि का निपटारा

यह संशोधन बिना दावे वाले डिविडेंड, शेयर और बांड के ब्याज या रिडेम्पशन आय को निवेशक एजूकेशन और संरक्षण कोष में स्थानांतरित करने की सुविधा प्रदान करेगा।

सुजलॉन एनर्जी को मिला साल का सबसे बड़ा ऑर्डर, शेयरों में जोरदार तेजी

नई दिल्ली, एजेंसी। सुजलॉन एनर्जी को कर्नाटक के कोप्पल क्षेत्र में जिंदल रिन्यूएबल्स से 302.4 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का बड़ा ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर के तहत सुजलॉन को ग्रीन स्टील प्रोडक्शन में वृद्धि के लिए 96 अत्याधुनिक एस144 पवन टरबाइन जनरेटर की आपूर्ति करनी है। यह सुजलॉन के लिए साल का सबसे बड़ा ऑर्डर है और कर्नाटक में पहले से ही 400 मेगावाट की कैप्टिव पवन ऊर्जा परियोजना भी कंपनी के पास है।

बुधवार को सुजलॉन का शेयर 65.40 रुपए के बंद भाव से 65.90 रुपए पर खुला और इसके बाद इसमें तेजी देखने को मिली। खबर लिखे जाने के समय यह 68.28 रुपए पर कारोबार कर रहा था। एक्सपर्ट्स के अनुसार, अगर शेयर 66 के ऊपर बना रहता है, तो यह छोटी अवधी में 85-90 तक जा सकता है। विश्लेषकों के अनुसार, सुजलॉन के स्टॉक पर तीन ने खरीदें रेटिंग दी है, जबकि दो ने होल्ड की सिफारिश की है।

आगे की योजनाएं

सुजलॉन ने अपनी कुल ऑर्डर बुक में सीएंडआई ग्राहकों की हिस्सेदारी को 56 प्रतिशत तक बढ़ा लिया है, जो अब तक का उच्चतम 5.4 गीगावाट है। कंपनी ने कहा कि यह सहयोग भारत के 2030 तक 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन से बिजली उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेगा। सुजलॉन के सीईओ जेपी चालसानी ने यह भी बताया कि मौजूदा ऑर्डर बुक अगले 18-24 महीनों में पूरी हो जाएगी।

हीरे-जवाहरात के निर्यात में तो नंबर 1 हैं ही, अब इनके निर्यात में भी झंडा हो रहा है बुलंद

नई दिल्ली, एजेंसी। अक्सर हम सुनते हैं कि भारत चावल और अन्य कृषि वस्तुओं के निर्यात में आगे है। हम अधिकतर कच्चे माल और इंडस्ट्री इनपुट के लिए विदेशों पर निर्भर हैं। लेकिन यह अधूरी बात है। जब बात हाई-वैल्यू प्रोडक्ट्स की हो, तो भारत दुनिया के शीर्ष 10 निर्यातकों में शामिल हो गया है। यह कोई सुनी सुनाई बात नही है। इसकी जानकारी केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों से मिली है।

भारत दशकों से हीरे-जवाहरात जैसे प्रीसस स्टोन या कीमती पत्थरों के निर्यात में प्रमुख स्थान रखता है। लेकिन अब भारत इससे भी आगे निकलते हुए सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिकल उपकरणों के निर्यात में अपनी जगह बना रहा है। भारत का निर्यात प्रदर्शन देश की बढ़ती आर्थिक ताकत को दिखा रहा है। दरअसल, सरकार का इस समय फोकस इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर पर फोकस है। इसके बेहतर परिणाम आए हैं।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश से 2023 में इन उत्पादों का निर्यात बढ़कर 1.91 अरब डॉलर हो गया है, जो 2014 में 0.23 अरब डॉलर था। इसी के साथ ग्लोबल मार्केट में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 1.40 प्रतिशत हो गई है। इस कारण इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर निर्यात में भारत दुनिया में नौवें स्थान पर आ गया है, जो कि पहले 2014 में 20वें स्थान पर था। बयान में आगे कहा गया है कि यह प्रगति दिखाती है कि सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में देश की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। कीमती और अर्ध-कीमती पत्थरों के निर्यात में भारत ने खुद को ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित किया है। इस कारण ग्लोबल मार्केट में देश की हिस्सेदारी बढ़कर 2023 में 36.53 प्रतिशत हो गई है, जो कि पहले 2014 में 2.64 प्रतिशत थी। इसकी एक्सपोर्ट वैल्यू 1.52 अरब डॉलर रही है। इलेक्ट्रिक मोटर और जनरेटर के पुर्जों के निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो 2023 में 1.15 अरब डॉलर तक पहुंच गई है और इसमें भारत की वैश्विक हिस्सेदारी 4.86 प्रतिशत है। इस कारण इलेक्ट्रिक मोटर और जनरेटर के पुर्जों के निर्यात में भारत की रैंकिंग छठे स्थान पर पहुंच गई है, जो कि 2014 में 21वीं थी। पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स के निर्यात में पिछले कुछ वर्षों के दौरान जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। साल 2023 में यह बढ़कर 84.96 अरब डॉलर हो गया है, जो कि 2014 में 60.84 अरब डॉलर था। इसके साथ ही पेट्रोलियम निर्यात के वैश्विक बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 12.59 प्रतिशत हो गई है। एग्रोकेमिकल सेक्टर में भी भारत के निर्यात में इजाफा हुआ है। 2023 में यह बढ़कर 4.32 अरब डॉलर हो गया है। वैश्विक मार्केट में देश की हिस्सेदारी बढ़कर 10.85 प्रतिशत हो गई है, जो कि 2014 में 5.89 प्रतिशत थी।

चीनी निर्यात भी खूब हो रहा है

भारत के चीनी निर्यात में भी असाधारण वृद्धि देखी गई है। देश की गन्ना या चुकंदर से बनी चीनी के वैश्विक बाजार में हिस्सेदारी 2014 में 4.31 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 12.21 प्रतिशत हो गई है। इसका निर्यात मूल्य 2023 में 3.72 अरब डॉलर रहा है, जिससे भारत की दूसरे सबसे बड़े चीनी निर्यातक के रूप में स्थिति मजबूत हुई। भारत का कोलटार डिस्टिलेशन प्रोडक्ट्स का निर्यात 2023 में 1.71 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिससे वैश्विक बाजार में देश की हिस्सेदारी बढ़कर 5.48 प्रतिशत हो गई है।

सर्दियों में खरीदारी करना हुआ आसान

शॉप्सी ने मौसमी आवश्यक वस्तुओं के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन का अनावरण किया

मुंबई, एजेंसी। भारत में सर्दी सिर्फ़ एक मौसम नहीं बल्कि उससे कहीं अधिक है; यह गर्मी, आराम और एकजुटता की भावना को अपनाने का समय है। हवा में ताजगी भरी ठंड से लेकर स्टाइलिश कपड़े पहनने की खुशी तक, सर्दी भारत के हर हिस्से में अपना विशेष आकर्षण लेकर आती है। भारत की अग्रणीहाइपरवैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म शॉप्सी, देश भर में, विशेष रूप से उत्तर, पश्चिम और पूर्व के ठंडे क्षेत्रों में ग्राहकों की विशिष्ट मांगों को ध्यान में रखते हुए अपनी एक्सक्लूसिव वॉव विंटर सेल को लॉन्च करने के लिए उत्साहित है। भारत के उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई, वॉव विंटर सेल सिर्फ 99 रुपये से शुरू होकर स्टाइल, आराम और कार्यक्षमता के संयोजन के साथ सर्दियों की आवश्यक वस्तुओं की एक विस्तृत रेंज प्रदान करती है। इसमें हुडीज़, स्वेटशर्ट, बाइकिंग ग्लव्ज, कैप, जैकेट और बच्चों के

विंटरवियर जैसी टॉप कैटेगरीज शामिल हैं, जो यह सुनिश्चित करती हैं कि परिवार का हर सदस्य फैशनेबल दिखने के साथ-साथ गर्म भी रह सके।

सैमको म्यूचुअल फंड ने डायनेमिक आर.ओ.टी.ए.टी.ई रणनीति के साथ अभिनव मल्टी एसेट एलोकेशन फंड किया लॉन्च

मुंबई, एजेंसी। सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने मल्टी एसेट एलोकेशन फंड (एमएएएफ) के नए फंड ऑफर (एनएफओ) की घोषणा की, जो 4 दिसंबर, 2024 को खुलेगा और 18 दिसंबर, 2024 को बंद होगा। यह फंड इक्विटी, गोल्ड और डेट/आर्बिट्रेज के बीच आवंटित होगा, ताकि रिटर्न को अनुकूलित किया जा सके और जोखिम को कम किया जा सके। इस योजना की न्यूनतम आवेदन राशि 5,000 है। यह फंड आर.ओ.टी.ए.टी.इ स्ट्रेटजी द्वारा संचालित होगा। इस रणनीति के अनुसार, जब शेयर बाजार में तेजी होती है तो फंड मुख्य रूप से इक्विटी मोड में घूमने की क्षमता रखता है, जब शेयर बाजार में गिरावट आती है लेकिन सोना बेहतर प्रदर्शन कर रहा होता है तो गोल्ड मोड में और जब शेयर और सोना दोनों गिर रहे होते हैं तो डेट/आर्बिट्रेज मोड में घूमने की क्षमता रखता है। इस प्रकार स्थिर रिटर्न देने और निवेशक की संपत्ति की रक्षा करने का प्रयास करता है। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विराज गांधी ने कहा, सैमको में, हम गतिशील निवेश शक्ति में विश्वास करते हैं।

गोदरेज डीईआई लैब और खेतान एंड कंपनी ने किया विकलांग व्यक्तियों के कार्यस्थल समावेशन का समर्थन

मुंबई, एजेंसी। गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह की विविधता और समावेश शाखा गोदरेज डीईआई लैब और एक प्रमुख पूर्ण-सेवा कानूनी फर्म खेतान एंड कंपनी ने आज अंतरराष्ट्रीय विकलांग व्यक्ति दिवस मनाया। गोदरेज डीईआई लैब के सहयोग से खेतान एंड कंपनी की विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर पुस्तिका के दूसरे संस्करण का अनावरण मुंबई में उनके विकलांगता समावेश शिखर सम्मेलन में किया गया। यह व्यापक पुस्तिका विकलांगता अधिकार ढांचे पर भारतीय न्यायशास्त्र के विकास को समझने के लिए एक तैयार पुस्तिका के रूप में कार्य करती है। गोदरेज डीईआई लैब के प्रमुख परमेश शाहानी ने कहा, यह आयोजन कार्यस्थल समावेशन के प्रति हमारी निःरंतर प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह के उद्देश्य के अनुरूप, विविध हितधारकों और विशेषज्ञों को एक साथ लाकर, हम अधिक समतापूर्ण कॉर्पोरेट भारत के लिए सक्रिय रूप से रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि यह पुस्तिका संगठनों को दिव्यांग समावेशन के प्रति अपने दृष्टिकोण को अनुपालन-आधारित से उद्देश्य-संचालित में बदलने में मदद करेगी।

सचिन ने पहले जूते निकाले, फिर किया कोच आचरेकर के स्मारक का अनावरण

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई में कोच रमाकांत आचरेकर के स्मारक के अनावरण पर पहुंचे दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अपने एक कार्य से फैंस का दिल जीत लिया। तेंदुलकर ने कभी इस बात से इंकार नहीं किया है उनके सफल क्रिकेट करियर में कोच आचरेकर का योगदन नहीं था। हर साल गुरु पूर्णिमा पर सचिन अपने दिवंगत कोच को श्रद्धासुमन अर्पित करना नहीं भूलते। इस बार शिवाजी पार्क जिमखाना में जब कोच आचरेकर के स्माकर का अनावरण करने की बारी आई तो वह यह कार्य करने से पहले अपने जूते उतारना नहीं भूले। कोच के सम्मान में सचिन ने पहले जूते उतारे और बाद में स्मारक का अनावरण किया। तेंदुलकर ने कहा कि सर ने ऐसा मौका नहीं लिया। मैच के बाद वह कभी-कभी मुझे वड़ा पाव लेने के लिए पैसे देते थे, इस तरह मुझे लगता था कि मैंने कुछ अच्छा किया होगा। हमेशा ऐसा ही स्नेह होता था। उन्होंने कहा कि हम उनके घर जाते थे। उनकी पत्नी और वो हमें आमंत्रित करते और हमारा पसंदीदा भोजन मटन करी, पाव, नींबू और प्याज था। भारत के कई खिलाड़ियों को कोचिंग देने वाले आचरेकर का जनवरी 2019 में निधन हो गया।

1990 में आचरेकर को प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया और 2010 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। तेंदुलकर ने कहा कि सर एक 'जनरल स्टोर' थे, उनके पास सब कुछ होता था। वह बहुत ख्याल रखते थे। जब हम डॉक्टर के पास जाते थे, तब भी वह स्थितियों को नियंत्रित करते थे। वह एक ऑलराउंडर थे।

'मैं एमएस धोनी से बात नहीं करता, 10 साल हो गए हैं'

- हरभजन सिंह के दावों ने दोनों में दरार की पुष्टि की

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टीम को कई मैच जीतने वाली जोड़ी हरभजन सिंह और एमएस धोनी अलग हो गए हैं। हरभजन का दावा है कि उन्होंने 10 साल से अधिक समय से एक-दूसरे से बात नहीं की है। आखिरी बार हरभजन और धोनी ने एक साथ भारत का प्रतिनिधित्व 2015 में किया था जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय मैच खेला था। वे तीन साल बाद फिर से साथ आए, आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए कुछ सीजन खेले। लेकिन मैदान पर उनकी चर्चाओं को छोड़कर, हरभजन ने एक दशक से अधिक समय से धोनी से बात नहीं की है।

हरभजन ने एक मीडिया हाउस से बातचीत में कहा, नहीं, मैं धोनी से बात नहीं करता। जब मैं सीएसके में खेल रहा था, तब हमने बात की थी, लेकिन इसके अलावा, हमने बात नहीं की। 10 साल से ज़्यादा हो गए हैं। मेरे पास कोई कारण नहीं है; शायद वह करता हो। मुझे नहीं पता कि क्या कारण हैं। जब हम सीएसके में आईपीएल में खेल रहे थे, तब हम बात करते थे, और वह भी मैदान तक ही सीमित थी। उसके बाद वह मेरे कमरे में नहीं आया, न ही मैं उसके कमरे में गया। हरभजन ने युवराज और आशीष नेहरा का नाम लिया जिनसे वह नियमित रूप से संपर्क में रहते हैं। लेकिन जब धोनी की बात आती है, तो हरभजन पीछे हट जाते हैं। उन्होंने कहा, मेरे मन में उनके खिलाफ कुछ नहीं है। अगर उन्हें कुछ कहना है, तो वे मुझे बता सकते हैं। लेकिन अगर उन्होंने कहा होता, तो वे अब तक मुझे बता चुके होते।

भारतीय महिला टीम के सामने ऑस्ट्रेलिया को उसके गढ़ में हराने की कड़ी चुनौती

ब्रिसबेन (एजेंसी)। भारत और ऑस्ट्रेलिया की पुरूष टीमों के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर बनी हाइप के बीच दोनों देशों की महिला क्रिकेट टीमें बृहस्पतिवार से यहां एलेन बॉर्डर फील्ड पर तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी तो हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम की नजरें ऑस्ट्रेलिया में अपना रिकॉर्ड दुरूस्त करके अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों का आगाज करने पर होंगी।

अक्टूबर में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में विफल रही भारतीय टीम ने पिछले महीने न्यूजीलैंड को घरेलू वनडे श्रृंखला में 2-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया की चुनौती हालांकि भारत के लिये हमेशा कठिन रही है जिसने यहां अब तक सोलह वनडे में से चार ही जीते हैं। पिछली बार 2021 में यहां तीन मैचों की श्रृंखला में आस्ट्रेलिया ने भारत को 2-1 से हराया था।

वहीं पिछले करीब 9 महीने से इस प्रारूप में नहीं खेली गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले खुद को आजमाने पर लगी होंगी। भारत की उम्मीदों का दारोमदार हालांकि अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पर रहेगा जिन्होंने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक वनडे में शतक जमाकर भारत को जीत दिलाई। उन पर इस लय को कायम रखते हुए भारत को ठोस शुरुआत देने की जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने पिछले छह वनडे में सत्तर से ऊपर की औसत से 448 रन बनाए हैं।

दूसरी ओर आस्ट्रेलिया को कप्तान एलिसा हीली की कमी खलेगी जो घुटने की चोट के कारण बाहर हैं। यह श्रृंखला आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा है जिसमें आस्ट्रेलिया फिलहाल 18 में से 13 वनडे जीतकर पहले स्थान पर है। इस चैम्पियनशिप से मेजबान भारत के अलावा पांच टीमों को अगले साल होने वाले विश्व कप में स्वत- जगह मिलेगी। हीली की जगह क्वींसलैंड और सिडनी थंडर्स की बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को पदार्पण का मौका दिया गया है। हरफनमौला ताहलिया मैकग्रा टीम की कमान संभालेंगी जिनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निभर करेगा।

मैकग्रा ने कहा, 'भारतीय टीम में कई बड़े खिलाड़ी है। उनके खिलाफ हर मुकाबला कड़ी टक्कर वाला होता है। मैच में कई अहम क्षण होते हैं। हमारे घरेलू मैचों में भी भारतीय टीम को दर्शकों का काफी समर्थन मिलता है। भारतीय टीम को विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया की कमी खलेगी जो महिला बिग बैश लीग के दौरान मेलबर्न स्टार्स के लिये खेलते हुए कलाई की चोट का शिकार हो गई। उनकी जगह टीम में शामिल की गई युवा विकेटकीपर उमा छेत्री अपनी पहली वनडे श्रृंखला में छाप छोड़ना चाहेंगी।

वहीं खराब फॉर्म से जूझ रही शेफाली वर्मा को टीम में जगह नहीं मिल सकी है जिन्होंने अक्टूबर में यूएई में हुए टी टवेंटी विश्व कप में चार पारियों में सिर्फ 97 रन बनाए। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ अहमदाबाद में खेले गए तीन मैचों में भी वह 33, 11, 12 रन ही बना सकी। कप्तान हरमनप्रीत कौर का फॉर्म भी चर्चा का विषय रहा जो आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली वनडे श्रृंखला में तीनों मैचों में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सकी थी। उनकी कप्तानी और बल्लेबाजी को लेकर उठने वाले सवालों का जवाब देने का उनके पास यह सुनहरा मौका है।

विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष की टीम में वापसी हुई है जो परीक्षा के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ नहीं खेल सकी थी। वहीं हरलीन देयोल, टिटास साधू और मिन्नू मनी ने भी टीम में वापसी की है। अनुभवी गेंदबाज पूजा वस्त्राकर को न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रहने के बाद वापसी का मौका नहीं मिला है। भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 3.6 की इकॉनॉमी रेट से गेंदबाजी की और वह इस प्रदर्शन को जारी रखना चाहेंगी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ पदार्पण करने वाली आक्रामक तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने को बेताब होंगी। ऑस्ट्रेलिया ने मार्च के बाद से वनडे क्रिकेट नहीं खेला है जब उसने ढाका में बांग्लादेश को तीनों मैचों में हराकर श्रृंखला जीती थी। पहली बार पूरी श्रृंखला के लिए टीम की कमान संभाल रही मैकग्रा ने कहा, 'यह पहली बार है जब मैं कप्तान के रूप में एक पूरी श्रृंखला खेलूंगी। इससे पहले मैंने किसी श्रृंखला या टूर्नामेंट के कुछ मैचों में इस भूमिका को निभाई है। मैं अपने तरीके से चीजों को चलना चाहूंगी।

आस्ट्रेलिया ने पिछली बार जनवरी में मुंबई में खेली गई श्रृंखला में तीनों मैच जीतकर क्लीन स्वीप किया था। सलामी बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड ने उस श्रृंखला में एक शतक समेत 260 रन बनाए थे। वहीं अनुभवी एलिसे पैरी 4000 वनडे रन पूरे करने से सिर्फ 42 रन दूर है। ब्रिसबेन में मौसम गर्म और उमसभरा रहने की उम्मीद है और बारिश की भी संभावना है। दूसरा मैच आठ दिसंबर को इसी मैदान पर खेला जाएगा जबकि आखिरी मैच पर्थ में ग्यारह दिसंबर को होगा।

टीमें

भारत - हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, उमा छेत्री, हरलीन देयोल, रिचा घोष, तेजल हसाबनिस, मिन्नू मनी, प्रिया मिश्रा, प्रिया पूनिया, अरूंधति रेड्डी, जेमिमा रौड्रिग्स, टिटास साधू, दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर, साइमा ठाकौर, राधा यादव।

ऑस्ट्रेलिया - ताहलिया मैकग्रा (कप्तान), एशले गार्डनर, डार्सी ब्राउन, किम गार्थ, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनू, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, मेगान शट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

समय - सुबह 08.50 बजे से।

आखिरी लीग मैच में यूएई को रौंद सेमीफाइनल में भारत

युद्धजीत ने 3 विकेट झटके, तो वैभव ने 76* और आयुष ने 67* रन की पारी खेली

शारजाह (एजेंसी)। भारतीय जूनियर क्रिकेट टीम अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। उसने अपने आखिरी लीग मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 10 विकेटों के बड़े अंतर से हराया। टीम इंडिया के लिए युद्धजीत ने 3 विकेट झटके, तो वैभव ने 76* और आयुष ने 67* रन की पारी खेली।

भारतीय जूनियर टीम ने भौकाल दिखाते हुए अंडर-19 एशिया कप के आखिरी लीग मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 10 विकेटों के बड़े अंतर से रौंदते हुए न केवल जीत हासिल की, बल्कि उसने सेमीफाइनल में भी जगह बना ली है। टीम इंडिया ने पहले बॉलिंग करते हुए यूएई को 44 ओवरों में 137 रनों पर समेट दिया। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे की विध्वंसक बैटिंग के दम पर 16.1 ओवरों में ही 143 रन बनाते हुए यूएई को 10 विकेट से हरा दिया।

वैभव ने 46 गेंदों में 3 चौके और 6 छक्के के दम पर नाबाद 76 रन की पारी खेली, जबकि प्लेयर ऑफ द मैच आयुष ने 51 गेंदों में 4 चौके और 4 छक्के उड़ाए। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला 6 दिसंबर को श्रीलंका से है। इससे पहले भारत को पाकिस्तान से हार मिली थी, जबकि उसने जापान को हराया था।

मैच में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी संयुक्त अरब अमीरात की टीम को पहला झटका युद्धजीत गुहा ने दिया। उन्होंने आर्यन सक्सेना को 9 रनों के निजी स्कोर पर बोल्ड किया। इसके बाद तो एक-एक करके उसके बल्लेबाज आते रहे और आउट होकर पवेलियन लोटते रहे। देखते ही देखते उसके 5 विकेट 72 तो 137 रनों पर पूरी टीम ढेर हो गई।

उसके लिए सबसे अधिक अयान खान ने 35 रनों की पारी खेली, जबकि भारत के लिए युद्धजीत ने 3 विकेट लिए। चेतन शर्मा और हार्दिक राज के नाम 2-2 विकेट रहे। इस तरह से सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए टीम इंडिया को 138 रनों का आसान लक्ष्य मिला।

138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने 16.1 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। यूएई के गेंदबाज एक भी विकेट नहीं झटक सके। आयुष ने शुरुआत संभलकर की तो शुरुआती दो मैचों में फेल रहने वाले बिहार के लाल वैभव सूर्यवंशी ने आक्रामक तेवर दिखाए। दोनों ने हाफ सेंचुरी जड़ी और भारत को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया।

लंदन में पढ़ी सारा तेंदुलकर को बनाया डायरेक्टर

सचिन तेंदुलकर ने खुद किया बेटी की सफलता का ऐलान

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर और क्रिकेट के विश्व लेवल पर अघोषित ब्रांड एम्बेसडर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर अब नई भूमिका में नजर आएंगी। उन्हें सीधे सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन में डायरेक्टर बनाया गया है। लंदन में पढ़ाई कर चुकी सारा को लेकर पहले खबरें आई थीं कि वह मॉडलिंग और एक्टिंग करेंगी, लेकिन बाद में सचिन ने साफ कर दिया था कि बेटी ऐसा कुछ नहीं करने जा रही। अब उन्होंने खुद ऐलान किया है कि समाज में संघर्ष कर रहे बच्चों को खेल, शिक्षा और स्वास्थ्य में आगे बढ़ाने के लिए काम करेंगी। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले महान सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा- मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मेरी बेटी सारा तेंदुलकर एसटीएफ इंडिया (सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन, इंडिया) में डायरेक्टर के रूप में शामिल हो गई हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन से क्लिनिकल और पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन में मास्टर डिग्री हासिल की है। उन्होंने साथ ही बेटी सारा का एक लक्ष्य भी बताया। उन्होंने लिखा- जब वह खेल, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के माध्यम से भारत को सशक्त बनाने की इस यात्रा पर निकल पड़ीं तो यह इस बात की याद दिलाता है कि ग्लोबल लर्निंग कैसे हर किसी को मिल सकती है। बता दें कि सारा तेंदुलकर मां अंजलि और पिता सचिन के साथ अक्सर फाउंडेशन के लिए काम करती दिखाई देती हैं। वह मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित कई दौरों पर भी जाती रहती हैं, जहां फाउंडेशन काम कर रहा है। यहां बताना जरूरी है कि सचिन तेंदुलकर एक बार की घटना बताते हुए भावुक हो गए थे कि किस तरह सारा को समाज सेवा से प्यार है और इसकी झलक उन्हें बचपन में ही दिख गई थी।

पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में दक्षिण अफ्रीकी टीम की घोषणा, हेनरिक क्लासेन को मिली कप्तानी

जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) (एजेंसी)। बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन 10 दिसंबर से पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी करेंगे जबकि नियमित कप्तान एडेन मार्कराम श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में व्यस्त हैं। मार्कराम के अलावा, मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और ट्रिस्टन स्टब्स भी टी20 सीरीज में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि वे भी मौजूदा टेस्ट सीरीज में शामिल हैं।

मुख्य खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की टी20 टीम में काफी दमदार खिलाड़ी हैं, जिसमें आईसीसी के अनुसार एनरिक नॉर्टजे और तबरेज शम्सी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के बाद पहली बार वापसी कर रहे हैं। ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे भी तीन साल के अंतराल के बाद टी20आई टीम में वापस आ गए हैं, उन्होंने आखिरी बार 2021 में खेला था। लिंडे छ्र ञ्ज20 चैलेंज के दौरान बेहतरीन फॉर्म में थे, उन्होंने 178.12 की स्ट्राइक रेट से 171 रन बनाए और 18.33 की शानदार औसत से नौ विकेट लिए।



आईसीसी के हवाले से दक्षिण अफ्रीका के व्हाइट-बॉल हेड कोच रॉब वाल्टर ने कहा, सभी 15 खिलाड़ी कैप्ड हैं, और हम समूह के भीतर अनुभव का निर्माण करना चाहते हैं क्योंकि हम एक इकाई के रूप में आगे बढ़ना जारी रखते हैं। एडेन की अनुपस्थिति में हेनरिक टीम का नेतृत्व करेंगे। वह एक बहुत अनुभवी खिलाड़ी है जो खेल को अच्छी तरह समझता है और पढ़ता है। हम 2021 में उनके पिछले अनुभवों के बाद उन्हें इस भूमिका में उपयोग करने के लिए उत्सुक हैं।

उन्होंने कहा, हमने जॉर्ज को फिर से मौका दिया है। उन्होंने वास्तव में एक मजबूत घरेलू अभियान के दम पर अपनी जगह बनाई है और स्पिनिंग ऑलराउंडर के रूप में उनके कौशल ने टीम में महत्वपूर्ण संतुलन जोड़ा है। हमें एनरिक और तबरेज को टीम में वापस पाकर खुशी हो रही है। उनके अनुभव और कौशल की भरमार हमारी गेंदबाजी इकाई को काफी मजबूत करती है जिससे हमारी गति और स्पिन दोनों विभाग बेहतर होते हैं, जो एक मजबूत पाकिस्तान टीम के खिलाफ महत्वपूर्ण होगा।

पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम

हेनरिक क्लासेन (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्जके, डोनोवन फेरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, पैट्रिक क्रूगर, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्टजे, नकाबा पीटर, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, एंडिले सिमेलाने और रस्सी वैन डेर डुसेन।

टी20 सीरीज का कार्यक्रम

पहला टी20, 10 दिसंबर, डरबन
दूसरा टी20, 13 दिसंबर, सेंचुरियन
तीसरा टी20 मैच, 14 दिसंबर, जोहान्सबर्ग।

विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप

15 मैच बाकी, अभी तक एक भी टीम फाइनल में नहीं, कड़ी है चुनौती

नईदिल्ली (एजेंसी)। न्यूजीलैंड की इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं।इन दिनों ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत, न्यूजीलैंड बनाम इंग्लैंड, श्रीलंकाई बनाम साउथ अफ्रीका सीरीज चल रही हैं। इन सभी टीमों के मैचों के नतीजे डब्ल्यूटीसी अंक तालिका पर असर डाल रहे हैं। मौजूदा साइकल में अभी 15 टेस्ट बाकी हैं और कोई भी टीम फाइनल में नहीं पहुंची है। रविवार को समाप्त हुए इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट तक के अंकों के आधार पर अंतिम दो स्थानों के लिए अभी भी 6 टीमें रेस में बनी हुई हैं। हालांकि टूर्नामेंट के दौरान अंकों पर टीमों की संभावना को नुकसान भी पहुंचा सकती है। चैम्पियनशिप की शुरुआत टीमों के साथ हुई थी, जिनमें से बांग्लादेश, विंडीज और इंग्लैंड बाहर हो चुके हैं। इन दिनों विंडीज और बांग्लादेश के बीच आपसी श्रृंखला खेली जा रही है, लेकिन उसके नतीजे का असर वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप की अंक तालिका पर नहीं पड़ेगा।

भारत 61.11 प्रतिशत - ऑस्ट्रेलिया से तीन मैच जीतकर टीम इंडिया का जीत प्रतिशत 62.28 हो जाएगा और सिर्फ साउथ अफ्रीका आगे निकलने की स्थिति में रहेगा। यदि टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारती भी है, तो भी लगातार तीसरे फाइनल का मौका बन सकता है। इसके लिए उसे न्यूजीलैंड-इंग्लैंड, अफ्रीका-श्रीलंका और अफ्रीका-पाक सीरीज 1-1 से ड्रॉ होनी चाहिए तथा दुआ करनी होगी कि ऑस्ट्रेलिया-श्रीलंका के बीच दो मैचों की सीरीज 0-0 पर खत्म हो।

अफ्रीका 59.26प्रतिशत - श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट की सीरीज के पहले मैच में मिली जीत से अफ्रीका ने फाइनल की ओर एक और कदम बढ़ा दिया है। अफ्रीकी टीम के तीन मैच बचे हैं। इन सभी को जीतकर टीम निश्चित रूप से फाइनल में होगी। वहीं अफ्रीकी टीम अगर एक मैच भी हार जाती है तो 61.11त्न अंक तक पहुंच सकेगी और फाइनल के लिए अन्य टीमों पर निर्भर हो जाएगी। इतने अंकों पर ऑस्ट्रेलिया, भारत और श्रीलंका के पास उससे आगे निकलने का मौका रहेगा।

ऑस्ट्रेलिया 57.69प्रतिशत - ऑस्ट्रेलिया को अपने दम पर फाइनल में पहुंचने के लिए बचे 6 मैचों में कम से कम 4 जीत और 1 ड्रॉ चाहिए। ऐसा होने पर सिर्फ साउथ अफ्रीका उससे आगे जा सकता है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया अगर भारत के खिलाफ 2-3 से हारता भी है, तो श्रीलंका को 2-0 से स्वीप कर फाइनल में पहुंच सकता है। इस स्थिति में ऑस्ट्रेलिया भारत के 58.77 अंक से आगे 60.53 पर फिनिश करेगा। यहां से सिर्फ साउथ अफ्रीका उसे पछाड़ सकेगा।

न्यूजीलैंड 47.92प्रतिशत - इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट की घरेलू सीरीज के पहले मैच में हार से कीवी टीम को झटका लगा है और बचे दो मैच जीतकर भी वह 55.36 अंक तक पहुंच सकती है। उसे कई परिणामों पर निर्भर रहना होगा। भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज व अफ्रीका-श्रीलंका की मौजूदा और आगामी सीरीज ड्रॉ रहने पर ही चांस बनेगा।

श्रीलंका 50प्रतिशत - श्रीलंका भी दक्षिण अफ्रीका जैसी स्थिति में है। उसके तीन मैच बचे हैं और ये सभी जीतकर टीम 61.54त्न अंकों के साथ फाइनल में पहुंच सकती है। इस स्टेज पर भारत या ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक ही उससे आगे निकलने की स्थिति में होगा। वहीं एक मैच भी हारे तो चार अन्य टीम आगे निकल सकेंगी।

पाकिस्तान 33.33प्रतिशत - पकिस्तान बच्चे सभी 4 मैच जीत लेता है तो 52.28प्रतिशत तक पहुंच सकता है। इसके बाद टीम फाइनल में पहुंच सकती है अगर- श्रीलंकाई टीम अफ्रीका से 0-1 से हारे और ऑस्ट्रेलिया से 1-1 से ड्रॉ खेले। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत से 2-1 से जीते और न्यूजीलैंड टीम इंग्लैंड से 1-2 से हारे। ऐसे में पाक टीम दूसरे स्थान पर रहेगी।

संक्षिप्त खबरें

ढाका में पाकिस्तान के उच्चायुक्त ने खालिदा जिया से की मुलाकात

ढाका। पाकिस्तान के उच्चायुक्त सैयद अहमद मारूफ ने मंगलवार रात बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया से उनके गुलशन स्थित आवास पर मुलाकात की। उनके साथ उनकी पत्नी भी मौजूद थीं। यह मुलाकात रात 8:30 बजे शुरू हुई और लगभग डेढ़ घंटे तक चली। इस दौरान बीएनपी के स्थायी समिति सदस्य प्रोफेसर डॉ. एजेएम जाहिद हुसैन और संगठन सचिव शमा ओबैद भी उपस्थित थे। बीएनपी मीडिया सेल के सदस्य शैरुल कबीर खान ने जानकारी दी कि उच्चायुक्त रात 8:30 बजे खालिदा जिया के आवास पहुंचे और रात 10 बजे वहां से रवाना हुए। बैठक के बाद प्रोफेसर डॉ. एजेएम जाहिद हुसैन ने संवाददाताओं को बताया कि उच्चायुक्त ने बैठक के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बांग्लादेश की स्थापना में जियाउर रहमान के योगदान को रेखांकित किया और बांग्लादेश के साथ पाकिस्तान के संबंधों को नए स्तर पर ले जाने की इच्छा व्यक्त की। उच्चायुक्त ने खालिदा जिया के स्वास्थ्य का हाल-चाल लिया, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और पाकिस्तान के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री की ओर से शुभकामनाएं दीं। खालिदा जिया ने भी उनके संदेशों का आभार व्यक्त किया और अपनी शुभकामनाएं भेजीं। उल्लेखनीय है कि हाल के महीनों में खालिदा जिया से कई विदेशी राजनयिक मुलाकात कर चुके हैं। अगस्त में छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना सरकार के पतन के अगले ही दिन खालिदा जिया को रिहा कर दिया गया था।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बहावलपुर में घर से पांच शव बरामद

बहावलपुर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बहावलपुर शहर के मॉडल एवेन्यू इलाके में एक घर से पति, पत्नी और उनके तीन बेटों के शव मिले हैं। काशिफ बलूच और उसके परिवार के सदस्यों ने आत्महत्या की है, या इन सबकी हत्या की गई है, पुलिस इसका पता लगाने के लिए जांच कर रही है। पुलिस ने कहा कि स्थिति स्पष्ट करने के लिए कमरे में मिली पिस्टल की फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी। एआरवाई न्यूज चैनल की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। यह घटना मंगलवार की है। परिवार की सबसे छोटी बेटी बेहोश मिली है। उसे चिकित्सा देखभाल के लिए अस्पताल ले जाया गया है। बलूच के भाई ने कहा कि उसे विश्वास नहीं हो रहा है कि उनका बड़ा भाई आत्महत्या कर लेगा। पुलिस का कहना है कि मौके पर मिले खून के धब्बों से रहस्य गहरा गया है। मौके पर मिले साक्ष्य जांच का रुख हत्याकांड की तरफ मोड़ रहे हैं। इस घटना से कुछ देर पहले लासबेला ब्रिज के पास दो प्लास्टिक बैग में मानव अवशेष मिले थे। पुलिस इस केस की जांच में जुटी थी कि उसे एक घर में पांच शव पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस का कहना है कि बैग में मानव अवशेष मिलने से इलाके में दहशत फैल गई। अवशेष से शरीर का सिर गायब है।

भारत को प्रयोगशाला बताने पर घिरे गेट्स, हो रही चौतरफा बयानबाजी

वाशिंगटन। माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक बिल गेट्स के बयान ने विवाद खड़ा कर दिया है। विशेष कर भारतीय टिप्पणीकार उन पर भड़के हुए हैं। हाल ही में इंटरनेट उद्यमी, पूंजीपति और पॉडकास्टर रीड हॉफमैन के पॉडकास्ट में प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गज गेट्स ने यह कहकर चौंका दिया था कि ह्यभारत कुछ भी आजमाने के लिए प्रयोगशालाह्न है। अपनी टिप्पणियों से गेट्स का इरादा दरअसल वैश्विक विकास यात्रा में भारत की भूमिका को रेखांकित करना था, लेकिन इन्होंने सोशल मीडिया पर बवंडर खड़ा कर दिया और लोगों ने उन्हें शब्दों के चयन को लेकर आड़े हाथ लिया। पॉडकास्ट के दौरान बिल गेट्स ने कहा, ह्यभारत एक ऐसा उदाहरण है, जहां कई चीजें बहुत मुश्किल होती हैं। स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार हो रहा है।

नेपाली सेना प्रमुख जनरल सिग्देल 11 दिसंबर से भारत के चार दिवसीय दौरे पर

काठमांडू। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के निमंत्रण पर नेपाली सेना के प्रधान सेनापति जनरल अशोक राज सिग्देल 11 दिसंबर को चार दिवसीय भारत यात्रा पर रवाना होंगे। यात्रा के दौरान जनरल सिग्देल को भारतीय सेना के जनरल के मानद रैंक से सम्मानित किया जाएगा, जो दोनों देशों के बीच एक पुरानी परंपरा है। नेपाल के रक्षा मंत्रालय ने प्रधान सेनापति जनरल सिग्देल के भारत भ्रमण के निमंत्रण को औपचारिक स्वीकृति के लिए कैबिनेट में भेज दिया है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के चीन भ्रमण से लौटने के बाद होने वाली कैबिनेट बैठक से इस यात्रा को औपचारिक स्वीकृति दी जाएगी।

दक्षिण कोरिया में 6 घंटे तक रहा मार्शल लॉ, मुख्य विपक्षी पार्टी ने उठाई मांग- इस्तीफा दें राष्ट्रपति यून

प्रात: किरण/ एजेंसी

सोल। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने मंगलवार को देर रात टेलीविजन संबोधन में देश में मार्शल लॉ घोषित कर दिया लेकिन संसद ने सैनिकों के विधानमंडल में घुसने के बावजूद सर्वसम्मति से इस निर्णय को रद्द करने के लिए मतदान किया। योनहाप समाचार एजेंसी (वाईएनए) ने कहा कि राष्ट्रपति द्वारा मार्शल लॉ की घोषणा के साथ गठित सैन्य कमान ने एक आदेश जारी कर सभी राजनीतिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया जिसमें नेशनल असेंबली (संसद) से संबंधित गतिविधियां भी शामिल हैं साथ ही राजनीतिक दलों द्वारा विरोध प्रदर्शन और गतिविधियां भी शामिल हैं। यह आदेश सेना प्रमुख जनरल पार्क अन-सू द्वारा जारी किया गया। उन्हें कमान का नेतृत्व करने के लिए नामित किया गया है। श्री पार्क ने कहा, नेशनल असेंबली, क्षेत्रीय विधानसभाओं, राजनीतिक दलों, राजनीतिक संगठनों के गठन, रैलियों और विरोध प्रदर्शनों से संबंधित सभी राजनीतिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वाईएनए की रिपोर्ट के अनुसार देश के रक्षा मंत्रालय ने प्रमुख कमांडरों की बैठक का आदेश दिया है और सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया है। श्री यून ने टेलीविजन संबोधन में कहा, मार्शल लॉ का उद्देश्य उत्तर कोरिया समर्थक ताकतों को खत्म करना और स्वतंत्रता के संवैधानिक आदेश की रक्षा करना है। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा संसदीय बजट समिति में कम बजट वाले बिल को आगे बढ़ाने और राज्य के लेखा परीक्षक और मुख्य अभियोजक के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करने के बाद यह निर्णय लिया गया। श्री यून ने यह नहीं बताया कि क्या विशिष्ट उपाय किए जाएंगे। उन्होंने संसद में डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा शीर्ष अभियोजकों पर महाभियोग चलाने और बजट प्रस्ताव को अस्वीकार करने के प्रस्ताव का हवाला दिया। उन्होंने विपक्ष की कार्रवाइयों को विद्रोह भड़काने के उद्देश्य से स्पष्ट रूप से राज्य विरोधी व्यवहार करार दिया। उन्होंने आगे दावा किया कि इन कृत्यों ने ह्यराज्य के मामलों को पंगु बना दिया है और नेशनल असेंबली को अपराधियों का अड्डा बना दिया है। उन्होंने मार्शल लॉ को इन बेशर्म उत्तर समर्थक राज्य विरोधी ताकतों को खत्म करने के लिए एक आवश्यक उपाय बताया और लोगों की स्वतंत्रता और सुरक्षा की रक्षा करने, देश की स्थिरता सुनिश्चित करने और भविष्य की पीढ़ियों को एक स्थिर राष्ट्र सौंपने के लिए आवश्यक बताया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार श्री यून की घोषणा के कुछ घंटों बाद सांसदों ने राष्ट्रपति के कदम को रोकने के लिए मतदान किया। सत्ताधारी पार्टी और विपक्ष दोनों ने घोषणा को बाधित करने की कसम खाई थी जबकि सेना संसद भवन में घुस गई थी जबकि कुछ सैन्य वाहन बाहर खड़े थे।

संसद के 300 सदस्यों में से 190 मौजूद थे और सभी 190 सदस्यों ने मार्शल लॉ हटाने की मांग करने वाले प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। संसदीय अध्यक्ष के कार्यालय के अनुसार प्रस्ताव के पारित होने के साथ ही मार्शल लॉ की घोषणा अमान्य हो गई है। संविधान के अनुसार संसदीय बहुमत द्वारा मांग किए जाने पर मार्शल लॉ को हटाया जाना चाहिए। संसद के मुख्य द्वार पर सेना और पुलिस का सामना कर लोग सदन द्वारा प्रस्ताव पारित किए जाने की खबर फैलते ही खुशी से झूम उठे और जश्न मनाने लगे। सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी के प्रमुख हान डोंग-हून ने राष्ट्रपति की मार्शल लॉ की घोषणा को गलत बताया और कहा कि वह लोगों के साथ मिलकर इसे रोकेंगे। डेमोक्रेटिक पार्टी ने श्री यून की घोषणा को असंवैधानिक, जनविरोधी करार दिया।

अमेरिका महसूस कर रहा है राहत

दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ हटने पर व्हाइट हाउस ने दी अपनी प्रतिक्रिया

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ने मंगलवार को यह टिप्पणी की। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, हम राहत महसूस कर रहे हैं कि राष्ट्रपति यून ने मार्शल लॉ की अपनी चिंताजनक घोषणा पर अपना रुख बदला है और इसे समाप्त करने के लिए दक्षिण कोरियाई राष्ट्रीय असेंबली के वोट का सम्मान किया है। अधिकारी ने कहा, लोकतंत्र अमेरिका-दक्षिण कोरिया गठबंधन का आधार है और हम स्थिति पर नजर रखना जारी रखेंगे। मार्शल लॉ हटाए जाने से पहले, प्रवक्ता ने कहा था कि अमेरिका गंभीर रूप से चिंतित है। जबकि उन्होंने यह भी कहा कि वाशिंगटन को यून की आपातकालीन घोषणा के बारे में पहले से सूचित नहीं किया गया था।

प्रात: किरण/ एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका ने दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ हटने के बाद राहत की सांस ली है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि वाशिंगटन इस बात से राहत महसूस कर रहा है कि दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल ने मार्शल लॉ संबंधी घोषणा पर अपना रुख बदला है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ने मंगलवार को यह टिप्पणी की। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, हम राहत महसूस कर रहे हैं कि राष्ट्रपति यून ने मार्शल लॉ की अपनी चिंताजनक घोषणा पर अपना रुख बदला है और इसे समाप्त करने के लिए दक्षिण कोरियाई राष्ट्रीय असेंबली के वोट का सम्मान किया है। अधिकारी ने कहा, लोकतंत्र अमेरिका-दक्षिण कोरिया गठबंधन का आधार है और हम स्थिति पर नजर रखना जारी रखेंगे। मार्शल लॉ हटाए जाने से पहले, प्रवक्ता ने कहा था कि अमेरिका ह्यगंभीर रूप से चिंतित है। जबकि उन्होंने यह भी कहा कि वाशिंगटन को यून की आपातकालीन घोषणा के बारे में पहले से सूचित नहीं किया गया था। बता दें राष्ट्रपति यून सुक-योल ने देश में मंगलवार रात मार्शल लॉ लगाने की घोषणा की थी। हालांकि बुधवार सुबह उन्हें अपना फैसला पलटना पड़ा। मार्शल लॉ करीब छह घंटे तक लागू रहा। राष्ट्रपति यून ने एक टीवी संबोधन में मार्शल लॉ लागू करने की वजहों को जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश की उदारवादी संवैधानिक व्यवस्था को बचाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मार्शल लॉ की उनकी घोषणा का उद्देश्य राज्य विरोधी ताकतों को खत्म करना है। उन्होंने विपक्ष पर सार्वजनिक अधिकारियों के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाकर सरकार को पंगु करने और प्रस्तावित राष्ट्रीय बजट को कम करने का आरोप लगाया। यून की मार्शल लॉ की घोषणा का न सिर्फ विपक्षी पार्टियों ने बल्कि उनकी अपनी सत्ताधारी दल पीपुल्स पावर पार्टी (पीपीपी) ने भी विरोध किया। पीपीपी अध्यक्ष हान दोंग-हून ने ने राष्ट्रपति यून सूक योल से अपील की कि वे अपने उस फैसले की व्याख्या करें, जिसमें उन्होंने आपातकालीन मार्शल लॉ घोषित किया था। हान ने नेशनल असेंबली में कहा, राष्ट्रपति यून को इस विनाशकारी स्थिति के बारे में सीधे तौर पर बताना चाहिए और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी जवाबदेही देनी चाहिए, जिसमें मार्शल लॉ का प्रस्ताव देने वाले रक्षा मंत्री को तत्काल बर्खास्त करना भी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राष्ट्रपति यून सुक-योल पीपुल्स पावर की लोकप्रियता रेटिंग लगातार कम हो रही है। उनकी पत्नी भी कुछ कथित घोटालों और विवादों से जुड़ी रही हैं।

बीआरआई पर चीन ने नेपाल के प्रस्ताव को किया खारिज

प्रधानमंत्री का चीन भ्रमण पूरी तरीके से बीआरआई के कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर और पोखरा विमानस्थल के निर्माण में लिए गए ऋण की माफी पर टिकी हुई थी। लेकिन दोनों में से एक पर भी चीन के राजी नहीं होने से फिलहाल मामला लटक गया है। नेपाल की मीडिया में इसे प्रधानमंत्री ओली और विदेश मंत्री डॉ आरजू राणा की कूटनीतिक विफलता बताया जा रहा है।

प्रात: किरण/ एजेंसी

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के चीन भ्रमण के बाद दोनों देशों ने एक साझा वक्तव्य जारी किया है। इस वक्तव्य में बहुचर्चित बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव फ्रेमवर्क एग्रीमेंट को यथाशीघ्र करने की बात लिखी गई है। इसका अर्थ यह हुआ कि प्रधानमंत्री ओली के इस भ्रमण में बीआरआई के कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना तत्काल के लिए समाप्त हो गई है।

प्रधानमंत्री का चीन भ्रमण पूरी तरीके से बीआरआई के कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर और पोखरा विमानस्थल के निर्माण में लिए गए ऋण की माफी पर टिकी हुई थी। लेकिन दोनों में से एक पर भी चीन के राजी नहीं होने से फिलहाल मामला लटक गया है। नेपाल की मीडिया में इसे प्रधानमंत्री ओली और विदेश मंत्री डॉ आरजू राणा की कूटनीतिक विफलता बताया जा रहा है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात और प्रधानमंत्री ली कियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान तो इन मुद्दों की कोई चर्चा नहीं हुई। इन दोनों ही मुलाकातों के बाद दोनों पक्ष के तरफ से जारी अलग-अलग बयान में कहीं भी बीआरआई और पोखरा एयरपोर्ट को लेकर कोई भी जिक्र नहीं किया गया है। मंगलवार को देर रात दोनों देशों के विदेश मंत्रालय के तरफ से जारी संयुक्त वकतव्य में बीआरआई के फ्रेमवर्क पर प्रतिबद्धता जताते हुए यथाशीघ्र हस्ताक्षर करने की बात कही गई है। इसके अलावा नेपाल के तरफ से प्रस्तावित अन्य परियोजनाओं को भी संयुक्त वकतव्य में स्थान तो दिया गया है लेकिन उनके एक भी नया कुछ नहीं है। जिन परियोजनाओं का जिक्र संयुक्त वकतव्य में रखा गया है वो 2017 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेपाल दौरे के समय भी रखा गया था। चीन के तरफ से नेपाल को 9 अरब रुपये का अनुदान देने की घोषणा फिर से की है। लेकिन नेपाल में यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग के नेपाल भ्रमण के दौरान घोषणा किए गए 56 अरब रुपये का अब तक कोई खोज खबर नहीं है। ऐसे में एक बार फिर से घोषणा किए गए 9 अरब रुपये की घोषणा के कोई मायने नहीं है।

इस्लामाबाद में पीटीआई के हिंसक विरोध प्रदर्शन की संघीय सरकार ने जांच शुरू कराई

प्रात: किरण/ एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की संघीय सरकार ने पिछले दिनों इस्लामाबाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की जांच शुरू कर दी है। संघीय सरकार ने जांच के लिए टास्क फोर्स का गठन किया है। टास्क फोर्स प्रदर्शन के दौरान अर्धसैनिक बलों और पुलिस अधिकारियों की मौत के लिए जिम्मेदार दंगाइयों की पहचान करेगी। डॉन समाचार पत्र के अनुसार प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के कार्यालय ने बताया है कि मंगलवार को टास्क फोर्स की बैठक प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने टास्क फोर्स के अधिकारियों को उन प्रदर्शनकारियों को दंडित करने के लिए सभी उपाय करने का निर्देश दिया, जिन्होंने कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मियों को मार डाला और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। पीएमओ के अनुसार प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि देश में एक दंगा विरोधी बल और एक अत्याधुनिक फॉरेंसिक लैब की स्थापना की जाएगी। इस्लामाबाद को सेफ सिटी के रूप में अपग्रेड किया जाएगा। प्रधानमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि दंगाइयों की पहचान तेजी से की जा रही है।

गाजा युद्ध विराम के लिए मध्यस्थता कोशिशें क्यों हैं स्थगित? कतर ने बताई वजह

प्रात: किरण/ एजेंसी

दोहा। कतर ने कहा कि हमास और इजरायल के बीच युद्ध विराम के लिए मध्यस्थता के प्रयास फिलहाल स्थगित रहेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद बिन मोहम्मद अल अंसारी ने यह जानकारी दी। अंसारी ने मंगलवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, कतर ने दोनों पक्षों के वार्ता की मेज पर लौटने के लिए गंभीरता दिखाने तक मध्यस्थता प्रयासों को स्थगित रखा है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अंसारी ने कहा कि निलंबन ह्यकेवल मध्यस्थता प्रक्रिया पर ही लागू होता है, जबकि क्षेत्रीय संचार और सहयोग निरंतर जारी है। मध्यस्थता के निलंबन के बावजूद, अल अंसारी ने गाजा के लिए तनाव कम करने और मानवीय सहायता के लिए कतर की निरंतर प्रतिबद्धता जोर दिया। उन्होंने कहा, अधिकारी अपने समकक्षों के साथ दैनिक संचार में लगे हुए हैंगाजा में जरूरतमंद लोगों को मदद पहुंचाने और लेबनान में चल रहे तनाव कम करने में सहायता करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। 7 अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीनी ग्रुप हमास ने इजरायल में बड़ा हमला किया था। हमास के हमले में करीब 1200 लोग मारे गए थे जबकि 250 से अधिक लोगों को बंधक बनाया गया था। इसके बाद यहूदी राष्ट्र ने फिलिस्तीनी ग्रुप के कब्जे वाली गाजा पट्टी में सैन्य अभियान शुरू किया था। इजरायली हमलों ने गाजा में बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है और हजारों फिलिस्तीनियों की मौत हुई है। इजरायल-हमास युद्ध को शुरू हुए एक साल से भी अधिक समय हो चुका है। इस दौरान एक संक्षिप्त संघर्षविराम हुआ जिसमें लगभग 105 बंधकों को रिहा किया गया था। कुछ बंधकों को इजरायली सैनिकों ने भी बचाया। बाइडेन प्रशासन पिछले साल से इजरायल और कतर तथा मिस्र सहित अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों के साथ संघर्ष विराम समझौते पर काम कर रहा है, जिसमें बंधकों की रिहाई भी शामिल है। पिछले महीने मिस्र में मध्यस्थों की बैठक के बाद संघर्ष विराम समझौते के प्रयासों में रुकावट आई।

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमले के बीच अमेरिका ने मौलिक स्वतंत्रता के सम्मान का आह्वान किया

वाशिंगटन,एजेंसी। अमेरिका ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमलों के बीच धार्मिक और आधारभूत मानवाधिकारों सहित मौलिक स्वतंत्रता के सम्मान का आह्वान किया। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर हमलों को लेकर भारत लगातार चिंता व्यक्त कर रहा है। विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने संवाददाताओं से कहा, हम इस बात को लेकर स्पष्ट हैं कि मौलिक स्वतंत्रता का सम्मान होना चाहिए। पटेल ने कहा, सरकारों को कानून के शासन का सम्मान करने की आवश्यकता है, उन्हें आधारभूत मानवाधिकारों का सम्मान करने की आवश्यकता है। हम इस बात पर हमेशा जोर देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का विरोध शांतिपूर्ण होना चाहिए। पटेल ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम इस बात पर बल देते हैं कि हिरासत में लिए गए लोगों को भी उचित प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए और उनसे अधारभूत मौलिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के अनुरूप व्यवहार किया जाना चाहिए। इस बीच, अमेरिकी सांसद ब्रैड शरमन ने एक बयान में कहा, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का यह पूर्ण दायित्व है कि वह हिंदू अल्पसंख्यकों की रक्षा करे और हाल में हुए हमलों तथा उत्पीड़न के कारण हजारों अल्पसंख्यक हिंदुओं के विरोध प्रदर्शनों का सार्थक रूप से समाधान करे।

अनुरोध वकीलों ने दलील दी कि इस मामले को जारी रखने से राष्ट्रपति पद की संस्था में असंवैधानिक व्यवधान उत्पन्न होगा।

ट्रंप के वकीलों ने न्यायाधीश से घूस के आरोपों में उनकी दोषसिद्धि को खारिज करने का अनुरोध किया

नई दिल्ली, एजेंसी



न्यूयॉर्क (अमेरिका)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वकीलों ने सोमवार को एक न्यायाधीश से औपचारिक रूप से अनुरोध किया कि वे उनके (ट्रंप के) खिलाफ रिश्वत के एक आपराधिक मामले को खारिज कर दें। वकीलों ने दलील दी कि इस मामले को जारी रखने से राष्ट्रपति पद की संस्था में असंवैधानिक व्यवधान उत्पन्न होगा। इस अनुरोध से संबंधी दस्तावेज मंगलवार को सार्वजनिक किए गए, जिसमें ट्रंप के वकीलों ने मैनहट्टन के न्यायाधीश जुआन एम. मर्चेन को बताया कि मामला खारिज करना उचित होगा क्योंकि ह्यह्यपांच नवंबर, 2024 को अमेरिकी लोगों ने भारी बहुमत से ट्रंप को राष्ट्रपति चुनने का जनादेश दिया है। उन्होंने निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा अपने बेटे हंटर बाइडन को हाल में क्षमादान देने का भी हवाला दिया, जिन्हें कर और बंदूक संबंधी अपराधों में दोषी ठहराया गया था। ट्रम्प की कानूनी टीम ने लिखा, राष्ट्रपति बाइडन ने दावा किया कि उनके बेटे पर अनुचित तरीके से मुकदमा चलाया गया और उनके साथ अलग व्यवहार किया गया। उन्होंने दावा किया कि मैनहट्टन के जिला अटॉर्नी उसी तरह के राजनीतिक हथकंडे का हिस्सा बने जिसकी राष्ट्रपति ाइडन ने निंदा की थी। अभियोजकों के पास जवाब देने के लिए नौ दिसंबर तक का समय है। उन्होंने कहा है कि वे मामले को खारिज करने के किसी भी प्रयास का विरोध करेंगे, लेकिन उन्होंने 2029 में ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के समाप्त होने तक सजा को टालने की इच्छा जताई है। सोमवार को दायर अपने दस्तावेज में ट्रंप के वकीलों ने ट्रंप के पद से हटने तक सजा को टालने के विचार को हास्यास्पद सुझाव बताकर खारिज कर दिया। पिछले महीने ट्रंप की चुनावी जीत के बाद मर्चेन ने कार्यवाही रोक दी और उनकी सजा को अनिश्चित काल के लिए टाल दिया, जो पहले नवंबर के अंत में तय की गई थी ताकि बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष मामले के भविष्य पर विचार कर सकें। उन्होंने कानूनी कार्रवाई से छूट के आधार पर मामले को खारिज करने के ट्रंप के पहले के प्रयास पर भी फैसला टाल दिया था। ट्रंप कई महीनों से 34 मामलों में अपनी सजा को पलटने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं।

ट्रंप की टीम ने नियुक्तियों के संदर्भ में पृष्ठभूमि जांच के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए

वाशिंगटन। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सत्ता हस्तांतरण टीम ने न्याय विभाग के साथ एक समझौता किया है, जिससे न्याय विभाग के लिए आगामी ट्रंप प्रशासन द्वारा नामित व्यक्तियों की पृष्ठभूमि की जांच करने और उनकी सुरक्षा जांच प्रक्रिया शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। समझौता ज्ञापन पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए गए। यह ऐसे समय में हुआ है जब सरकार में शीर्ष पदों के लिए ट्रंप के कुछ पसंदीदा नामित व्यक्तियों को लेकर विवाद है। मंगलवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप के प्रशासन में सेवा देने के उद्देश्य से वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति की तैयारी का यह अगला चरण है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप की चीफ ऑफ स्टाफ सूसी विल्स ने कहा, न्याय विभाग (डीओजे) के साथ यह समझौता सुनिश्चित करेगा कि राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी टीम पहले दिन से ही अमेरिका प्रथम के एजेंडा को लागू करने के लिए तैयार रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129